रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,224.75 | +218.14 |
| डॉलर | 84.061 | -0.006 |


रांची सर्राफा

| 10 ग्राम | 01 किलो |
|---|---|
| ₹76,970 | ₹1,03,000 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



कार्तिक कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 255, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 निजी उद्योग रक्षा क्षेत्र में आगे बढ़कर...

## झारखंड विधानसभा चुनाव : एनडीए में सीटों का बंटवारा, भाजपा 68, आजसू 10, जदयू 02 और लोजपा 01


# राजग ने ली बढ़त, हेमंत खेमे में हलचल तेज

**संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिस्व सरमा, बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी ने की घोषणा**

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद शह-मात के मनोवैज्ञानिक खेल में राजग बढ़त लेती दिख रही है। भाजपा ने दावा किया था कि चुनाव की घोषणा के महज 48 घंटे के अंदर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। यह तो नहीं हुआ लेकिन शुक्रवार को राजग गठबंधन के सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी गई। भाजपा और आजसू ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि राज्य में भाजपा 68, आजसू 10, जदयू दो और लोजपा एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि कौन दल किस सीट से लड़ेगी। वहीं इंडी गठबंधन में जमीनी स्तर पर सीट बंटवारे को लेकर बात अभी चल ही रही है। शनिवार को राहुल गांधी के रांची पहुंचने पर राजद नेता तेजस्वी की मौजूदगी में इस मामले में अंतिम वार्ता होगी। फिर इसकी घोषणा रविवार को नई दिल्ली में होने की बात कही जा रही है।

इधर भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राजग की एकता दिखाने झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री व चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी सहित अन्य नेता मौजूद रहे। गुरुवार की शाम लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान की बात दिल्ली में हिमंता बिस्व सरमा से हो गई थी।




## बेटी, माटी, रोटी और नौजवान को सुरक्षित करना हमारा उद्देश्य : शिवराज

मौके पर शिवराज ने कहा कि झारखंड में भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा मिलकर चुनाव लड़ेंगे। देश में एनडीए की सरकार है। शक्तिशाली भारत का निर्माण मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। केंद्र की मोदी सरकार विकास और सुशासन का प्रतीक है। इंडिया गठबंधन की सरकार झारखंड को तबाही के रास्ते पर ले गई है, हमारी कोशिश है यहां कि बेटी, माटी, रोटी और नौजवान सुरक्षित रहें।

**आजसू को मिली सीटें**  सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, ईचागढ़, मांडू, जुगसलाई, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा और मनोहरपुर।

**जदयू को मिली सीटें**  तमाड़ और जमशेदपुर पश्चिमी

**एलजेपी** चतरा 

### भाजपा को मिली सीटें जहां 13 नवंबर को पड़ेंगे वोट

कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जमशेदपुर पूर्वी, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर।

### भाजपा को मिली सीटें जहां 20 नवंबर को पड़ेंगे वोट

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, व खिजरी।

### राज्य में 44 सीटें अनारक्षित, 28 एसटी रिजर्व सीटें

झारखंड विधानसभा की कुल 81 सीटों में से 44 सीटें अनारक्षित हैं 28 सीटें एसटी और 9 सीटें एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक झारखंड में इस समय 2.6 करोड़ मतदाता हैं।

## पहले दिन 3 प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे



- प्रथम चरण के चुनाव के लिए 25 तक होगा नामांकन
- सवा करोड़ रुपये के अवैध सामान और नकदी जब्त

**रांची।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को कुल तीन उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। प्रथम चरण में राज्य की कुल 43 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने निर्वाचन सदन, धुर्वा में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि जमशेदपुर पश्चिमी, रांची और कांके विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा है। प्रथम चरण के चुनाव के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन होगा। नामांकन अवकाश के दिन को छोड़कर प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक सवा करोड़ रुपये के अवैध सामान और नकदी की जब्ती की गयी है। शेष पेज 11 पर

## पहले चरण की अधिसूचना जारी

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य की 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर और दूसरे चरण का 20 नवंबर को होगा। वहीं, 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आयेंगे। झारखंड में पहले चरण के तहत 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गयी। इसके साथ प्रत्याशियों के नॉमिनेशन (नामांकन) की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस बार नामांकन पत्र ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में भरे जा सकेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालयों में प्रत्याशी सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नॉमिनेशन करा सकते हैं। प्रत्येक प्रत्याशी के साथ अधिकतम चार व्यक्ति आरओ चैंबर के अंदर प्रवेश कर पायेंगे। उम्मीदवार यदि रजिस्टर्ड पार्टी का है तो उसके लिए एक मतदाता प्रस्तावक होगा जबकि निर्दलीय और गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी के साथ दस प्रस्तावक होने चाहिए। आरओ कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक प्रत्याशी तीन से अधिक वाहन नहीं ला सकते हैं। उम्मीदवार के लिए प्रदेश की किसी भी विधानसभा मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है।

### पहले चरण में इन सीटों पर वोटिंग

कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा सीट शामिल हैं।

### उम्मीदवारों को क्या करना है

- उम्मीदवार अपने नये बैंक अकाउंट से चुनाव के सभी लेन-देन का काम करेंगे।
- चुनाव का हिसाब-किताब रखने के लिए एक खर्च रजिस्टर उम्मीदवार के पास और एक निर्वाचन कार्यालय में रखा जायेगा।
- एक प्रत्याशी 40 लाख रुपये इस चुनाव में खर्च कर सकता है।
- नामांकन के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार को दस हजार व एसटी एससी को पांच हजार जमा करवाने होंगे।

शेष पेज 11 पर

### झारखंड में दो चरण में होंगे चुनाव



| | पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|---|
| अधिसूचना | 18 अक्तूबर | 22 अक्तूबर |
| नामांकन | 25 अक्तूबर | 29 अक्तूबर |
| नामांकन की जांच | 28 अक्तूबर | 30 अक्तूबर |
| नाम वापसी | 30 अक्तूबर | 01 नवंबर |
| मतदान | 13 नवंबर | 20 नवंबर |

कुल सीटें 81 | बहुमत 41

नतीजे 23 नवंबर

# पलामू में नक्सलियों के ठिकाने से 994 कारतूस और राइफल बरामद

- विधानसभा चुनाव में सुरक्षा बलों को टारगेट करने की थी तैयारी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और सुरक्षाबलों की ओर से चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान शुक्रवार को पलामू में कारतूस का जखीरा और पुलिस से लूटी गई एक राइफल बरामद की गई। बरामद कारतूसों की संख्या 994 है और ये अमेरिका और सर्बिया की कंपनियों द्वारा बनाए गए हैं। पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बरामद कारतूस और हथियार माओवादी नक्सलियों के हैं।

माना जा रहा है कि नक्सलियों द्वारा इसका इस्तेमाल चुनावी प्रक्रिया के दौरान आतंक फैलाने और पुलिस एवं सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाना था। उन्होंने बताया कि बिहार की सीमा से सटे पलामू जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में झरना पहाड़ के पास नक्सलियों द्वारा हथियार और गोली जमीन में गाड़ कर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर उन्होंने छतरपुर के एसडीपीओ अवध किशोर यादव, अंचल निरीक्षक द्वारिका राम, पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार की अगुवाई में ऑपरेशन के लिए टीम गठित की, जिसने सघन सर्च अभियान चलाकर पहाड़ की तराई के पास से एक प्लास्टिक के झोले में छिपाकर रखा पैकेट बरामद किया। उसमें 0.22 एमएम के 914 कारतूस और 60 अन्य हथियारों के कारतूस मिले। उसी स्थान से प्वाइंट 303 मैगजीन एवं बोल्ट लगी राइफल भी बरामद की गई। यह राइफल संभवतः पुलिस से लूटी गई है।

### सारंडा में आईईडी ब्लास्ट में एक ग्रामीण की मौत

**चाईबासा ।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सलियों के गढ़ सारंडा के जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाया गया आईईडी ब्लास्ट कर गया। इस आईईडी विस्फोट में एक ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण की पहचान 41 वर्षीय सुनील सुरीन के रूप में हुई है। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए इसे पहले से ही लगाया था। लेकिन एक ग्रामीण इसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। शेष पेज 11 पर

### पुतिन के निमंत्रण पर ब्रिक्स समिट में भाग लेने रूस जायेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22-23 अक्टूबर को रूस का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री ग्रुप मेंबर्स के नेताओं और अन्य आमंत्रितों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। यह इस साल प्रधानमंत्री मोदी की रूस की दूसरी यात्रा है। ग्रुप के नौ सदस्यों तक विस्तार होने के बाद यह पहला शिखर सम्मेलन है। मिस्र, ईरान, इथियोपिया और यूएई इस साल दक्षिण अफ्रीका में 2023-समिट में सदस्यता की पेशकश के बाद ग्रुप में शामिल हुए थे। अर्जेंटीना और सऊदी अरब को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन सरकार बदलने के बाद अर्जेंटीना ने मना कर दिया, जबकि सऊदी अरब ने अभी तक जवाब नहीं दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्टूबर को रूस की यात्रा करेंगे।

# विस चुनाव में जीत का आशीर्वाद लेने कुलदेवी के दरबार पहुंचे मुख्यमंत्री

## मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन भी हैं सीएम हेमंत के साथ



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन बेहतर हो और पूर्ण बहुमत की सरकार दोबारा बने इसके लिए राजनीति के दांव के साथ-साथ ईश्वर का आशीर्वाद भी जरूरी है। इसी कामना के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन मां रूपी सोरेन के साथ शुक्रवार की शाम अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी कुलदेवी के दरबार में मत्था टेका और विधानसभा में जीत का आशीर्वाद मांगा। विदित हो कि मुख्यमंत्री के परिवार में जब भी कोई शुभ कार्य होता है तो सबसे पहले कुलदेवी की पूजा अर्चना की परंपरा रही है। इससे पहले भी कई बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कुलदेवी की पूजा करने के लिए नेमरा गांव आ चुके हैं। चुनाव के इस महापर्व की शुरुआत भी उन्होंने कुलदेवी की पूजा कर किया है।

**इंडिया**

# जबरन सेवा को तत्पर नेताओं का हृदय नहीं ब्रांड बदलना



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

समय के हिसाब से सबकुछ बदलता है जिसमें सबसे ज्यादा दिखने वाला बदलाव हमें दिखता है और बहुत से बदलाव हमें याद नहीं रहते और यही भारतीय राजनीति की नींव है।वर्तमान राजनीति में पहले प्रचलित हृदय परिवर्तन शब्द का प्रयोग नहीं होता पर 'चुनाव के पहले टिकट कटने पर पाला बदलने वाले नेता नई पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर और पार्टी जो निर्णय करेगी स्वीकार होगा' बयान सभी नेता देते हैं पर टिकट नहीं मिलने पर तुरंत स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में खड़े होकर मजाक के पात्र तक बन जाते हैं । स्पष्ट है कि राजनीति अब कुछ लोगों के लिए सेवा नहीं व्यवसाय का रूप ले चुकी है और मंत्री पद अवसर ।आज से लगभग 50 वर्ष पहले चुनाव प्रचार के तरीके तो अलग थे और प्रचार पर होने वाले खर्च भी काफी कम थे। क्योंकि समाजसेवी नेताओं के पीछे भीड़ थी, लेकिन आज जातीय या धार्मिक भीड़ के पीछे नेता दिखते हैं। पहले किसी भी राजनैतिक पद के लिए चुनाव होता था तो उम्मीदवार की छवि और उसके कार्यों को देखते हुए लोग खुद उनके साथ जुड़ जाते थे। अब उम्मीदवारों को अपनी पहुंच दिखने के लिए खुद भीड़ जुटानी पड़ती है। उसके बाद भी जीत उम्मीदवार की होगी या नहीं ये सोशल मीडिया से लेकर पीआर एजेंसी के फैलाए झूठे या भ्रामक तथ्यों तक पर निर्भर है। पहले चुनाव प्रचार के साधन आज की बजाय काफी कम थे। लोग प्रचार के लिए बड़े शहरों से जीप मंगवाते थे। कुछ सम्मानित लोग ही शहर व गांवों में जाकर लोगों से वोट की अपील करते थे जिसमें जातीय या धार्मिक आधार नहीं हुआ करता था और कोई कोई ऐसा करता था तो उसकी चर्चा होती थी । आज पूरी बेशर्मी से ताल ठोककर जातीय और धार्मिक आधार पर वोट मांगे जाते हैं और जो नेता ऐसे संगठनों के साथ फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर डलवाता है उसके पास लोग मंडराने लगते हैं ताकि वह जीत जाए तो फायदा उठाया जा सके । झारखंड या महाराष्ट्र में अभी की चुनाव-पूर्व की इस अवधि को लोकतंत्र का नृत्य या लोकतंत्र का तमाशा कुछ लोग कह रहे हैं। बीसियों बरस से जिस पार्टी का विरोध करते कोई नेता शीर्ष पर पहुंचे और टिकट नहीं मिलने या बेहतर भविष्य के लिए उसी में शामिल हो जाए तो वह अपने मतदाताओं को कैसे समझा पाता है यह एक कला या शिल्प से कम कम नहीं है । संभवतः यही कारण है कि लोग वोटिंग से विमुख हो रहे हैं क्योंकि उन्हें खुद को ठगा हुआ महसूस होता है । यह सुनिश्चित करने की भी कोई गारंटी नहीं है कि जिस व्यक्ति को हम वोट देते हैं वह उस पार्टी की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता रहे जिससे वह चुनाव लड़ते समय जुड़ा था भले ही कुछ लोग किसी व्यक्ति को वोट देते हैं भले ही वह किसी भी पार्टी से जुड़ा हो। लेकिन अगर पार्टी बदलने के खेल के बाद निराशा मतदाताओं तक पहुँचती है तो आश्चर्य नहीं होता क्योंकि लोग इससे बिल्कुल भी वोट नहीं देने का विकल्प नोटा चुनते हैं । विदेशों की बात करें तो लैरी स्पीयर्स ने सर्वेंट लीडरशिप इन एक्शन पुस्तक में लिखा है कि सुनना एक सेवा भाव वाले नेता की दस प्रमुख विशेषताओं में से एक है। सुनने में जो कहा जाता है और जो नहीं कहा जाता है, उस पर ध्यान देना, समूह की इच्छा को पहचानना, नेता की अपनी आंतरिक आवाज़ को सुनना और उस इनपुट को एक स्पष्ट कार्य योजना में शामिल करना शामिल है। मैं के बजाय सामूहिक हम बोलकर अपनी टीम पर ध्यान केंद्रित करते हैं । सेवक नेता जानते हैं कि नेतृत्व उनके बारे में नहीं है; यह दूसरों के बारे में है। आधुनिक सेवक नेता आंदोलन के जनक रॉबर्ट के ग्रीनलीफ़ का मानना है कि सेवक नेता का उद्देश्य पहले सेवा करना है, और सेवा करने की उस इच्छा से नेतृत्व करने का सचेत निर्णय उत्पन्न होता है। सेवक नेता दूसरों के कल्याण, योगदान और स्वायत्तता को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होते हैं, न कि खुद के लिए प्रसिद्धि, ध्यान या स्थिति हासिल करने के लिए। उनका ध्यान हम पर होता है , मैं पर नहीं ।चूंकि सेवाभाव से नेतृत्व का मतलब दूसरों के लिए सबसे अच्छा काम करना और उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने में उनकी मदद करना है, इसलिए सेवक नेता अपने अनुयायियों को सही मार्गदर्शन से दिशा और समर्थन प्रदान करने के लिए अपनी नेतृत्व शैली को अनुकूलित करते हैं। कोई एक सर्वोत्तम नेतृत्व शैली नहीं है। यदि कोई व्यक्ति किसी कार्य में नया है, तो नेता यह सिखाने के लिए उच्च स्तर की दिशा प्रदान करता है कि कैसे, क्या, कहाँ, कब और क्यों करना है ।यदि पड़ोसी बिहार के अंदाज में जातीय संगठनों को झारखंड में उचित मान लिया जाए तो भी भाव सेवा का हो न कि व्यवसाय का कमाने का।



# डायरिया से शिकारीपाड़ा में तीन की मौत, दो गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** उप राधानी दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के सोनाढाब गांव में महामारी फैल गई है। बीते तीन दिनों में तीन महिलाओं की मृत्यु डायरिया हो गई है जबकि दो की हालत गंभीर बताई जाती है, जिन्हें दुमका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर किया गया है। मेडिकल टीम के साथ शुक्रवार को हल्की झड़प होने के पश्चात अंचल अधिकारी शिकारीपाड़ा कपिलदेव ठाकुर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह एवं पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसकी पुष्टि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा के चिकित्सा डॉक्टर गौरव भीम मुर्मू ने की है। ग्रामीण बबलू हेंब्रम का कहना है कि हम लोगों के टोला में एक भी चापाकल नहीं है। कुआं का दूषित पानी पीने को लोग विवश हैं, जिसके कारण लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं। लोगों की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। अभी तक मरने वालों में चीतामुनि हेंब्रम (35), वाहामुनि मुर्मू (23), लुखी मरांडी (33) हैं जबकि दुर्गी हांसदा और सुमी सोरेन को रेफर किया गया है। सभी सोनाढाव गांव के रहने वाले हैं। मौके पर पहुंचे बीडीओ एजाज आलम ने बताया कि तीन दिनों में तीन की मौत हुई है। मेडिकल टीम लगातार गांव पहुंच रही है। वर्तमान समय में ग्रामीणों को समझा बुझा दिया है। यहां पर मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक डॉक्टर गौरव भीम मुर्मू मौके पर मेडिकल की टीम के साथ पहुंचकर दवा का वितरण कर रहे हैं।

# निर्वाचन प्रभावित करने वालों पर रखें पैनी नजर : के. रवि कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में केवल कैश ही नहीं, अपितु अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है। इन सभी गतिविधियों पर सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्रवाई करें। सभी प्रत्याशियों को सामान अवसर प्रदान करने एवं राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। वह शुक्रवार को राज्य के सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि आरबीआई के पदाधिकारी सभी संदिग्ध लेनदेन एवं बल्क ट्रांजेक्शन पर ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध लेनदेन की सूचना मुख्यालय से साझा करते हुए बैंक एकाउंट को सीज करें। उन्होंने यातायात, वन विभाग, एयरपोर्ट आथोरिटी, मद्य निषेध विभाग, ईडी, कस्टम विभाग, आयकर विभाग आदि के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मुस्तैदी से कार्य करते हुए अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में कई प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन हेतु कई तरह की वस्तुओं को बंटा जाता है, इसपर कड़ी नजर रखें। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब, ड्रग्स आदि के आवागमन की संभावना है। इन सभी अवैध सामग्री के आवागमन पर नजर रखने हेतु सभी सीमावर्ती राज्यों एवं जिलों में निर्मित चेकपोस्टों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जानी है, जिसकी मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय एवं राज्य स्तर से वेबकास्टिंग के मध्यम से की जा रही है।

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी




**रांची।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार और शनिवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम रांची में दो दिवसीय कला महोत्सव 'आर्ट-81' का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन करेंगे। आर्ट फेस्टिवल में पूरे देश के अलग-अलग स्थानों, मसलन नेपाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा आदि के इक्यासी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार, युवा और विद्यार्थी आदि भी शामिल हैं। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के .रवि कुमार ने कहा कि आप सभी कला प्रेमियों के माध्यम से सभी वोटरों को कनेक्ट करना आर्ट फेस्टिवल का उद्देश्य है। कला के माध्यम से हमारे युवा मतदाताओं को एक संदेश भी देना है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि समय के साथ झारखंड में वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है और हम निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। अलग-अलग राज्यों से आए कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके बेहतरीन स्लोगन और कला को हम अपने चुनाव जागरूकता अभियान में भी शामिल करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सपरिवार इस कार्यक्रम में आकर शिरकत करें। आम आगंतुक अपने मतदाता जागरुकता से संबंधित संदेश/स्लोगन रिकार्ड करा सकते हैं। उनमें से चयनित किए गए संदेशों, स्लोगनों का उपयोग स्वीप कार्यक्रमों में किया जा सकेगा। प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाना है।

विस चुनाव को लेकर पुलिस महानिरीक्षक ने की बैठक, कहा

## सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों पर रखें नजर



**रांची।** आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारी के मद्देनजर आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी एवी होमकर ने शुक्रवार को राज्य में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान आईजी अभियान ने पदाधिकारियों को कई निर्देश भी दिये। बैठक में होमकर ने लंबित वारंट, कुर्की के निष्पादन की स्थिति, निरोधात्मक कार्रवाई, हिस्ट्री शीटर, सक्रिय अपराधियों तथा अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करना एवं उनके विरूद्ध की जा रही कार्रवाई, अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय किये जाने, अवैध मादक पदार्थों, अवैध हथियार, अवैध शराब तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान की स्थिति पर चर्चा की। साथ ही आईजी अभियान ने आगामी विधानसभा आम चुनाव के दौरान प्रतिनियुक्ति किये जाने वाले सीएपीएफ, सैप तथा अन्य केन्द्रीय बलों के ठहरने और एक जगह से दूसरे जगह ले जाने के लिए वाहनों सहित अन्य व्यवस्था, उग्रवादियों के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे नक्सल अभियान की वर्त्तमान स्थिति, चुनाव संबंधी प्रशिक्षण की स्थिति तथा पूर्व के चुनावों से संबंधित लंबित काण्डों की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने सोशल मीडिया के मानिटरिंग के लिए सभी जिलों में अफवाह फैलाये जाने के संबंध में विशेष निगरानी रखने सहित चुनाव पर्यवेक्षक, महत्वपूर्ण व्यक्तियों , उम्मीदवार को पर्याप्त सुरक्षा देने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किये जाने का निर्देश दिया। बैठक में आईजी प्रभात कुमार, आईजी अन्नेपु विजयालक्ष्मी, डीआईजी इंद्रजीत महथा, धनन्जय कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिन्हा, कार्तिक एस सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## सभी चेकनाकों को अविलंब करें क्रियाशील : डीसी

### रांची जिले में बालू के अवैध खनन को अविलंब बंद करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची वरुण रंजन ने शुक्रवार को चुनाव कार्यों को सुचारु रूप से संचालन के लिए पुलिस पदाधिकारियों, खनन, उत्पाद, वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन द्वारा सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी चेक नाकों को अविलंब क्रियाशील करें। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा रांची जिले में बालू के अवैध खनन को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया एवं जिला खनन पदाधिकारी एवं जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, वरीय पुलिस अधीक्षक, चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक शहर रांची, राजकुमार मेहता, अधीक्षक ग्रामीण रांची, सुमित कुमार अग्रवाल, खनन, उत्पाद, वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारी, सभी पुलिस उपाधिक्षक एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध शराब निर्माण के अड्डों की सूची तैयार कर उन्हें बंद करने का निर्देश



उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री वरुण रंजन द्वारा रांची जिले में अवैध शराब निर्माण के अड्डों की सूची तैयार कर उन्हें बंद करने हेतु अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया साथ ही सभी अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट एवं प्रमुख अंतर जिला चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कराने को भी कहा।

### लाइसेंसी हथियार 21 अक्टूबर तक जमा कराएं



उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री वरुण रंजन द्वारा को निर्देश देते हुए कहा की सभी थाने अपने अधीनस्थ लाइसेंसी हथियार 21 अक्टूबर 2024 तक जमा कराए। गैर जमानती वारंट पर अविलंब गिरफ़्तारी सुनिश्चित की जाए। डोडा अफीम गांजा की बिक्री पूर्णतः बंद हो तथा इनकी सीजर की कार्रवाई की जाए।

## विधि व्यवस्था में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के लिए जिम्मेदार होंगे संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी : के रवि कुमार

### जमानतीय व गैर जमानतीय वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की का करें निष्पादन : एवी होमकर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दौरान सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक अपने क्षेत्राधिकार में लंबित सभी जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंट इश्तेहार एवं कुर्की का निष्पादन सुनिश्चित कर लें। वह शुक्रवार को सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक के साथ निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूर्व में भी कई बार ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण सूचना प्रकाश में आई है चुनाव के दौरान हिंसा एवं अपराध में वैसे व्यक्ति शामिल रहे हैं, जिनके विरुद्ध जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंट इस्तेहार एवं कुर्की की कार्रवाई लंबित थी। इसके अतिरिक्त पदाधिकारी अपने क्षेत्रों के प्रत्याशियों, उनके प्रस्तावकों एवं समर्थकों के भी वारंट इश्तेहार, कुर्की संबंधी लंबित मामलों का सत्यापन कर लें, जिससे इनके द्वारा नामांकन अथवा चुनाव प्रचार के दौरान किसी प्रकार का प्रभाव नहीं डाला जा सके। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने कहा कि सभी जिले के पुलिस अधीक्षक अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते हुए सभी जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंट इस्तेहार एवं कुर्की का निष्पादन कर रिपोर्ट समर्पित करें। उन्होंने कहा कि जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंट के अभियुक्तों के साथ नियमानुसार लाइसेंस वाले हथियारों के जमा कराने की प्रक्रिया भी पूर्ण करें।

## झारखंड सरकार के कुशासन से हर वर्ग प्रभावित : सुदेश महतो



सुदेश महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार के कुशासन से झारखंड का हर वर्ग प्रभावित है। इस सरकार से निजात चाहता है। हम यहां दलीय आधार पर बैठे हैं। दूसरी ओर गांव,-देहात में जनता का समीकरण भी तैयार हो रहा है, धरातल पर। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के मुखिया ने जो कारनामे किए हैं, उसकी चर्चा देश-दुनिया में हो रही है।

## मां-बहनों को सुरक्षा और सशक्तिकरण की गारंटी देंगे : बाबूलाल मरांडी



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमें मां-बहनों को सुरक्षा की गारंटी देनी है, उनको सशक्त करने की गारंटी देनी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने अपने वादे नहीं निभाए। नौजवानों से वादा किया था कि सरकारी नौकरी देंगे। नहीं दे पाए, तो बेरोजगारी भत्ता देंगे। नव विवाहिताओं को सोने का सिक्का देने का वादा किया था।

## झारखंड के उत्तरी हिस्से में आज मौसम रहेगा साफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समेत राज्य में शनिवार को भी आंशिक बादल छा सकते हैं। हालांकि उत्तरी भाग में मौसम साफ रह सकता है। इस दौरान राज्य के दक्षिणी भाग के पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और आसपास में छिटपुट बारिश हो सकती है। रांची में कहीं कहीं छिटपुट बारिश होने की संभावना है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान भी पूरे राज्य के ऊपर बादल छाए रहे। कई जगहों पर बारिश भी हुई। सबसे अधिक बारिश संताल परगना के दुमका में 62.2 मिमी बारिश हुई। वहीं धनबाद में 38.0 मिमी, जामताड़ा में 28.4 मिमी, सिमडेगा में 22.2 मिमी, अड़की में 17.2 मिमी, रांची के कांके में 12.4 मिमी समेत कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में गत दिनों बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम कमजोर हो चुका है। लेकिन राज्य में अभी भी पूर्व और दक्षिण पूर्वी हवा का रूख बना हुआ है। इससे राज्य के दक्षिणी भागों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। कहीं कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। आंशिक बादल छाए रहने के कारण राज्य के अंदर विभिन्न भागों का तापमान सामान्य से नीचे है।

## पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले आज 10 पर अटके : झामुमो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो ने झारखंड में बने एनडीए गठजोड़ पर तंज कसा है। कहा कि आज झारखंड में लूट, समाज को बांटने, समाज में जहर घोलने, जाति-धर्म की फसाद खड़ा करने के लिए एक नापाक गठजोड़ का स्वरूप दिखा। आजसू पर तंज कसते हुए कहा कि जो पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले थे, अब सरकार बदलने के लिए वह पार्टी दस पर आकर अटक गयी। अब सरकार बदलने के लिए पता नहीं 10 में एक सीट भी जीत पाएंगे या नहीं, यह तो 23 नवंबर को पता चल पाएगा। जिसकी बदौलत केंद्र में सरकार में है, जिसकी बैशाखी पर दिल्ली में सरकार है, वह दो सीट पर आकर सिमट गए। एक केंद्रीय मंत्री एक सीट के लिए याचना करते रहे। मगर झारखंड में यह गठजोड़ नहीं चलेगा, आगामी 13 एवं 20 नवंबर को झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, युवा, ग्रामीण, महिला ऐसी चोट करेंगे कि यह लोग डबल डिजिट में भी नहीं आ पाएंगे। रही बात भाजपा की तो यहां पर कॉरपोरेट लूट के लिए यह गठजोड़ उसने बनाया है। यह बातें पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। झामुमो में एक नहीं हजारों आने को तैयार, मगर हमने कह दिया अभी नो एंट्री सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज जो लोग झामुमो में आए वह एक बानगी थी।

### मधु कोड़ा नहीं लड़ पाएंगे विस चुनाव



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने निचली अदालत के फैसले को रद्द करने की मांग की थी ताकि वह राज्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में हिस्सा ले सकें। याचिका खारिज होने के बाद मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने के सपने पर पानी फिर गया है। दिल्ली हाईकोर्ट की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता केवल इस आधार पर फैसले पर रोक लगाना चाहता है कि वह चुनाव लड़ सके, जो उचित नहीं है।

## न्यूज | बॉक्स

### पंकज मिश्रा की जमानत पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए मनी लॉउंड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा को ईडी ने गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। वहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गई थी। इस तलाशी अभियान के दौरान, ईडी ने साइट से अवैध रूप से संचालित किये जा रहे पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस जब्त किए थे।

### तेजस्वी रांची पहुंचे, नेताओं ने किया स्वागत



**रांची।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव अपने टीम के साथ शुक्रवार रात सड़क मार्ग से रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर राजद नेताओं ने उनका स्वागत किया। फिलहाल तेजस्वी यादव रांची के रेडिशन ब्लू होटल में ठहरे हैं। वहां वह राजद नेताओं और कार्यकताओं से भी मुलाकात किये। मिली जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेंगे। मुलाकात के दौरान इंडिया गठबंधन के साथ सीट शेयरिंग, राजद के हिस्से की दावेदारी और चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी।

### मुख्यमंत्री से मिले चमरा लिंडा विशुनपुर से लड़ेंगे चुनाव



**रांची।** मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के बुलावे पर पार्टी के विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। वहां दोनों के बीच लंबी बातचीत के बाद चमरा लिंडा की नाराजगी और शिकायतें दूर हो गयी। अब चमरा लिंडा ही विशुनपुर से झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। जानकारी के अनुसार, बहुत जल्द ही चमरा लिंडा को पार्टी निलंबन मुक्त कर सकती है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण उन्हें छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। बैठक में स्वास्थ्य कारणों से चमरा लिंडा ने पत्नी को चुनाव लड़ाने की बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखी लेकिन मुख्यमंत्री ने यह कहकर मना कर दिया कि उनके लिए बहुत अधिक ताकत लगानी होगी। इसलिए आप ही लड़िए चुनाव। पार्टी और आपको दोनों को सहूलियत होगी।

### 109 करोड़ निकासी में ओडिशा से दो हिरासत में

**रांची।** झारखंड सरकार के उर्जा विभाग की अलग अलग कंपनियों से 109 करोड़ की निकासी के मामले में एटीएस व सीआईडी की टीम शुक्रवार देर रात ओड़िसा से दो लोगों को लेकर रांची पहुंची। रांची लाकर एटीएस मुख्यालय में दोनों संदिग्धों से देर रात तक पूछताछ शुरू की गई। फर्जी नाम का इस्तेमाल कर दोनों ने पैसों की निकासी में भूमिका निभायी थी। जांच के बाद इस मामले में अबतक जेटीटीएस के पूर्व कैशियर गिरिजा प्रसाद, केनरा बैंक निफ्ट शाखा के तत्कालीन मैनेजर अमरजीत कुमार, साजिशकताओं में शामिल रूद्र सिंह उर्फ समीर कुमार, लोकेश्वर साह को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा अलग अलग बैंक खातों में 46 करोड़ भेजे गए थे। इसे जब्त कर लिया गया है।

### रांची से जयपुर-गोवा के लिए 30 से उड़ान भरेंगे विमान

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से जल्द ही जयपुर और गोवा के लिए नयी उड़ान शुरू होगी। डीजीसीए ने इन विमानों को विंटर शेड्यूल में रांची से उड़ान की अनुमति दे दी है। संभवतः 30 अक्तूबर से आरंभ होने वाले विंटर शेड्यूल में इन विमानों का परिचालन आरंभ होगा। आनेवाले सप्ताह में विमान की आगमन और प्रस्थान की समय सारिणी और दिनों का विवरण उपलब्ध करायी जाएगी। पिछले साल के समर शेड्यूल में भी इन दोनों सेवाओं को शामिल किया गया था। सभी उड़ानें इंडिगो की है। एयरपोर्ट डायरेक्टर आरआर मौर्य ने बताया कि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और अन्य प्रतिनिधियों की मांग पर इन विमानों को विंटर शेड्यूल में शामिल किया गया है। अभी मौखिक सूचना मिली है। टाइमटेबल नहीं आया है। इस शेड्यूल में बेंगलुरु के लिए एक अतिरिक्त विमान सेवा भी 30 अक्तूबर से आरंभ होगी।

### मदरसों की संख्या पर गृह विभाग ने मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड सरकार के गृह विभाग ने मदरसों की संख्या में बढ़ोतरी की जांच का निर्देश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को दिया है। संताल परगना के छह जिलों पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, जामताड़ा व देवघर में मदरसों की संख्या के संबंध में अविलंब प्रतिवेदन की मांग की गई है। बता दें कि संताल के 6 जिलों में डेमोग्राफी परिवर्तन पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें पूर्वी सीमा में मदरसों की संख्या में बढ़ोतरी का जिक्र किया गया था।

### लाइट हाउस में बुनियादी सुविधा का किया निरीक्षण

रांची। रांची नगर निगम की टीम ने गुरुवार को धुर्वा के आनी में तैयार लाइट हाउस में बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। टीम ने लाइट हाउस परिसर में पेयजलापूर्ति, नाली, बिजली मीटर कनेक्शन की स्थिति, कचरा उठाव और सफाई का जायजा लिया। मताहत कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इस क्रम में टीम ने कुष्ठ रोगियों को आवंटित आवास में बहाल सुविधाओं का भी निरीक्षण और आवंटित आवास में रहने वाले लोगों से बहाल व्यवस्था, किसी तरह की परेशानी के संबंध में जानकारी हासिल की।

## आज | कल




## कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर हुई चर्चा, अंतिम निर्णय लेगा शीर्ष नेतृत्व

### घोषित उम्मीदवार की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर शीर्ष नेतृत्व ने दिया बल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को कांग्रेस भवन में हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह चुनाव समिति के चेयरमैन केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में विधानसभा वार उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों के जरिये प्रत्येक विधानसभा के लिए नामो की अनुशंसा की गई। इसके बाद उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम निर्णय के लिए सर्वसम्मति से शीर्ष नेतृत्व को अधिकृत किया गया। बैठक में शामिल सदस्यों ने विधानसभा वार सीटों के संदर्भ में गठबंधन पर समीकरणों के साथ चर्चा की। साथ ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा घोषित उम्मीदवार की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी गठबंधन दलों के बीच सीटों का बंटवारा पूरी तरह नहीं हो पाया है इसलिए सभी 81 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की कवायद समिति के सदस्यों जरिये की गई। सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस कोटे की सीटों पर उम्मीदवारों के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## एनडीए को झटका, विधायक व पूर्व विधायक झामुमो में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा से पहले दल-बदल का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को बीजेपी के विधायक केदार हाजरा ने झामुमो का दामन थाम लिया है। वहीं आजसू के पूर्व विधायक उमाकांत रजक भी पाला बदल कर झामुमो में शामिल हो गए हैं। दोनों नेताओं को सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने अपनी मौजूदगी में पार्टी में शामिल कराया। विधानसभा चुनाव से पहले जमुआ विधानसभा क्षेत्र के सीटिंग विधायक के झामुमो में शामिल होने से बीजेपी को बड़ा झटका लगा है।

गिरिडीह जिले के जमुआ विधानसभा सीट से केदार हाजरा तीन बार बीजेपी विधायक रहे हैं। केदार हाजरा ने 2005, 2014 और 2019 में जमुआ विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी। सूत्रों की मानें तो इस बार पार्टी उनका टिकट काटने वाली थी इसलिए हाजरा झामुमो में शामिल हो गए। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में जमुआ सीट से दूसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस प्रत्याशी मंजू कुमारी बीजेपी में शामिल हो गई है। आजसू के पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने 2009 में चंदनकियारी सीट से अमर बाउरी को हराया था। इसके बाद से चंदनकियारी सीट से लगातार अमर बाउरी जीत कर आ रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में इस सीट से अमर बाउरी झाविमो के टिकट से जीत हासिल की थी। और माना जा रहा है कि इस बार बीजेपी नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को चंदनकियारी से उम्मीदवार बना सकती है।

झारखंड विधानसभा चुनाव

# रांची जिला में पहले दिन हुए दो नॉमिनेशन

रांची। झारखंड में पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। रांची जिला में पहले चरण में पांच विधानसभा में चुनाव होने हैं। पहले दिन रांची जिला में 2 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। जिसमे रांची विधानसभा और कांके विधानसभा से एक एक प्रत्याशी थे।

**किस विधासभा में कितने नॉमिनेशन**

- तमाड़ः नामांकन-0, फार्म बिक्री-2
- रांचीः नामांकन-1, अभ्यर्थी का नाम- सुजीतकुमार वर्णवाल, पार्टी-
- राईट टु रिकॉल पार्टी, फार्म बिक्री-3
- हटियाः नामांकन-0, फार्म बिक्री- 02
- कांकेः नामांकन- 1, अभ्यर्थी का नाम- अजित कुमार रवि, पार्टी-राईट
- टु रिकॉल पार्टी, फार्म बिक्री- 03
- मांडरः नामांकन- 0, फार्म बिक्री-04



## अब्सेंटी वोटर्स के पोस्टल बैलट से मतदान को लेकर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

विधानसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बैठक हुई। बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग मनीषा तिर्की, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार साहू एवं आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग मनीषा तिर्की, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।



पहला फेज 5 विधानसभा क्षेत्र- 58 तमाड़, 63 रांची, 64 हटिया, 65 कांके, 66 मांडर - 08 से 10 नवंबर 2024
दूसरा फेज 02 विधानसभा क्षेत्र- 61 सिल्ली, 62 खिजरी- 14 से 16 नवंबर

**पोस्टल बैलेट से कब कर सकते हैं मतदान**

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्यरत रहेंगे।आपको बतायें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है।

## सीईओ और डीसी के साथ एफजेसीसीआई ने की वार्ता

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मतगणना कार्यों के लिए पंडरा कृषि मंडी की दुकान/गोदामों का अधिग्रहण किये जाने से होनेवाली कठिनाईयों पर झारखण्ड चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा चरणबद्ध बैठकें की गईं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के.रवि कुमार और उपायुक्त, रांची के साथ संपन्न हुई। बैठक में चैंबर ने इस मामले में झारखण्ड उच्च न्यायालय के पूर्व के निर्देशों का हवाला देते हुए यह सुझाया कि पंडरा बाजार के स्थान पर खेलगांव, मोरहाबादी मैदान, पुराना विधानसभा अथवा पुराने हाईकोर्ट भवन में मतगणना की वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जाना अधिक उपयुक्त होगा। यह ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि चुनावी कारणों से कृषि मंडी की व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने यह अवगत कराया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पंडरा कृषि मंडी की लगभग 50 दुकान/गोदामों को खाली करने का निर्देश जारी किया जा चुका है। जबकि यह वास्तविकता है कि अचानक दुकान/गोदाम को खाली कर, किसी अन्य स्थान से व्यापार को संचालित करना किसी भी व्यापारी के लिए संभव नहीं होता। लगभग दो माह व उससे अधिक अवधि तक पंडरा मंडी के एक बडे भाग की दुकानें व्यवसायियों से खाली करा लेने से उस अवधि में व्यवसाय संपूर्ण रूप से प्रभावित होता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा उपायुक्त रांची ने इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए सकारात्मक कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। आचार संहिता के कारण राज्य में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हो। इस हेतु प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार से कैश



डीडीसी को सूचना देकर 10 लाख तक की नकदी लेकर कर सकते हैं आवागमन

सीजर के मामले में झारखण्ड उच्च न्यायालय के पूर्व के निर्देशों का हवाला देते हुए यह आग्रह किया कि उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लोगों (विशेषकर व्यापारी वर्ग) को आपसी लेन-देन के लिए रियायत दी जाय। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि वर्तमान में दीपावली, छठ पूजा जैसे बडे त्यौहार के साथ ही शादी विवाह का सीजन भी है। इस दौरान पूरे राज्य से व्यापारी अपने आवश्यकता की वस्तुओं की खरीदारी के लिए राजधानी रांची में आवागमन करते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर व्यापारी वर्ग को रियायत दी जाय ताकि त्यौहारी सीजन में आर्थिक गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित हो सकें। बैठक में निष्कर्ष निकला और यह सहमति बनी कि डीडीसी को सूचना देकर 50 हजार से 10 लाख रू0 तक नकदी लेकर आसानीपूर्वक आवागमन किया जा सकता है। कैश सीजर होने पर डीडीसी के समक्ष उचित साक्ष्य प्रस्तुत करने पर ही छोडा जायेगा। 10 लाख रू0 से अधिक नकदी के लेन-देन पर आयकर विभाग को अवगत कराना आवश्यक है। मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, सह सचिव नवजोत अलंग, प्रवीण लोहिया और राम बांगड शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन का व्याख्यान 10 नवंबर को रांची में

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल वक्ता एवं भारत के राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन आगामी 10 नवंबर को रांची में 'उत्सव हर पल' विषय पर व्याख्यान देंगी। कार्यक्रम का आयोजन रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम संध्या 4.00 बजे शुरू होगा।

### सीसीएल ने आयोजित की भाषण प्रतियोगिता



**रांची।** सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान - 2024 के अंतर्गत मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में डीएवी गांधीनगर में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में कुल 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने सतर्कता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने छात्रों की जानकारी और सतर्कता के विषय में उनकी समझ को परखा गया। ज्ञात हो कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह-24 के शुरू होने से पहले सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा 17 अक्टूबर, 2024 से 26 अक्टूबर, 2024 तक रांची स्थित विद्यालयों में अभियान की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### डोरंडा के नवनियुक्त थाना प्रभारी का एनएसयूआई ने किया स्वागत



**रांची।** शुक्रवार को एनएसयूआई जिला महासचिव एवं कॉलेज प्रभारी अब्दुल रबनावाज के नेतृत्व में डोरंडा थाना प्रभारी का मोमेंटो देखकर स्वागत किया। विदित हो कि नए थाना प्रभारी को डोरंडा क्षेत्र एवं डोरंडा कॉलेज की परेशानियों से अवगत कराया गया। जिला महासचिव अब्दुल रबनावाज ने कहा कि आए दिन कॉलेज में छेड़खानी एवं मारपीट का मामला होते रहता है। कॉलेज में महिला पुलिसकर्मी की तैनाती होनी चाहिए। वहीं डोरंडा में बाइक चोरी एवं अन्य सामान की चोरी की संख्या बढ़ गई है जिससे दहशत फैल गई है। अब्दुल रबनावाज ने थाना प्रभारी से कहा चोरों को पकड़ा जाए और उसपर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही साथ डोरंडा में पीसीआर तैनात करने की मांग की कार्यकर्ताओं की बात सुनने के बाद थाना प्रभारी ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर एनएसयूआई के कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

### लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड में केंद्रीय तसर अनुसंधान का हुआ चयन

**रांची।** केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची नए नए कीर्तिमान बना रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान की श्रेणी लाइफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड में केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा टसर रेशम विकास कार्यों के विस्तारीकरण में विशिष्ट योगदान के लिए प्रथम पुरस्कार हेतु चयन हुआ है। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु 22 अक्टूबर को प्रातः 10.00 बजे इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के मरकरी हॉल में की जाएगी। रेशम निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार ने सिल्क एक्सपो-2024 का आयोजन 22 से 28 अक्टूबर 2024 तक इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। कार्यक्रम में रेशम क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों में योगदान हेतु चयनित कृषकों/बुनकरों/उद्यमियों / संस्थानों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान से 22 अक्टूबर को मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उप्र, को सम्मानित करेंगे।

### पूजा सिंघल की जमानत पर ईडी से 22 नवंबर तक जवाब तलब



**रांची।** मनरेगा घोटाले के मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले की सुनवाई 22 नवंबर को निर्धारित करते हुए इसके पहले ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद पूजा सिंघल ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। इस मामले में पूजा सिंघल समेत सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। जिनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है, उनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल हैं।

## स्टीलएज और चबसेफ्स ने रांची में की 'एक्सपीरियंस जोन' की शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता। रांची






गुनेबो ने अपने प्रमुख ब्रांड्स, स्टीलएज और चबसेफ्स, की नई उत्पाद श्रृंखला को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से रांची के अरगोड़ा कडरू रोड पर स्थित नेहर कॉम्प्लेक्स में अपने नए एक्सपीरियंस जोन की शुरूआत की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय उपस्थित थे। एक्सपीरियंस जोन का उद्घाटन गुनेबो सेफ स्टोरेज के सेल्स एवं सर्विस विभाग, इंडिया बिसनेस के वाइस प्रेसिडेंट विक्षद मिश्रा द्वारा किया गया साथ ही गुनेबो सेफ स्टोरेज रीजनल मैनेजर सुबीर दास और गुनेबो के ऑथराइज्ड चैनल पार्टनर इनोवेटिव वर्ल्ड से केके शैलेश भी उपस्थित थे। स्टीलएज और चबसेफ्स का यह एक्सपीरियंस जोन विशेष रूप से व्यापारियों, ज्वेलर्स और बैंकों की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यहां पर सुरक्षा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी, जो कैश, ज्वैलरी और अन्य कीमती वस्तुओं की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक और प्रभावी समाधान प्रदान करती हैं। विक्षद मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट, गुनेबो सेफ स्टोरेज, इंडिया ( सेल्स एवं सर्विस) ने कहा कि रांची में इस नए एक्सपीरियंस जोन की शुरूआत हमारे ग्राहकों को उत्कृष्ट सुरक्षा समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य यह है कि हमारे ग्राहक यहां आकर हमारे प्रोडक्ट्स का अनुभव लें और अपनी सुरक्षा जरूरतों के अनुसार सही प्रोडक्ट्स का चयन कर सकें।

विहिप का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

## झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड को समाप्त करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से विश्व हिन्दू परिषद, झारखण्ड प्रदेश का शिष्टमंडल प्रांत अध्यक्ष चन्द्रकान्त रायपत के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। वहीं विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन राज्यपाल को समर्पित किया। ज्ञापन में झारखण्ड हिन्दू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड को समाप्त करने और हिन्दू देवी-देवताओं के मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने के लिए पहल करने का आग्रह किया गया। वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख अभिषेक आनंद ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर श्री आनंद ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रांची में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राज्यपाल को आमंत्रित किया। इसके अलावा अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के एक शिष्टमंडल ने राम शंकर सिंह के नेतृत्व में राज्यपाल से भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने के लिए राज्यपाल से आग्रह किया। वहीं राज्यपाल ने सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'संसदीय लोकतंत्रः चुनौतियाँ एवं समाधान' का विमोचन किया। इस अवसर पर सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र के सचिव अयोध्यानाथ मिश्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### नक्सली छोटन तुरी को झटका, जमानत याचिका खारिज

**रांची।** पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य छोटन तुरी को अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका को सुनवाई के पश्चात खारिज कर दिया। आरोपी बुढ़मू थाना कांड संख्या 11/23 मामले में 26 जून 2024 से जेल में है।

## रांची महानगर काली पूजा समिति की बैठक 20 को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची महानगर काली पूजा समिति काली पूजा के भव्य आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में आगामी 20 अक्टूबर को काली पूजा के सफलता को लेकर रणनीति के लिए बैठक बुलाई गई है, जिसमें 2024 के लिए महानगर काली पूजा की नई कमेटी का गठन किया जाएगा। रांची महानगर काली पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, अध्यक्ष विनय सिंह के नेतृत्व में महानगर काली पूजा समिति के पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, समाजसेवी लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात कर 20 अक्टूबर के बैठक में आने का निमंत्रण दिया एवं साथ ही साथ 31 अक्टूबर को काली पूजा के आयोजन में मार्ग दर्शन करने का अनुरोध भी किया।



## ईडी से केस मैनेज करने वाले आरोपी की पेशी के लिए हाईकोर्ट में याचिका

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ईडी के नाम पर आरोपियों से वसूली करने के आरोपी अधिवक्ता सुजीत कुमार को पेश करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। शिवशंकर शर्मा ने यह याचिका दायर की है। ईडी को मैनेज करने के लिए कांके सीओ जयकुमार राम, धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी और अन्य से पैसा वसूल करने का आरोप अधिवक्ता पर है। प्रार्थी का कहना है कि इस मामले में ईडी ने अधिवक्ता के ठिकाने पर छापेमारी की थी, लेकिन अभी तक अधिवक्ता का पता नहीं चल सका है। याचिका में कहा गया है कि जांच एजेंसी ने इस मामले में ईडी के नाम पर वसूली के बाद जांच शुरू की थी। वहीं, पुलिस भी इस केस में जांच कर रही है। इसी बीच कई दिनों से अधिवक्ता सुजीत कुमार लापता हैं। किसी को भी उनके बारे में जानकारी नहीं मिल रही है, इसलिए अब उन्हें सामने लाया जाना चाहिए।

## अपना बाजार मेले ने बिखेरी छटा, महिलाओं ने लगाए स्टॉल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांके रोड स्थित बसंत बिहार कालोनी में दो दिवसीय अपना बाजार दीपावली मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार की पत्नी रूपाली गुप्ता और सीएमपीडीआई के डायरेक्टर सुषमा भारती ने संयुक्त रूप से किया। इस संबंध में अपना बाजार मेला की आयोजककर्ता राधा रोल ड्रोलिया ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके व्यापार को प्रोत्साहन देने का यह भरपूर प्रयास है। यहां करवा चौथ, दीपावली, छठ पर्व और अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए महिला उद्यमियों ने 25 स्टॉल लगाए हैं। इस स्टॉल में महिला परिधान, डिजाइनर कपड़े, जेवर,आर्टिफिशीयल गहने, बच्चों के कपड़े, खिलौने, भगवान के वस्त्र, बेडशीट, चूड़ी, कुकीज, केक, बिस्कुट, आचार पापड़ आदि अनेक उत्पाद हैं। गीतांजलि कलेक्शन स्टॉल की संचालिका श्वेता भाला ने बताया कि उनके पास 1000 रुपए से 25000 रुपए तक की महिलाओं के लिए सूट है। हुनर स्टॉल की संचालिका रीना सर्राफ ने बताया कि शादी और सजावट के सामान उपलब्ध हैं। 100 रुपए से लेकर 10000 रुपए तक की सामान उपलब्ध हैं। बांसुरी स्टॉल की संचालिका राधा ड्रोलिया ने बताया कि भगवान के कपड़े 300 रुपए से 2100 रुपए तक की है। इस स्टॉल की सबसे खास लक्ष्मी गणेश की सजी हुई मूर्ति 2100 रुपए की है। पोको हैंडमेड दुकान की संचालिका विनीता टोपनो ने बताया कि रसगुल्ला कैंडल, कपकेक कैंडल, वॉटर कैंडल, लडडू कैंडल आदि उपलब्ध है। इन सब सामानों की कीमत 30 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की है। हस्तकला क्राफ्ट स्टॉल की संचालिका ज्योति बर्णवाल ने बताया कि चूड़ी, इयर रिंग्स, नेकलेस आदि महिलाओं के लिए अनेक सामान है। इसकी कीमत 30 रुपए ये लेकर 1000 रुपए तक है। ड्रीमज स्टॉल की संचालिका प्रियंका और सलोनी पुजारा ने बताया कि ज्वेलरी, दीपावली डिकोरेशन के समान, मैरेज गिफ्ट आदि है। 50 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक की सामान है। द स्वीट इनफ्यूजनडेजर्टस स्टॉल की संचालिका हर्षा टायवाला ने बताया कि चीज केक, कोरियन बन्स, ड्राई केक्स आदि 30 से 32 प्रकार के केक उपलब्ध हैं। इसकी कीमत 50 रुपए से लेकर 3000 रुपए तक की है। आश्वत्थ कलेक्शन स्टॉल की संचालिका पूजा अग्रवाल ने बताया कि इयररिंग, चूड़ी, नेकलेस, ब्रेसलेट आदि कई समान महिलाओं के लिए है। इसकी कीमत 50 रुपये से से लेकर 3000 रुपए तक की है। ब्लीसफुल सेंटर स्टॉल की संचालिका कलिका जैन ने बताया कि फेस के प्रोडक्ट हैं।







## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में अशून्य शयन व्रत को लेकर वृहद अनुष्ठान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शुक्रवार को अशुन्य शयन व्रत को लेकर वृहद अनुष्ठान हुआ। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त 4.30 बजे से रात्रिः आठ बजे तक आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में प्रथम विश्वरूप दर्शन सप्रभातम, मंगनाशासनम और कराबलंवम स्तोत्र के बाद आगमोक्त विधि से तिरु-आराधनम फिर दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल डाभयुक्त जल इत्यादि से भगवान का महाभिषेक हुआ। इसके बाद सभी प्रतिष्ठापित प्रतिमाओं को वस्त्र एवं दिव्य आभूषणों से समलंकृत करके पुनः पुष्पराशियों से भव्य शृंगार हुआ। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई। पोंगल, खीर फल व मेवा का बालभोग लगाया और वेद, उपनिषद के मंत्रों से स्तुति की गई। यह अशून्य शयन व्रत आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक चातुर्मास्य व्रत के दौरान प्रत्येक कृष्णपक्ष की द्वितीय तिथि को मनायी जाती है। शुक्रवार को चौथे और अंतिम अशुन्य शयन व्रत रात्रि छह बजकर 2 मिनट के उपरांत चंद्रोदय बेला द्वितीया तिथि में मंत्रों के माध्यम से यह कहकर शुरू हुआ कि- हे नाथ! हमारी स्त्रीयां कभी विधवा नहीं हो और हमें पत्नी का वियोग नहीं हो । हे जगतपति भगवान विष्णु आप अपनी प्रिया श्रीलक्ष्मी समेत शयन किये हैं, उसी दिन से यह चौथा अशून्य शयन व्रत आरम्भ किया है। आप प्रसन्न हो और मुझे वर दें। इसके बाद भगवान श्रीधर, श्रीश तिरुपति समेत श्रीलक्ष्मी की नैवेद्य, धूप, पुष्प एवं सामयिक फल आदि से पूजा की गई। तदन्तर नित्याराधन कर स्तुति के माध्यम से यह कहकर कि हे श्रीधाम, श्रीकान्त श्रीपते वेंकटेश्वर ! हम गृहस्थयों को धर्म, अर्थ और काम की सफलता में कभी विघटन न हो। जिस भांति आपका शयन गृह लक्ष्मीजी से कभी शून्य नहीं होता है, उसी प्रकार मेरी भी प्रत्येक जन्म में सदैव स्त्री संयुक्त बनी रहे। फिर महास्तुति, महाआरती और नैवेद्यम् के बाद लोड़ी गाकर भगवान की शयन करायी । महाभिषेक के यजमान - आनंद प्रकाश-राधिका अग्रवाल रांची निवासी हुए। अर्चक : सत्यनारायण गौतम और गोपेश आचार्य ने मिलकर अनुष्ठान को सुसंपन्न कराया।



## लापुंग की सीमा असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में क्वालीफाई करने वाली पहली महिला बनीं



**लापुंग।** अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सीमा कुमारी पति मंटु कुमार साहु ने नेट जेआरएफ और असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में 178 अंक एवं 99.57 परसेंटाइल लाकर क्वालिफाई करने वाली लापुंग की पहली महिला बनने का गौरव प्राप्त किया। सीमा कुमारी एक गृहिणी होने और गरीबी झेल कर जीवन यापन करने के बावजूद इन्होंने कभी अपना हौंसला नहीं छोडा.। उनके पति मंटु कुमार साहु संकुल साधन सेवी के रूप में कार्यरत हैं। मिट्टी के कच्चे मकान में रहने वाली सीमा कुमारी ने ग्रामीण परिवेश में रहते हुए अपने घरेलु काम काज और बच्चे को संभालते हुए अपने कठिन परिश्रम से आखिर सफलता अर्जित कर लिया और जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की अहर्ता प्राप्त कर लिया। अब सीमा का लक्ष्य है कि उन्हें पीएचडी करना है। अपने पति मंटु कुमार साहु की प्रेरणा से सीमा बहुत ही प्रभावित हुई और पढ़ने लिखने तथा मुकाम हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करती रही। उसकी इस सफलता से उनके पिता और माता भी काफी खुश हैं। सीमा कुमारी को बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, लाल दिलीप कुमार सिंह, भुवंजय कुमार साहु रामकृष्ण बडाईक सहित दर्जनों लोगों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। उधर मायके हुलसू एवं ससुराल मालगो के गांव वालों में सीमा की सफलता को लेकर खुशी की लहर छा गई है। उल्लेखनीय है कि लापुंग प्रखंड से जेआरएफ असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में अब तक केवल हुलसू के दिलीप कुमार साहु ने बरसों पहले सफलता अर्जित किया था। दिलीप कुमार साहू फिलहाल संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग में प्रोफेसर हैं।

### दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा का उद्घाटन

## खूंटा पूजन के साथ शुरू हुआ जतरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** मांडर में दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का उद्घाटन शुक्रवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस दौरान भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित रहे। मंच में विधायक को शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुछ देकर सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक जतरा में झारखंड के साथ साथ बाहर से भी स्टॉल लगानेवाले व्यापारी आते हैं। जतरा स्थल में मनोरंजन के खूब साधन मौजूद है। यहां पर बंगाल से आए मछली फसाने के जाल की दुकान काफी संख्या में मौजूद है। वही लोहे के पारंपरिक हथियार वाले दुकानों की भी भीड़ काफी है। कंबल के बड़े बड़े दुकान भी मौजूद हैं। खेल तमाशा, मौत का कुआं, डांसिंग झूला समेत मनोरंजन के बहुत सारे साधन उपलब्ध है। वहीं जगह-जगह मेला की मिठाई कहे जाने वाले गन्ना (केतारी) की दुकान भी काफी तादाद में है। इस बार लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जानकारी देते हुए धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि विधिवत रूप से सोमवार को दो दिवसीय मुड़मा जतरा का शुरूआत किया गया। मौके पर जिला परिषद एतवारी उरांव, जगराम उरांव, प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, जमील मालिक, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील उरांव, अनिल उरांव, जतरू उरांव, मुड़मा पंचायत के मुखिया बंधन उरांव, शिव उरांव व बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम, नेपाल से आये हुए पाहान सहित हजारों लोग उपस्थित थे।



**रूट हुआ डायवर्ट**

रांची जाने वाले मांडर से बुढ़मू ठाकूरगांव होते हुए कांठीटांड़ होते हुए जा सकते हैं। वहीं आनेवाले लोग नगड़ी से बेड़ो टांगरबसली होते हुए मांडर आ सकते हैं। रूट डायवर्ट का मैप जारी कर दिया गया है। वहीं मेला में निगरानी को लेकर 9 वॉच टावर सहित 15 सीसीटीवी लगाया गया है। सुरक्षा को लेकर लगभग 500 की संख्या में पुलिस बल तैनात है।

## एक नजर

### खलारी के हुटाप में विवाहिता जली रिम्स में भर्ती

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के हुटाप मोड़ निवासी जाकिर अंसारी की पत्नी फरजाना खातून (26 वर्ष) शुक्रवार अहले सुबह करीब तीन बजे आग से बुरी तरह से झुलस गई। आसपास के लोगों द्वारा सूचना मिलने के बाद खलारी थाना पुलिस ने गंभीर हालत में महिला को रिम्स में भर्ती कराया है। पीड़िता का मायके कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी गांव में है। वर्ष 2023 में खलारी हुटाप मोड़ निवासी अब्दुल जब्बार के पुत्र जाकिर अंसारी के साथ उसकी शादी हुई थी। पीड़िता के भाई अलीमाम अंसारी ने इस घटना में उसके बहनोई जाकिर अंसारी सहित ससुराल के अन्य लोगों द्वारा फरजाना खातून को प्रताड़ित कर जलाने का आरोप लगाया है। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि ससुराल वाले उनकी बेटी को हमेशा दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि उनलोगों को जानबूझकर फंसाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक खलारी थाना में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### न्यायिक हिरासत में भेजे गए लोहे के स्क्रैप चोरी के दो आरोपी

**खलारी।** खलारी थाना पुलिस ने लोहे का स्क्रैप चोरी के दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह 6.30 बजे बुढ़मू थाना क्षेत्र के पातकोई निवासी सलमान खान (23 वर्ष) तथा साड़म निवासी सूरज यादव (20 वर्ष) केडीएच वर्कशाप डकरा के पास 90 किलो लोहे के स्क्रैप के साथ सीआईएसएफ द्वारा पकड़ा गया। ये दोनो अपनी मोटरसाइकिल संख्या जेएच01/9668 पर स्क्रैप लादकर ले जाने के दौरान पकड़े गए। सीआईएसएफ ने दोनो को खलारी थाना पुलिस को सौंप दिया।

### सड़क हादसे में एक महिला की मौत, दो घायल

**मांडर।** प्रखंड के टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार शाम भीषण सड़क हादसा हुई जिसमें 32 वर्षीय बालूमाथ निवासी पुष्पा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही उसके साथ बैठी हुई एक बच्ची और महिला भी जख्मी हो गई। वहीं कुल्लू निवासी राजकुमार महली भी इस सड़क हादसे में जख्मी हो गए। बताया जाता है कि बीजूपाड़ा के तरफ से पुष्पा देवी अपनी बहन पूनम उरांव, बहनोई और तेरह वर्षीय बच्चा जसप्रीत उराव के साथ एक मोटरसाइकिल में सवार होकर मुड़मा जतरा जा रहे थे। तभी उसी तरफ से तेज गति से आ रहे कुल्लू निवासी राजकुमार महली ने टक्कर मार दिया। पुष्पा देवी गृहणी थी। उसके तीन बच्चे हैं। समाचार लिखे जाने तक उनके परिजन को खबर कर दिया गया है।

## होमगार्ड जवानों को दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होमगार्ड के जवानों को समान काम के लिए समान वेतन का एरियर दिए जाने के गृह सचिव के आदेश पर शुक्रवार को हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने मौखिक कहा कि गृह सचिव हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बड़े नहीं है। अदालत ने कहा कि यदि दो माह में होमगार्ड जवानों को वर्ष 2017 से समान काम के बदले समान वेतन का लाभ नहीं मिला, तो पांच जनवरी को राज्य के गृह सचिव और डीजी (होमगार्ड) को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत में गृह सचिव का एक पत्र पेश किया गया, जिसमें कहा गया था कि होमगार्ड के जवानों को एरियर देना तर्कसंगत नहीं होगा। इस पर अदालत ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि गृह सचिव को यह समझना चाहिए कि वह कोर्ट के आदेश से बड़े नहीं हैं। अदालत ने दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया।




बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने 10 अगस्त 2024 को होमगार्ड के जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है। जबकि, हाईकोर्ट ने जिस तिथि से आदेश दिया है, उसी तारीख से होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देने का निर्देश दिया है। होमगार्ड के जवानों ने समान काम के लिए समान वेतन देने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने इसका आदेश दिया था। इसके बाद सरकार ने हाईकोर्ट की खंडपीठ और सुप्रीम कोर्ट तक इस आदेश के खिलाफ याचिका दायर की।

## अधिवक्ता पर गोलीबारी मामले में अब तक नहीं हुई कार्रवाई : अधिवक्ता मंच

### हाई कोर्ट के अधिवक्ता पर फायरिंग का मामला

*पुलिस ने एक भी हमलावर को गिरफ्तार नहीं किया : डॉ रवींद्र*

**फॉलो अप**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हाई कोर्ट के अधिवक्ता बबन प्रसाद पर बाइक सवार अपराधियों द्वारा फायरिंग कर घायल करने के मामले में झारखंड अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार ने शुक्रवार को कहा पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अब तक एक भी अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस को चाहिए कि अच्छे ढंग से जांच-पड़ताल कर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि आए दिन अधिवक्ताओं के साथ अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। इसे लेकर अधिवक्ता मंच मुख्यमंत्री और डीजीपी से मुलाकात करेगा और बबन प्रसाद के लिए सुरक्षा की मांग करेगा। अधिवक्ताओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने के लिए उनसे कड़े निर्णय लेने के लिए अनुरोध किया जाएगा। वहीं, पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। जिन लोगों पर अधिवक्ता बबन द्वारा शक जताया गया था, उनसे भी पूछताछ जारी है। ज्ञात हो कि विगत एक अक्टूबर को रातू थाना क्षेत्र में हाई कोर्ट के अधिवक्ता बबन प्रसाद पर बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग कर उन्हें घायल कर दिया था। गोली लगने से घायल अधिवक्ता बबन प्रसाद को इलाज के लिए रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती करवाया गया था। अधिवक्ता बबन प्रसाद ने पुलिस को बताया था कि जब वे वक्त वे घर जा रहे थे,तो रास्ते में बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी थी। घायल बबन प्रसाद ने संदेह जताया था कि शायद उनपर गोली पलामू में जमीन विवाद या किसी केस के पैरवीकार से विवाद के कारण चलाया गया था। बबन प्रसाद ने कुछ लोगों पर शक भी जाहिर किया था। हालांकि, बबन प्रसाद की हालत अब बेहतर है।

### झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट का समापन

## अपराध अनुसंधान में रांची ओवरऑल चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट का शुक्रवार को समापन हो गया। साल 2024 के पुलिस ड्यूटी मीट में रांची रेंज ओवरऑल चैंपियन बना है। वहीं झारखंड सीआईडी दूसरे स्थान पर रहा।

**रांची रेंज बना नंबर वन :** झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट में रांची रेंज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता रांची के जैप वन में आयोजित की गई थी। 15 से लेकर 18 अक्टूबर तक हुई प्रतियोगिता में आठ टीमें शामिल हुईं। राज्य पुलिस के 6 रेंज की टीमों के साथ कुल 8 टीमें इस प्रतियोगिता में शामिल थी। प्रतियोगिता में रांची रेंज ओवरऑल चैंपियन बना, जबकि सीआईडी को प्रतियोगिता का उप विजेता घोषित किया गया।

**अपराध अनुसंधान में बेहतर साबित किया :** पुलिसकर्मियों के बीच खुद को अपराध अनुसंधान के मामले में बेहतर साबित करने का यह मुकाबला था। इस प्रतियोगिता के दौरान साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन, फोटोग्राफी सहित अलग-अलग बिंदुओं पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में झारखंड सरकार के मुख्य सचिव सहित डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी, आईजी और कई टॉप के अधिकारी मौजूद रहे।

**मुख्य सचिव ने बढ़ाया हौसला :** मौके पर झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल पुलिस के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामना है। झारखंड पुलिस अपने काम में नंबर एक है।




**साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में पुलिस बेहतर : डीजीपी**



वहीं मौके पर मौजूद झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड पुलिस साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में बेहतर कर रही है। इसकी वजह से अपराधी पकड़े जा रहे हैं। साइबर अपराध के मामले में भी बड़ी कार्रवाई हो रही है। साइबर अपराधियों के द्वारा ठगी किए गए करोड़ों रुपये जब्त किए जा रहे हैं और ठगी के पैसे लोगों को लौटाए जा रहे हैं।

## अतिथि शिक्षक नीड बेस्ड इंटरव्यू में नहीं हुए शामिल, तो होंगे बर्खास्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के पीजी विभागों और अंगीभूत कॉलेजों में सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों (गेस्ट फैकल्टी) को लेकर बड़ी खबर है। अतिथि शिक्षकों की अनुशंसा नीड बेस्ड शिक्षक (आवश्यकता आधारित असिस्टेंट प्रोफेसर) के रूप में विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किए जाने पर सेवा समाप्त हो जाएगी। यानि सेवा में बने रहने के लिए नीड बेस्ड के रूप में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अनुशंसा किया जाना जरूरी है। नीड बेस्ड का दर्जा देने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी कर दी गई है। इसमें कहा गया है कि नीड बेस्ड के रूप में अनुशंसा नहीं होने की स्थिति में कैबिनेट से स्वीकृति के बाद संकल्प जारी होने की तिथि (14 अक्टूबर) से अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त मानी जाएगी। इस दिन के बाद भी अतिथि शिक्षक पढ़ाते हैं तो उनका मानदेय सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया जाएगा। रांची यूनिवर्सिटी के पीजी विभागों और अंगीभूत कॉलेजों में 124 अतिथि शिक्षक पिछले 9 वर्ष से पढ़ा रहे हैं। समय-समय पर नीड बेस्ड का दर्जा देने और सेवा समायोजन को लेकर आंदोलन चलाते रहे हैं। इन अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति उच्च शिक्षा दर बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2015-16 में हुई थी। तब इन शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा प्रति घंटी 500 रुपए मानदेव फिक्स किया गया था। बताते चलें कि राज्य में सिर्फ रांची यूनिवर्सिटी में नेट उत्तीर्ण अतिथि शिक्षक सेवा दे रहे हैं। रांची यूनिवर्सिटी में सेवा दे रहे रहे 124 अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान पिछले 17 माह से बकाया है। ये शिक्षक भुगतान को लेकर यूनिवर्सिटी मुख्यालय में दुर्गापूजा अवकाश के पहले से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे।

### खूंटी व तोरपा विस सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 25 तक जमा होंगे पर्चे

## 'हर गतिविधि पर प्रशासन रख रहा है पैनी नजर'

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के साथ ही खूंटी जिले में पड़ने वाले दो विधानसभा सीटो खूंटी और तोरपा के लिए शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। चुनाव मैदान में उतरने के इच्छुक उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को समाहरणालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उपायुक्त ने बताया कि 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा होगी। 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। 13 नवंबर को सुबह सात बजे से शाम पांच तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि जिले के कुछ मतदान केंद्रों में मतदान के समय में परिवर्तन किया गया गया। खूंटी विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 258 में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। अन्य मतदान केंद्र में शाम पांच बजे तक मतदान होगा, वहीं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के खूंटी जिला अंतर्गत 19 बूथों में शाम चार बजे तक मतदान होगा। इसी प्रकार तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के खूंटी जिले के अड़की प्रखंड के कुछ मतदान केंद्र में भी शाम चार बजे तक ही मतदान होगा।अन्य मतदान केंद्र में शाम पांच बजे तक वोटिंग होगी। उपायुक्त ने बताया कि जिले में छह स्थानों पर चेक पोस्ट बनाये गये है, जहां 24 घंटे जांच की जा रही है। चेक पोस्ट में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। जांच की विडियोग्राफी भी करायी जा रही है। प्रशासन द्वारा हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के लिए खूंटी में तीन, तोरपा में दो और एवं तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में एक चेक पोस्ट का निर्माण किया गया है, जहां स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा सीसीटीवी एवं चेकिंग अभियान के माध्यम से हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि एक लाख रुपये से अधिक नकद रकम, भारी मात्रा में आभूषण, मादक द्रव्य अथवा ऐसी सामग्री जो चुनाव में प्रभाव डाल सकते हैं, उनकी जांच किी जाण्गी। जिले में एफएसटी भी सक्रिय हो गया है। आम लोग और राजनीतिक दलों की षिकायतों का निष्पादन किया जायेगा। लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में भी बिरसा कॉलेज में ही रिसीविंग सेंटर और डिस्पैच सेंटर बनाय गया है। मतों कीर गिनती भी बिरसा कॉलेज में ही होगी।। उपायुक्त ने कहा कि मतदानकर्मियों का प्रषिक्षण शुरू हो गया है। इस बार भी होम वोटिंग की सुविधा रहेगी। 85 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति अगर चाहें, तो घर पर ही रहकर मतदान कर सकते हैं। राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर ली गई है। उन्हें आदर्ष आचार संहिता और अन्य जरूरी जानकारी दे दी गयी है। उम्मीदवारों को कार्यक्रम की अनुमति सुविधा पोर्टल के माध्यम से दी जायेगी। इवीएम की फर्स्ट लेबल चेकिंग हो गयी है, वहीं रैंडमाइजेषन किया जायेगा। चुनाव की सारी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है. चुनाव को लेकर आवश्यकता के अनुयप सुरक्षाकर्मियों की मांग की गयी है।




**जिले को मिली तीन कंपनी पारा मिलट्री फोर्स : एसपी**

एसपी अमन कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर तीन कंपनी पारा मिलट्री फोर्स मिल गई है। फोर्स ने जिले में ऑपरेशन भी शुरू कर दिया है। चुनाव को लेकर अतिरिक्त फोर्स की मांग की गयी है। सांप्रदायिक हिंसा, आपराधिक हिंसा, शराब, नक्सल सहित अन्य आपराधिक मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिले में कुल 306 लाइसेंसी हथियार निर्गत हैं, जिसमें से 260 हथियार जमा कर लिये गये हैं। एसपी कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### बकरी पालन प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन

**सिल्ली।** शुक्रवार को श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि राजू उरांव केनरा बैंक शाखा प्रबंधक सिल्ली के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन प्रखंड से आए 32 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने कहा कि आप सभी लोग मन से और संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करें तो ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलेगा। क्योंकि सुबह में योगा और संध्या में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद आप अपना खुद का स्वरोजगार करें। यहां व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते हैं। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि बकरी पालन आज के दौर में एटीएम का काम करता है। इसलिए बेहतर तरीका से कार्य करें और आप एक सफल उद्यमी बने। मौके पर वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो, महेश रुहिदास, सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रशिक्षण दलों को मतदान स्वच्छ और निष्पक्ष कराने का निर्देश



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा प्रशिक्षण दलों को महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि मतदान दलों को स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से लगातार निगरानी बेब कास्टिंग टीम के द्वारा कि जाएगी। मॉडल मैप के अनुसार कार्य करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मतदान दलों को कहा कि मॉडल मैप के अनुसार कार्य करें। समय पर वोटिंग कराए, एश्ट मशीन मतदान बूथ पर ऐसी जगह रखें जहाँ कोई मतदाता को वोट के दौरान कोई नही देख पाए ताकि मतदान गुप्त रहें। कोई मतदाता वोट करते वक्त मोबाइल का प्रयोग नही करें यह सुनिश्चित रखें। समय से वोटिंग करा कर समय पर डिस्पैच सेंटर जमा कराऐ।

**मास्टर ट्रेनर के साथ भी बैठक :** उपायुक्त रांची सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन के द्वारा मास्टर ट्रेनर के साथ भी बैठक करते हुए उनसे कहा की जिन मतदान कर्मियों को जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह स्पष्ट रखें ताकि मतदान कर्मी को मतदान कराने में कोई समस्या नही हो।

### नि:शुल्क संकल्प नेत्र ज्योति पखवाड़ा का आयोजन




**खूंटी।** टाटा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के पूर्व निदेशक स्व रतन टाटा की स्मृति में खूंटी के अनिगड़ा स्थित सर्वांगीण ग्राम विकास संस्था में गरीब, असहाय और जरुरतमंद लोगों के लिए नि:शुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा का आयोजन किया जा रहा है। उनकी स्मृति में स्व रतन एन टाटा स्मृति संकल्प नेत्र ज्योति पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। स्व रतन एन टाटा स्मृति संकल्प नेत्र ज्योति पखवाड़ा का का समापन 30 अक्टूबर को होगा। स्वामी दयानंद नेत्रालय खूंटी, देव शांति नेत्रालय बीरु (सिमडेगा) और सदर अस्पताल चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम) में नि:शुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 2006 मे जब अस्पताल की.योजना पर कार्य चल रहा था, उस समय इस अस्पताल को तत्कालीन सीएमडी मुथू रमन ने अपनी टीम को अनिगड़ा भेजा था, जिसका नेतृत्व उनके निजी सचिव विजय राणा ने किया था। टाटा ग्रुप्स जोड़ा वेस्ट सिंहभूम मे नेत्र अस्पताल का संचालन कर रहा है,। वर्तमान सीएमडी टीवी नारायण ने इस कार्य के लिए पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा के प्रयास की.सराहना की है। नेत्र पखवडात्र के दौरान गरीब, असहाय और जरुरतमंद लोगों के नेत्र रोगियों का उपचार और मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा की जा रही है।

### 35 टीबी मरीजों के बीच पोषण खाद्य किट का वितरण



**सिल्ली/मुरी।** हिंडाल्को ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा शुक्रवार के दिन एलुमिना क्लब में प्रखंड के सभी पंचायतों के टीबी मरीजों के लिए पोषण खाद्य किट का वितरण हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय, सामुदायिक अस्पताल सिल्ली की चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रियंका सिन्हा एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख अनिल सिंह के द्वारा किया गया। मरीजों को संबोधित करते हुए डॉक्टर प्रियंका सिन्हा ने कहा कि टीवी के रोगियों को अक्सर रिकवरी करने में मदद के लिए अतिरिक्त कैलोरी की आवश्यकता होती है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन आवश्यक ऊर्जा प्रदान कर सकता है। वही एचआर हेड अरुण राय ने कहा कि आपको जो पौष्टिक आहार दिया गया है इसका सेवन आवश्यक रूप से करें ताकि स्वास्थ्य में जल्द से जल्द सुधार हो सके। पौष्टिक आहार में फेफड़े के संक्रमण से उबरने के लिए उच्च कैलोरी, प्रोटीन और संतुलित भोजन को अवश्य शामिल करें साथ ही नशा पान से दूर रहे। हमारी कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सभी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण कर रही है। हिंडालको का यह प्रयास क्षेत्र के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर नीतिश सिंह, भरत सिंह, सुरेंद्रनाथ महतो, शशिकांत एवं रंजीत मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल

**लापुंग।** लापुंग बेड़ो भाया दोलैचा पथ पर दो मोटरसाइकिल की आपस में जोरदार टक्कर हो गई । इस टक्कर में दोलैचा निवासी चामा मुंडा और बैरटोली निवासी सनिका मुंडा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं है। लापुंग थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

### राउरकेला-हटिया पैसेंजर आज रद्द

**रांची।** लिंक रेक अनुपलब्ध होने की वजह से दो ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 08150 राउरकेला - हटिया पैसेंजर आज शनिवार को को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 08195 टाटानगर- हटिया मेमू पैसेंजर भी शनिवार को रद्द रहेगी।

### रांची-गोरखपुर-रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस का होगा परिचालन

**रांची।** रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए यह सुनिश्चित किया है कि ट्रेन संख्या 18629/18630 रांची-गोरखपुर- रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस का परिचालन किया जायेगा। ट्रेन संख्या 18629 रांची- गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस एक नवंबर 2024 से प्रत्येक शुक्रवार को रांची से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रांची से प्रस्थान 16:50 बजे, मूरी आगमन 18:28 बजे प्रस्थान 18:30 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 19:43 बजे प्रस्थान 19:48 बजे, धनबाद आगमन 21:40 बजे प्रस्थान 21:45 बजे, जसीडीह आगमन 00:32 बजे प्रस्थान 00:34 बजे, पटना साहब आगमन 04:25 बजे प्रस्थान 04:27 बजे, पटना आगमन 04:55 बजे प्रस्थान 05:05 बजे एवं गोरखपुर आगमन 11:30 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18630 गोरखपुर - रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दो नवंबर 2024 से प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का गोरखपुर प्रस्थान 15:30 बजे, पटना आगमन 22:00 बजे प्रस्थान 22:10 बजे, पटना साहब आगमन 22:28 बजे प्रस्थान 22:30 बजे, जसीडीह आगमन 02:17 बजे प्रस्थान 02:19 बजे, धनबाद आगमन 05:00 बजे प्रस्थान 05:05 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 07:00 बजे प्रस्थान 07:05 बजे, मूरी आगमन 07:58 बजे प्रस्थान 08:00 बजे एवं रांची आगमन 09:25 बजे होगा। इन ट्रेनों में जनरेटर यान का 01 कोच, एसएलआरडी का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 06 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 07 कोच, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सह 2-टियर संयुक्त कोच का 01 कोच, वातानुकूलित 2-टियर के 02 कोच, कुल 22 कोच होंगे।

# उपायुक्त ने विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को सदर एवं बरही अनुमंडल कार्यालय पंहुचकर आयोजित हो रहे नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने 21 बरही विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी एवं 20- बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी एवं 25 हजारीबाग निर्वाची पदाधिकारी को सुव्यवस्थित रूप से नामांकन प्रक्रिया को करने, सभी जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी करने, हेल्प डेस्क आदि पर विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि गाईडलाइन के नियमो का पालन करते हुए सभी प्रत्याशियों के नामांकन करना है। निर्धारित समयनुसार पहुंचने वाले सभी प्रत्याशियों के नामांकन सुव्यवस्थित तरीके से एक-एक कर करना है। बता दें की विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के चुनाव की नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 और नाम वापसी की तिथि 30 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित है।



## डीसी ने गोपनीय शाखा में अनुसेवक के पद पर कार्यरत राम स्वरूप गोप के असामयिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया

हजारीबाग। उपायुक्त के गोपनीय शाखा,हजारीबाग में कार्यरत अनुसेवक राम स्वरूप गोप का ईलाज में क्रम में दिनांक 18.10.2024 को पूर्वाह्न में दुःखद निधन हो गया है। उनके दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय व उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत समाहरणालय के सभी अधिकारियों और कर्मियों ने सभाकक्ष में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने दिवंगत राम स्वरूप गोप के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। ईश्वर उनके शोकाकूल परिवार को इस शोक की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

## जन-जन कंप्यूटर साक्षरता अभियान 2024/25 प्रवेश परीक्षा 20 को

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा बाजार रोड स्थित साई कम्प्लेक्स में संचालित जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान में वर्ष 2024/25 के लिए प्रवेश परीक्षा 20 अक्टूबर लिया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था के संचालक दिलीप कुमार नायक ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024/25 के प्रथम बैच के लिए प्रखंड स्तरीय परीक्षा दो सेशन में लिया जाएगा। पहला 10:30 से 12 बजे तक कक्षा 6 से 9 वीं कक्षा के बच्चों के लिए वहीं दसवीं कक्षा से उपर के बच्चों को 12 बजे से तीन बजे तक परीक्षा ली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तरीय प्रवेश परीक्षा में सामान्य ज्ञान और कम्प्यूटर ज्ञान से संबंधित प्रश्नों का उत्तर बच्चों को देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कम्प्यूटर का ज्ञान प्रत्येक घर में पहुंचाना संस्था का लक्ष्य है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रत्याशियों को आपराधिक मामलों की जानकारी देनी होगी : डीसी

**कोडरमा।** विधानसभा निर्वाचन-2024 की अधिसूचना जारी हो गयी है। अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशी नामाकंन प्रपत्र का क्रय एवं नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी जबकि 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 19-कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में नामांकन प्रपत्र उपलब्ध रहेगा। अनारक्षित वर्ग के प्रत्याशी द्वारा 10 हजार रुपये नकदी जमा कर नाजिर रसीद के माध्यम से नामांकन प्रपत्र का क्रय किया जा सकता है। आरक्षित वर्ग के प्रत्याशी 5 हजार रुपये का भुगतान कर नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकेंगे। 19-कोडरमा विधानसभा के प्रत्याशी अनुमंडल कार्यालय कोडरमा में नामांकन दाखिल करेंगे। नाम निर्देशन के दौरान नामांकन के लिए आने वाले उम्मीदवारों के साथ अधिकतम पांच व्यक्तियों को ही रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय (अनुमंडल कार्यालय कोडरमा) में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। सुगम यातायात व्यवस्था के लिए नाम निर्देशन के दौरान आने वाले उम्मीदवारों को चिन्हित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों का ठहराव करना होगा।

### अनुमंडल परिसर के 200 मीटर के दायरे में लगा निषेधाज्ञा, 30 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

**बरही।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शुक्रवार 18 से 30 अक्तूबर नाम निर्देशन दाखिल, संविक्षा, नाम वापसी और प्रतीक वितरण की प्रक्रिया होना तय है. इसके लिए बरही-२१ विस के लिए अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ और बरकट्ठा-२० विस के लिए निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि उप समाहर्ता के कार्यालय से सभी प्रक्रिया संपन्न होंगे. ऐसे में अनुमंडल कार्यालय परिसर में अनावश्यक भीड़ लगने और विधि व्यवस्था के बिगड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है. इसे देखते हुए एसडीएम बरही ने अनुमंडल कार्यालय के 200 मीटर के दायरे में बीएनएस की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लगाते हुए कुछ आवश्यक निर्देश जारी किए है. जिसे सरकारी या पुलिस कर्मी अथवा चुनाव में लगे कर्मियो या अधिकारियो को छोड़ सभी को मानना अनिवार्य होगा. जारी निर्देश के अनुसार नाम दिलशान पत्र दाखिल करते समय निर्वाचित पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति और मात्र तीन वाहन की अनुमति होगी. इस दौरान निजी प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन के प्रवेश और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग वर्जित होंगे. सभी अभ्यर्थियों को आदर्श आचारसंहिता का पालन करना अनिवार्य होगा. इसका उल्लंघन करने वालो के खिलाफ सुसंगत धाराओं के साथ उचित कारवाई की जायेगी. यह निषेधाज्ञा आगामी 30 अक्तूबर तक प्रभावी रहेगा।



### जेएसएलपीएस में हुआ मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाहरणालय परिसर स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में पदाधिकारी व कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शपथ कार्यक्रम के दौरान जीएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियो व कर्मियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही जेएसएलपीएस समूह की दीदियों के माध्यम से घूम घूम कर मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। मतदाता जागरूकता शपथ के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कर्मियों ने अपने घर व आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### जेएमएम से बरकट्ठा में संभावित उम्मीदवार जानकी यादव व शम्भू लाल यादव

**बरकट्ठा।** विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक चाचा जानकी प्रसाद यादव और विधायक भतीजा अमित कुमाल यादव का पिछले बीस वर्षों में चुनावी समीकरण आगे पीछे रहा है। बीते कुछ माह पूर्व जानकी प्रसाद यादव भाजपा को छोड़ जेएमएम का दामन थामा।वहीं पूर्व विधायक वर्तमान में झामुमो के नेता हैं।वहीं झामुमो से टिकट के लिए रांची तक का दौड़ लगा रहे हैं।विदित हो कि झामुमो से पूर्व जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव बीते 5वर्षों से बरकट्ठा विधानसभा में दौरा व विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य कर रहे हैं। हालांकि बरकट्ठा विधानसभा में झामुमो का गढ़ नहीं रहा हैं। लेकिन जिला जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव बनने के बाद झामुमो के प्रति लोगों की आस जगी है। शंभुलाल यादव बीते पांच वर्ष में सभी छोटे बड़े कार्यक्रम में पहुंचकर सरकार की उपलब्धि गिनाई है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जनता की सुख दुःख में साथ दिया है। हालांकि बरकट्ठा से झामुमो सीट के लिए शंभुलाल यादव और जानकी यादव दो प्रत्याशी सामने आए हैं। अब लोगों का इंतजार रहेगा कि शंभुलाल यादव को टिकट मिल पाता है, या कुछ माह पूर्व भाजपा छोड़ कर जानकी यादव झामुमो का दामन थामे हैं उन्हें मिलेगी। लोगों का इंतजार रहेगा।



## विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया का डीसी ने किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ स्थित प्रारम्भ हो रहें 22-बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया पूर्व किया गया औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव -सह -भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त को बताया कि नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व प्रातः 9 बजे पूरी नामांकन प्रक्रिया का मॉक ड्रिल कराया गया। ताकि पूरी नामांकन की प्रक्रिया सही तरीके से निष्पादित की जा सके । मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री चंदन कुमार ने नामांकन प्रक्रिया में प्रदर्शित के संबंध में उपस्थित सभी पदाधिकारी व कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर दोनो विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी,उपनिर्वाचन पदाधिकारी एवं आरओ सेल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## हेथली डेवो में सीएचसी कर्मियों ने लगाया मेडिकल कैंप

**बरकट्ठा।** चेचकपी पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र खैरियो के हेथली डेवो में शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के चिकित्सा दल, जिला भी.बी.डी कार्यालय एवं जिला के अन्य कर्मचारियों के द्वारा जैपनीज एन्सेफेलाइटिस (जे.ई) रोग से संबंधित एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें वहां पर उपस्थित लोगों का सैंपल कलेक्शन किया गया। साथ ही आसपास के इलाकों में लार्वी साइडल स्प्रे एवं घरों में एस0पी पाउडर का छिड़काव किया गया। मेडिकल कैंप में मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के चिकित्सक जसीम अख्तर, जिला भी.बी. डी कंसलटेंट मैमूर सुल्तान,मो0 जावेद अहमद एपीडोमिलॉजिस्ट , फार्मासिस्ट इम्तियाज अंसारी, सहिया साथी पूनम देवी एवं सहिया फूल कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर महत्वपूर्ण तिथि एवं जानकारियां

- प्रथम चरण में वोटिंग 13 नवंबर को समयावधि : प्रातः 7:00 से संध्या 5:00 बजे
- यहां होंगे मतदान 20 बरकट्ठा, 21 बरही एवं 25 हजारीबाग

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण लिए हजारीबाग के 20 बरकट्ठा, 21बरही एवं 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के लिए 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू हो रहे है तथा द्वितीय चरण में 24 मांडू के लिए 22 अक्टूबर को नामांकन प्रारंभ होंगे। प्रत्याशी सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन कर सकेंगे. अवकाश के दिन नामांकन नहीं होगा. सभी प्रत्याशी नामांकन के दौरान चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का जरूर पालन करना आवश्यक होगा।

### नामांकन में जमा करानी होगी इतनी जमानत राशि

निर्वाचन आयोग के अनुसार नामांकन के दौरान नामांकन स्थल की 100 मीटर की परिधि के भीतर सिर्फ 3 गाड़ियों (प्रत्याशी समेत) के प्रवेश की अनुमति होगी वहीं प्रत्याशी समेत कुल पांच लोग नामांकन कक्ष में जा सकेंगे। प्रत्याशी के नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त पार्टी के उम्मीदवारों के लिए 1 एवं गैर मान्यता प्राप्त/निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए 10 लोगों का प्रपोजल अनिवार्य होगा। हर सामान्य प्रत्याशी को 10 हजार रुपए बतौर जमानत राशि जमा करानी होगी। अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए यह राशि पांच हजार रुपए होगी।

### प्रत्याशियों के लिए ये करना है जरूरी

आयोग ने जानकारी दी कि शपथपत्र के रूप में हर प्रत्याशी को फॉर्म 26 को स्पष्ट रूप से पूरा भरना होगा. प्रत्याशियों को अपने आपराधिक मामलों से जुड़ी जानकारी कम से कम तीन समाचार पत्रों में विज्ञापित करानी होगी. उसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भी प्रदर्शित करना होगा. प्रत्येक प्रत्याशी चुनाव खर्च के ब्योरा के लिए अलग से बैंक अकाउंट खुलवा लेंगे.

### झारखंड में दो चरणों में चुनाव

झारखंड में इस बार दो चरणों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं. पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को है, जबकि दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को है। 23 नवंबर को मतगणना है। पहले चरण के चुनाव को लेकर 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू हो रहा है।

## कर्ज चुकाओ सुकुन बढ़ाओ के तहत बीओआई का लगा वसूली शिविर

**बरही।** बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से कोनरा पंचायत भवन में कर्ज चुकाओ सुकुन बढ़ाओ योजना के तहत वसूली शिविर का आयोजन किया गया. जिसमे मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक आकाश कुमार सिंह मौजूद थे. शाखा प्रबंधक ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य एनपीए खाताधारकों अधिकतम छूट के साथ ऋण माफ करना है. उन्होंने बताया कि ऋण लेने के लिए लोग जिस प्रकार उत्साहित होते है, ऋणधारकों को उसी उत्साह से उसे चुकता भी करना चाहिए. जिससे बैंक के साथ संबंध अच्छा बना रहे, ताकि भविष्य में उन्हे और भी अधिक लाभ मिल सके. एनपीए खाता होने के बाद सिबिल खराब होते हैं, जो भविष्य ने किसी भी प्रकार के ऋण बैंक से नही लिए जा सकते हैं. उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से एनपीए खाताधारकों को 70 से 80 फीसदी तक के ऋण माफ किए जा रहे है. जिसका ऋणधारको को लाभ लेना चाहिए. पूर्वाहन 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लगे शिविर में संध्या बजे तक 9 ऋणधारको ने एक मुश्त योजना के तहत ऋण माफी हेतु टोकन राशि करीब 15000 रुपए जमा किए थे।

## विस चुनाव नामांकन प्रक्रिया का बरही कार्यालय में उपायुक्त ने लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह हज़ारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने बरही अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान महत्वपूर्ण निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि नामांकन प्रक्रिया सुव्यवस्थित तरीके से संचालित हो। बरही विधानसभा क्षेत्र (21) और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र (20) के निर्वाची पदाधिकारियों को डीसी नैंसी सहाय ने निर्देशित किया कि नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जानी चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे प्रत्याशियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन्स का पालन करते हुए सभी प्रत्याशियों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रत्याशियों के नामांकन क्रम से किए जाएं, और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 और नाम वापसी की तिथि 30 अक्टूबर 2024 तय की गई है।



तीन लेयर में है बनी है सुरक्षा व्यवस्था, एसडीपीओ कर रहे निरंतर निगरानी

### सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम

नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तीन-लेयर की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। सुरक्षा की जिम्मेदारी बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल को सौंपी गई है, जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए हैं। उन्होंने बताया कि तीन स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इस दौरान बरही अंचलाधिकारी अमित किस्कू, बरकट्ठा अंचलाधिकारी, बरही इंस्पेक्टर आभाष कुमार, एसआई शिवम गुप्ता समेत अन्य पुलिस कर्मी तैनात रहे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। एसडीपीओ लगातार सुरक्षा स्थिति का जायजा ले रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान शांति बनी रहे। प्रत्याशियों के नामांकन को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से कड़े कदम उठाए गए हैं, ताकि निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।



लोगों को डाकघर की विभिन्न बचत योजनाओं की दी गई जानकारी

## 'डाक सेवा जन सेवा' अभियान चलाकर लोगों का खोला गया खाता

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** प्रधान डाकघर रामगढ़ में शुक्रवार को डाक सेवा जन सेवा अभियान चलाकर डाकघर में आए सभी लोगों का डाकघर की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सहायक डाक अधीक्षक रामगढ़ नवीन कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी डाकघरों में आने वाले सभी लोगों को बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, महिला सम्मान बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना खाता, टी डी, किसान विकास पत्र, एन एस सी, सीनियर सिटीजन खाता की जानकारी दी जा रही है । लोग सबसे अधिक डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना का लाभ लोग उठा रहे हैं । जिले की सभी डाकघरों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा बड़े पैमाने पर डाकघरों की योजनाएं को बताकर लाभ दिया जा रहा है। प्रधान डाकघर रामगढ़ में आधार कार्ड में नाम सुधार, जन्म तिथि में सुधार,मोबाईल नंबर परिवर्तन, पता में सुधार किया जा रहा है इसके लिए उचित प्रमाण लिया जा रहा है। आधार कार्ड सुधार कर डाकघरों में आने वाले सभी लोगों को डाकघरों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उसी समय उनका खाता खोल कंप्यूटराइज्ड पास बुक दिया जा रहा है। जिले के लोग इसका फायदा उठा रहे हैं। रामगढ़ प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर मनोज कुमार, सरोजनी कुमारी, रविशंकर राय, दीपक कुमार, रूपेश कुमार मुंडा, अन्य डाककमियौं ने लोगों को डाकघरों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर डाक सेवा जन सेवा अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

## विधानसभा निर्वाचन को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता का हुआ आयोजन



बड़कागांव में 13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़ में 20 नवंबर 2024 को होगा मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया । इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।*
इस दौरान शिक्षकों ने सभी बच्चों से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 जो के निर्धारित तिथि बड़कागांव AC- 22,13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़ AC -23, 20 नवंबर 2024 मतदान होना है इस संबंध में अपने घर व आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया।
इसी क्रम में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में बीएलओ दीदियों द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।

## पीटीएम सह अर्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल का हुआ प्रकाशन




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में पीटीएम सह अर्धवार्षिक परीक्षा 2024 का परीक्षाफल प्रकाशित हुआ । भैया- बहनों को अंक पत्र प्रदान किया गया । मौके पर अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षा की कॉपियों का अवलोकन भी किया । विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने कक्षा अरुण से द्वादश कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले भैया- बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने भैया - बहनों से कहा- आप सभी भैया -बहन लक्ष्य को निर्धारित करके सतत रूप से लगन एवं निष्ठा के साथ पढ़ाई करें ।आप इसी प्रकार परीक्षा में सफल होते रहेंगे। आप सभी लक्ष्य को निर्धारित करके परिश्रम करते रहें आप सभी को सफलता अवश्य मिलेगी । मौके पर वाटिका से कक्षा द्वादश के भैया-बहनों को प्रगति पत्र प्रदान किया गया । अर्धवार्षिक परीक्षा में कक्षा अरुण के भैया सक्षम पटेल, हर्षवर्धन गिरी, अयांश कुमार एवं प्रभात ए की बहन विद्या लक्ष्मी, आशिता गौरी, आयुष्का कुमारी, शार्वी राज, विराट कुमार पांडे एवं अनुष्का रानी ने 100% अंक प्राप्त किया । मौके पर भैया- बहन अपने -अपने अभिभावकों के साथ आकर अपना अपना रिजल्ट प्राप्त किया।

## बरही सीट से 2 एवं बरकट्ठा क्षेत्र से 3 उम्मीदवारों ने खरीदे नामांकन प्रपत्र

चुनावी सरगर्मियों के बीच उम्मीदवारों ने की दावेदारी की शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** झारखंड के विधानसभा चुनावों के पहले चरण के तहत बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन, कुल पांच अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन प्रपत्र खरीदे, जिससे इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।बरही विधानसभा क्षेत्र से कोनरा निवासी बिनोद विश्वकर्मा ने दो सेट नामांकन प्रपत्र खरीदा हैं। वहीं, चौपारण निवासी मोहम्मद सेराज ने एक सेट फॉर्म खरीदा है, जिससे वह भी चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बरही विधानसभा में इस बार के चुनाव में मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि नए चेहरे भी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। दूसरी ओर, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में भी पहले दिन तीन उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। जेएलकेएम गंगपाचो के महेंद्र प्रसाद, निर्दलीय उम्मीदवार नितिका कुमारी, और बरकनगांगो के निवासी सुनील कुमार ने स्वतंत्र रूप से एक-एक सेट में नामांकन फॉर्म खरीदे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि इन उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से चुनावी मुकाबला कितना तीव्र और प्रतिस्पर्धात्मक होता है। पहले दिन नामांकन प्रपत्र खरीदने वाले इन पांच उम्मीदवारों की सक्रियता से यह साफ हो गया है कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी माहौल गर्म हो चुका है। आने वाले दिनों में और भी प्रत्याशियों के नामांकन करने की उम्मीद है, जिससे चुनाव की तस्वीर और स्पष्ट होगी। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं और इसके बाद चुनावी प्रक्रिया की अगली चरणों की ओर बढ़ने की तैयारी शुरू हो जाएगी।

## एक नजर

### पूर्व सांसद प्रतिनिधि को मातृशोक, लंबे समय से थीं बीमार



**कुरडेग।** कुरडेग के वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव की माता शिला देवी (93 वर्ष) का निधन गुरुवार रात 11:00 बजे राँची में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वो लम्बे समय से इलाजरत थीं। पार्थिव शरीर शुक्रवार दोपहर 01: 00 बजे कुरडेग धाघमुंडा स्थित आवास पहुंचा जहाँ उनके अंतिम दर्शन के लिए बहुत अधिक संख्या में लोग पहुंचे एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। दोपहर 3 बजे घाघमुंडा से अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा कुरडेग खलीजोरा नदी पहुंची जहाँ विधिवत दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में भाजपा सिमडेगा के जिला प्रभारी रंजन पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, पूर्व विधायक निर्मल बेसरा, श्रद्धानन्द बेसरा,ओम प्रकाश साहू, सोनी पैंकरा, सहित कई भाजपा के शीर्ष नेता और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में कुरडेग वासी सम्मिलित हुए।

### विद्यार्थियों के बीच हुई फुटबाल प्रतियोगिता

**सिमडेगा।** एचएम फा बिपिन तिर्की ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद बहुत जरुरी है। खेल से शारिरीक और मानसिक विकास होता है। छात्र ही बच्चे हार कर भी आगे बढ़ना सिखते हैं। फा बिपिन गुरुवार को संत मेरीज इंग्लिश मीडियम स्कूल सामटोली में अंतर हाउस बालक-बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। गुरुवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के एचएम फा बिपिन तिर्की ने परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। इसके बाद कुल सात मैच खेले गए। प्रतियोगिता चार दल जेवियर, जोनजागा, ब्रिटो और लोयला दल के बीच खेला जा रहा है। बालक वर्ग में सिनियर और बालिका वर्ग में जूनियन वर्ग के बीच हो रहे मैच शुक्रवार तक खेला जाएगा। सीनियर वर्ग बालक में गोनजागा को पांच अंक, बालिका वर्ग सिनियर में जेवियर चार अंक, जूनियर वर्ग बालिका में लोयला चार अंक एवं बालक वर्ग में भी ब्रिटो छह अंक के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। इधर प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में भी उत्साह है।

### हाटिंगहोड़े में हिंदू जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बानो।** प्रखंड के हाटिंगहोड़े सेमर टोली में हिंदू जागरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपने घर पर श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीमद् भगवद्गीता रखा और संकल्प लिया कि अब सप्ताह में एक दिन इसका सामूहिक पाठ करेंगे। हिंदू जागरण के शिवशरण सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि जितना संभव हो सके सभी गांव में इसका प्रचार होना चाहिए। श्री हनुमान चालीसा और श्रीमद् भगवद्गीता का सामूहिक पाठ सभी गांव में किया जाए तो हमारी बहुत सारी समस्याओं का समाधान होने लगेगा। कार्यक्रम में 40 ग्रामीण उपस्थित हुए। हिंदू जागरण से मोहन, रामकिशोर, रामधनी, योगेंद्र, धनेश, बलीराम और शहरू सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

---

#### जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन व निगरानी समिति की हुई बैठक

# मीडिया सर्टिफिकेशन हुआ है या नहीं इसकी जांच की जाए : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी) गठित कोषांग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान गठित एमसीएमसी एवं मीडिया कोषांग के सुचारू संचालन हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों से संबंधित दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने टीवी स्क्रीन लगाकर प्रॉपर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी जो विधानसभा आम चुनाव लड़ने के इच्छुक होंगे, उन्हें किसी भी तरह के प्रचार सामग्री के प्रकाशन या प्रसारण के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कोषांग से परमिशन लेना होगा। इस हेतु उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को एमसीएमसी/मीडिया प्रमाणन एवं सर्टिफिकेशन से संबंधित प्रावधानों से अवगत कराने के लिए जिले के सभी पॉलीटिकल पार्टी एवं मीडिया कर्मी के साथ बैठक कर अवश्य जानकारी देते हुए मीडिया सर्टिफिकेशन लेने अवश्य निर्देश दे। नॉमिनेशन के बाद कोई भी पॉलीटिकल पार्टी कैंडिडेट द्वारा मीडिया में प्रचार-प्रसार उसका चल रहा होगा तो मीडिया सर्टिफिकेशन लिया है या नहीं इसकी जांच करने की बात कहीं। एकाउंटिंग टीम को प्रतिदिन का रिपोर्ट प्रपत्र 16बी में भरकर भेजने का निर्देश दिया। साथ ही पेड न्यूज की पहचान से संबंधित बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, मीडिया कोषांग वरीय -सह-भू-अर्जन पदाधिकारी रवि किशोर राम, मीडिया कोषांग नोडल-सह-जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार, पीटीआई संवाददाता मुकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### चुनाव को लेकर पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सिमडेगा।** आगामी विधानसभा आम चुनाव- 2024 के लिए नियुक्त किए गए पीठासीन पदाधिकारियों को महिला कॉलेज सलडेगा, सिमडेगा में प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों को चुनाव से जुड़े सभी पहलुओं का बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से कहा कि टीम भावना से काम करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के मापदंडों एवं गाइडलाइन के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराएं। इस दौरान प्रशिक्षण में कुल-797 पिठासीन पदाधिकारी उपस्थित होकर प्रशिक्षण में शामिल हुए। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी -सह- एल.आर.डी.सी. अरुणा कुमारी, प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी -सह- अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो० इम्तियाज सहित रंजीत सिन्हा उपस्थित थे।

---

#### नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू

# 15 प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन फॉर्म




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड में पहले चरण के तहत 13 नवंबर को 43 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार को प्रारंभ किया गया। नामांकन पत्र 25 अक्टूबर तक दाखिल किये जा सकेंगे। वहीं 30 अक्टूबर को नाम वापस लेने का अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। नामांकन प्रक्रिया पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजें निर्धारित किया गया है। इसी के तहत शुक्रवार को सिमडेगा जिले के 70-सिमडेगा विधानसभा (अ.ज.जा.) एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए प्रथम दिन में विभिन्न राजनीतिक पार्टी द्वारा नामांकन फार्म की खरीद की गई। इस दौरान विधानसभा आम चुनाव- 2024 70-सिमडेगा (अ.ज.जा.) सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल का कार्यालय में कुल 09 कैंडिडेंट्स एवं 71- कोलेबिरा (अ.ज.जा.) सिमडेगा विधानसभा क्षेत्रों निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता का कार्यालय में कुल -06 कैंडिडेंट्स द्वारा नामांकन फार्म की खरीद की गई। इस बार चुनाव आयोग ने नॉमिनेशन फॉर्म और नामांकन ऑनलाइन करने का भी ऑप्शन दे दिया है। झारखंड विधानसभा चुनाव में यह पहली बार है जब ऑनलाइन नॉमिनेशन फॉर्म मिलेगा और ऑनलाइन नॉमिनेशन भी होगा। इसके लिए भी सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

## ट्रैक्टर व स्कूटी की टक्कर में एक की मौत, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो सर्किल के महाबुआँग थाना क्षेत्र के ग्राम सूत्रीउली के पास ट्रैक्टर व स्कूटी के टक्कर से एक की मौत और एक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बानो के सोडा निवासी सुरेन्द्र सिंह अपने पत्नी के साथ स्कूटी में बेरनीबेड़ा जा रहे थे। इसी बीच सूत्रीउली के समीप अवैध बालू लदा ट्रैक्टर तेज गति से आकर उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी पर पीछे बैठी उगनी देवी को भी चोट लगी है। उगनी देवी को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर महाबुआँग थाना के एसआई कमल कच्छप ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सिमडेगा भेज दिया। बताया गया कि मृतक सुरेश सिंह जय प्रकाश कम्पनी में काम करता था और छुट्टी पर घर आया था। शुक्रवार को पत्नी के साथ भाई भीख कार्यक्रम में भाग लेने के लिये बेरनीबेडा जा रहे तभी दुर्घटना हो गई। जानकारी मिलने पर बालगोविंद सिंह, अजित तोपनो, शिवराज बड़ाईक, कामेश्वर सिंह आदि राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता अस्पताल पहुँच के परिजनों से मुलाकात कर ढाढ़स बढ़ाया।

---

## जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में संविधान लाइव कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने हाल ही में बरटोली स्कूल में 'संविधान लाइव' नामक एक अनोखे जागरिक गेम का आयोजन किया,जो 5 हफ्तों में खेला जायेगा। इस गेम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना है। इस गेम में बरटोली स्कूल के बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अधिकारों और कर्तव्यों पर आधारित टास्क पूरे किए। इस पहल का उद्देश्य 12 राज्यों में 1800+ युवाओं के लिए प्रभावशाली अनुभवों का सह-निर्माण करना है, ताकि वे जागरूक नागरिक बन सकें और संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। कम्यूटिनी-वातालाॅप कोएलिशन के साथ मिलकर 40 संस्थाएं इस पहल में शामिल हुई हैं। यह गेम बच्चों को संविधान के मूल्यों को समझने और उन्हें व्यावहारिक जीवन में लागू करने का अवसर प्रदान करता है। बताया गया कि इसका लक्ष्य बच्चे जागरूक नागरिक बनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

#### अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

# विभिन्न थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वभिन्न थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक हजार तिरसठ (1063) किलोग्राम जावा महुवा तथा छब्बीस (26) लीटर अवैध शराब विनष्ट किए गए हैं, और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है। सिमडेगा पुलिस ने सिमडेगा की जनता से अनुरोध किया है कि, अवैध शराब की रोकथाम में और नशामुक्त समाज के निर्माण में सिमडेगा पुलिस का सहयोग करें। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) के मोबाईल पर निश्चित रूप से दें।

## चुनाव को ले पुलिस लाइन के समीप विशेष चेक पोस्ट बनाकर हो रही जांच




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव में संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सिमडेगा एसपी के द्वारा पुलिस लाइन के समीप विशेष चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की जांच की जा रही है। जहां पर पुलिस कर्मियों के द्वारा वीडियोग्राफी के साथ आने वाले वाहनों को रोककर उनमें रखे सामानों की बारीकी से जांच कर रहे हैं ताकि किसी प्रकार से कोई भी गड़बड़ी न हो। जानकारी देते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ ने बताया कि जिले के अलग-अलग सभी थाना क्षेत्र में विशेष चेक पोस्ट बनाकर आने जाने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार से कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो सके। वहीं इस मौके पर उन्होंने बताया कि इसके अलावा झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा एवं झारखंड-उड़ीसा सीमा में भी चेक पोस्ट बनाए गए हैं ताकि वहां से भी किसी प्रकार से कोई भी गड़बड़ी न हो और शांतिपूर्ण भय मुक्त वातावरण में विधानसभा आम चुनाव 2024 संपन्न हो सके। वहीं इस मौके पर पुलिसकर्मियों के द्वारा आने जाने वाले सभी वाहनों को रोककर उनमें रखे सामानों की जांच करने के बाद एंट्री किया जा रहा है।

## रोस प्रतिमा सोरेंग को झापा ने 6 साल के लिए किया पार्टी से निष्कासित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग को झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल होने एवं पार्टी लाइन से हटकर काम करने के आरोप में 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि रोष प्रतिमा सोरेंग लोकसभा चुनाव से ही लगातार पार्टी विरोधी काम कर रही थी, जिसकी जांच पार्टी द्वारा अपने आंतरिक टीम से कराई थी, टीम की रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय समिति के द्वारा उक्त फैसला लिया है। उन्होंने कहा झारखंड पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्यकर्ता है लेकिन इस प्रकार से जो लोग पार्टी में रहकर संगठन से हटकर दूसरों के लिए काम करते हैं, ऐसे लोगों के लिए पार्टी में किसी प्रकार की कोई भी जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी में समर्पण की भावना से कार्य करें ताकि संगठन मजबूत हो और इस विधानसभा चुनाव में किसी प्रकार से लापरवाही न होकर दोनों सीटों पर जीत दर्ज हो।

---

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा समाहरणालय की प्रत्येक सीढ़ी में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगाया स्लोगन

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव 2024 में चुनाव आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी जिले को खास निर्देश देते हुए इस बार 85 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य दिया गया है।मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सिमडेगा जिला प्रशासन लगातार नए नए तरीके अपनाते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रही है।इसी कड़ी में सिमडेगा समाहरणालय का हर कोना लोगों को मतदान के लिए जागरुक कर रहा है। मतदान के प्रति लोगों को जागरुक कर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर जहां स्वीप कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम चला कर जिले वासियों को 13 नवंबर को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।वहीं समाहरणालय की सीढ़ियों के हर पायदान पर मतदान जागरुकता के संदेश लिखवाए गए हैं। इसके अलावा समाहरणालय की हर वो जगह जहां लोगों की नजर जाए. वहां मतदान के प्रति जागरुक करने वाले बैनर पोस्टर लगे हुए हैं। जिससे समाहरणालय आने वाले लोगों का ध्यान इसपर पड़े और लोगों में मतदान के प्रति उत्साह बढ़े, और लोग आगामी 13 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकल कर मतदान केंद्रों तक पहुंच कर मतदान करें. जिससे जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ सके।

### पेट्रोल की आग से झुलस कर व्यक्ति की स्थिति गंभीर, भर्ती



**सिमडेगा।** सिमडेगा के भूंडू पानी गांव में पेट्रोल की आग से झुलस कर 33 वर्षीय मनोज खाखा नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को इलाज के लिए शुक्रवार को सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मनोज अपने मोटरसाइकिल से बोतल में पेट्रोल निकाल रहा था और बगल में ढिबरी जल रही थी।इसी दौरान अचानक ढिबरी की आग पेट्रोल को पकड़ लिया और इसी दौरान उसकी चपेट में आने से मनोज पूरी तरह से झुलस गया। परिवार वालों ने किसी तरह उसे बचा तो लिया लेकिन तब तक उसका शरीर का कई हिस्सा जल गया था। तुरंत उसे बिना देर किए हुए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर उसकी उपचार चल रही है। बताया गया कि उसके हाथ छाती सहित शरीर के कई हिस्सों में पेट्रोल की आग से जलने की वजह से गहरे जख्म हो गए हैं। इधर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे राजधानी रांची भेजने की सलाह दी है।

### हाईवे बजाज शोरूम में नई सीएनजी मोटरसाइकिल की हुई लांचिंग



**सिमडेगा।** शहर के भट्टीटोली स्थित बजाज मोटरसाइकिल के शो रूम हाईवे बजाज में बजाज की नई सीएनजी पेट्रोल मोटरसाइकिल फ्रीडम की लांचिंग की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक मिथिलेश कुमार बाइक की लांचिंग की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बजाज की यह कोशिश काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कम पैसों में अधिक दूरी तक इस सीएनजी बाइक से लोग सफर कर पाएंगे। सफर काफी किफायती होगा। शो रूम प्रबंधक अतहर मुसैफ ने बताया कि फ्रीडम दुनिया की पहली सीएनजी बाइक है और यह 125 सीसी क्षमता के इंजन के साथ 100 किमी माइलेज देती है। यह पहली बार सिमडेगा में बिक्री के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि धनतेरस दिवाली और छठ पर्व को लेकर शो रूम द्वारा खास ऑफर चलाया जा रहा है। मौके पर सीएनजी बाइक के पहले ग्राहक मुकेश मेहर को अतिथि के हाथों चाभी प्रदान किया गया। इस मौके पर बैंक के कैशियर अजय केरकेट्टा, मौलाना मिन्हाज, डॉक्टर इम्तियाज, सचिन कुमार, गुलजार रजा, वशी गुड्डन सहित कई लोग मौजूद थे।

---

# लचरागढ़ में पारंपरिक इंद मेला पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में पारंपरिक इंद मेला के मौके पर शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में युवा नेता संदेश एक्का शामिल हुए। जहां पर कार्यक्रम का विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमारी परंपरा गांव में बसती है और हमारे पूर्वजों की देन है कि इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ।उन्होंने कहा कि हम इंद मेला के मौके पर भगवान इंद्र की पूजा करते हैं। जहां पर साल भर अच्छी फसल की कामना के साथ जब फसल किसानों की अच्छी होती है तो उसी पर खुशियां मनाते हैं। उन्होंने सभी लोगों को सामाजिक स्तर पर संगठित रहकर समाज में फैली बुराई एवं कुरीतियों को दूर करने का आह्वाहन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन करने से हमारी कला संस्कृति और हमारी परंपरा को बचाने में हमें मदद मिलता है। वहीं इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया फुलकेरिया डांग शामिल हुए। वहीं आए हुए अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष तारकेश्वर साहू के द्वारा किया गया। इस मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकार जगदीश बड़ाईक, रूपेश बड़ाइक, सुलोचना देवी, चांदनी कुमारी सहित कई कलाकारों ने अपनी गीत संगीत से उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

### लोगों ने उठाया जमकर आनंद

पारम्परिक इंद महोत्सव के मौके पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में खेल तमाशा झूला मिठाई सहित कई अन्य चीजें उपस्थित रही। जहां पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने मेले का आनंद उठाया। वहीं शुक्रवार सुबह मुंडारी समुदाय के द्वारा पारंपरिक नृत्य सहित कई प्रकार के नृत्य का आयोजन करते हुए अपनी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया। इधर आयोजन समिति द्वारा बताया गया की यह इंद मेला 3 दिनों तक चलेगी।

## एक नजर

### एक साल से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुमला।** रायडीह थाना पुलिस ने पशु तस्करी के मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपी महमूद आलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के साईं टांगर टोली निवासी महमूद आलम 2023 में पुलिस की कार्रवाई के दौरान अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया था। पुलिस ने उस समय एक पिकअप वाहन से कई पशुओं को बरामद किया था और आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं झारखंड गोवंशीय पशु हत्या अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

### ट्रक पलटने से घायल हुआ चालक

**गुमला।** सीलम बाईपास मोड में मालवाहक ट्रक के पलटने से चालक ट्रक में फंस गया। वही उपचालक को भी चोट लगी है। बिजली का तार लेकर रांची से रायपुर जा रहे मालवाहक ट्रक सीलम बाईपास मोड में अचानक पलट गया। घटना में चालक स्टेरिंग में दब गया और फंसा रहा। वहीं उपचालक किसी तरह ट्रक से बाहर निकला। घटना की जानकारी रायडीह और गुमला पुलिस को दी गई है। रायडीह पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रक में फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घटना में चालक मालदा बंगाल निवासी संपत सरकार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उपचालक प्रदीप राय को भी चोट लगी है। घटना की सूचना पर स्थानीय लोग व राहगीरो ने काफी मदद किया। इसके बाद रायडीह थाना के चालक आरक्षी विनोद बिहारी शर्मा दोनों घायल को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया चालक की स्थिति खराब है। सुधार नहीं होने पर उसे रिम्स रांची भेजा जा सकता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के जोड़ा जाम महादेव नगर के समीप गुरुवार रात करीब 9:00 बजे एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। गश्ती के दौरान रायडीह थाना पुलिस ने वृद्ध को सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा पाया। एएसआई गोपी कांत महतो ने तुरंत अपने वाहन से वृद्ध को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना स्थल पर वाहन के टूटे शीशे और अन्य पार्ट्स मिले, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि किसी तेज रफ्तार वाहन ने वृद्ध को पीछे से टक्कर मारी और फरार हो गया। वृद्ध के सिर, चेहरे और शरीर के सामने के हिस्से पर गंभीर चोटें आई हैं, और वह मुंह के बल सड़क पर गिरा मिला। अब तक वृद्ध की पहचान नहीं हो पाई है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास, रिम्स रेफर

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी 60 वर्षीय लांडी उरांव घर में रस्सी का फंदा से झूल कर आत्महत्या का प्रयास किया।घटना की जानकारी परिजनों को मिलने उसे सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के उपरांत डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे रिम्स नहीं ले गए और सदर अस्पताल में ही उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी का मुताबिक वृद्ध घर पर ही था साथ ही उसका पोता भी घर पर था। बाकी सभी लोग खेतों में काम करने गए थे। इसी बीच वृद्ध घर में ही रस्सी से फंदा लगाकर झूल गया। यह देख पोते ने घटना की जानकारी पड़ोसियों को दी। तत्काल पड़ोसी पहुंचे और फंदे से उसे नीचे उतारा। वही उसके परिजनों की घटना की जानकारी दी गई।

# 25 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे उम्मीदवार

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला अंतर्गत 69-विशुनपुर, 68- गुमला एवं 67- सिसई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधान सभा आम चुनाव 2024 के बारे में शुक्रवार को गुमला जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालयत स्थित सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आज 18 अक्टूबर से लेकर उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 25 अक्टूबर 2024 तक का समय होगा। 25 अक्टूबर तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक ( सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर ) नाम निर्देशन किए जाएंगे। तीनों विधान सभा क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया एसडीओ कार्यालय गुमला में की जाएगी।



इसके साथ भी नॉमिनेशन फॉर्म का भी वितरण एसडीओ कार्यायल में ही किया जाएगा।

नाम निर्देशन पत्र संविक्षा की तिथि 28 अक्टूबर 2024 को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। मतदान दिवस का आयोजन 13 नवंबर को किया जाएगा, तथा इस बार मतदान का समय पूर्वाह्न 7 बजे से लेकर अपराह्न 5 बजे तक के लिए निर्धारित है, वहीं जिले के क्रिटिकल बूथों में संध्या 4 बजे तक मतदान का आयोजन किया जाएगा।इसके साथ ही मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 18 से 25 अक्टूबर तक एसडीओ कार्यालय गुमला के आसपास 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

इस दौरान एक उम्मीदवारों को केवल तीन वाहनों को एसडीओ कार्यालय परिसर के अंदर पार्क करने की अनुमति होगी और नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार सहित केवल पांच लोगों को कार्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा नाम निर्देशन के साथ अभियार्थियों द्वारा समर्पित किए जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियार्थी नामांकन हेतु फॉर्म एसडीओ कार्यालय गुमला से प्राप्त कर सकते एवं अभियार्थियों के द्वारा नाम निर्देशन शुल्क (5160 रुपए) जमा की जाएगी।

### प्रखंड मुख्यालय में लक्खी पूजा की रही धूम



**तिसरी (गिरिडीह)।** दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन और समापन के बाद तिसरी प्रखंड मुख्यालय में लक्खी पूजा की भी धूम रही. सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में बुधवार को पूरी श्रद्धा और निष्ठा से माता लक्खी की प्रतिमा स्थापित कर पुजारी मनोज पाण्डेय द्वारा विधिवत मंत्रोचरण से माता की पूजा सम्पन्न कराई गई.पूजा के उपरांत महाभंडारे का भी आयोजन किया गया.जहाँ भारी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया.वहीं शुक्रवार की शाम धूम - धाम से प्रतिमा विसर्जन किया गया. इस दौरान मनोज यादव, संजीत सिन्हा, किशोरी साव,यसवंत सिंह, सुनील साव,प्रेम अग्रवाल, विकाश गुप्ता, पाठक, संजीत प्रजापति समेत कई युवक मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### चैनपुर के टिंटानगर में मेला पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के टिंटानगर में पारंपरिक मेंला के मौके पर गुरुवार देर रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में बेंदोर मुखिया सुशील दीपक मिंज शामिल हुए। जहां पर कार्यक्रम का विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन किया, इस मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमारा परंपरा गांव में बसती है और हमारे पूर्वजों की देन है कि इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि हम इंद मेला के मौके पर भगवान इंद्र की पूजा करते हैं जहां पर साल भर अच्छी फसल की कामना के साथ जब फसल किसानों की अच्छी होती है तो उसे पर खुशियां मनाते हैं उन्होंने सभी लोगों को सामाजिक स्तर पर संगठित रहकर अच्छे समाज समाज में फैली बुराई एवं सभी चीजों को दूर करने का आवाहन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन करने से हमारी कला संस्कृति और हमारी परंपरा को बचाने में हमें मदद मिलता है, वहीं इस मौके पर पुजा समिती के लोग शामिल हुए।

### योग गुरु ने छात्र-छात्राओं को कराया योगाभ्यास



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विधालय कुदरा के विधालय परिसर में योग गुरु गजराज महतो जी ने छात्र - छात्राओं को योगासन कराया। और शरीर के सभी अंगो की सुदृढ़ता हेतु यौगिक- जॉगिंग का 12 अभ्यास कराते हुए। बतलाया कि प्रतिदिन सुबह फ्रेश होकर इन अभ्यासों को करने से हमारे शरीर के अंदर व बाहर के सभी अंग बलिष्ठ, ऊजार्वान, निरोगी व गतिशील रहते हैं। पुनः आगे त्रिकोण आसन, पाद हस्तासन, कटि चक्रासन,ताडासन, आदि विभिन्न आसन कराया गया। तन- मन की शुद्धि हेतु सामूहिक गान कराया। अंत मे हृदय चक्र को सदा आनंदमय रखने के लिए हास्यासन कराया। और इस भाग - दौड़ व तनाव भरी जीवन को रोग मुक्त, तनावमुक्त, और आनंदमय रखने का आधार बताया। और उन्होंने कहा की तब ही परिवार, समाज,एवं राष्ट्र सबल, खुशहाल व स्वस्थ होगा। जब हमलोग योग को अपने अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और नित्य योगाभ्यास करेंगे। उन्होंने सभी लोगों को संदेश दिया कि हमसब से परिवार, समाज व राष्ट्र का निर्माण निहित है।

### शिविर में दी गई कानून से जुड़ी जानकारी



**गावां, गिरिडीह।** झालसा के निदेर्शानुसार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के आदेशानुसार तथा डालसा के सचिव के मार्गदर्शन में शुक्रवार को गावां प्रखण्ड के सभागार में चलंत लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड विकास अधिकारी महेन्द्र रविदास ने किया और मंच संचालन पीएलवी सुबोध कुमार साव ने किया। स्थाई लोक अदालत के सदस्य सतेन्द्र नारायण सिंह, अंचलाधिकारी अभिनाश रंजन, पैनल अधिवकता मनोज कुमार गुप्ता,थाना प्रभारी महेश चंद्रा, सहायक लीगल एन्ड डिफेन्स काउंसिल रंजीव कुमार ने शिविर मे उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संबंध मे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कानून की जानकारी रखना अनिवार्य है।यदि आप जानकारी रखते है तो ठगी और खर्च से बच पाएगा।रास्ट्रीय लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, मासिक लोक अदालत और सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना के संबंध में भी जानकारी दिया गया।

## वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान निर्माण में गड़बड़ी, प्रशासन हरकत में



**नवीन मेल संवाददाता। जारी**

चैनपुर अनुमंडल के जारी प्रखंड में मनरेगा में हुई गड़बड़ी मामला। गावीर शहीद फोटो हो खेल मैदान निर्माण में गड़बड़ी बिना बने 1.26 लाख की निकासी की सूचना पर प्रशासन हरकत मे आई और आज लोकपाल शहबान शेख ने जरमाना गांव स्थित स्कूल के बगल मे बन रहे बीर शहीद पोटो खेल मैदान का जाँच किया। जाँच के बाद उन्होंने कहा कि अभी मैदान का औचक निरीक्षण किया मै ऑफिस मे जाकर इस योजना का फाईल चेक करूंगा अगर किसी भी तरह का गड़बड़ी पाई गई तो मै सीधे करवाई करूंगा उन्होने कहा कि प्रथम दृष्य मे इन लोगो का कहना है कि काम चल रहा था लेकिन बरसात होने के कारण काम को रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि मै हर तरीके जाँच कर रहा जाँच मे अगर दोषी पाये जाते है तो विधिवत कानूनी करवाई करूँगा।उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि कोई भी काम को पारदर्शी तरीके से कराएँ ।मनरेगा एक कानून है और कानून को हाथ मे न लें।दिलीप बड़ाईक, बीपीओ कान्ति कुमारी, वसीम ,उर्मिला केरकेट्टा, रजनी मिंज फुलमाईत देवी,माईकल कुजूर,अजय काश्मीर टोप्पो।

# सड़क दुर्घटना में भरनो के परवल गांव के दो युवकों की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भरनो**

भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत परवल गांव निवासी गुडेश्वर साहू और राम मुंडा की एक दिन पूर्व बिशुनपुर थाना क्षेत्र के मुड़टँगवा के पास में बॉक्साइट लदे ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी थी।बीते शाम को दोनों मृतक का शव का अंतिम संस्कार परवल गांव में किया गया,जहां स्थानीय विधायक जिग्गा सुसारन होरो पहुँचे,और दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया,और इस दुःख की घड़ी में हिम्मत से कम लेने की बात कही साथ ही उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।और परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।वहीं भविष्य में भी पीड़ित परिवारों के साथ किसी तरह की दिक्कत होने पर मदद के लिए आश्वस्त किया है।बता दे कि एक दिन पूर्व



बुध्देश्वर साहू,राम मुंडा और एक अन्य दोस्त एक ही बाइक में नेतरहाट घूमने जा रहे थे तभी बिशुनपुर थाना क्षेत्र में एक ट्रक की चपेट में आने से तीनों दोस्तों की मौत हो गयी थी,दो मृतक भरनो प्रखण्ड के परवल के रहने वाले थे जबकि एक लातेहार के गारू का रहने वाला था। इस मौके पर पूर्व मुखिया बसंत उरांव,अभिषेक लकड़ा,मुखिया सुकेश उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# विद्यालय में फिर चोरी, सुरक्षा इंतजामों की खुली पोल, प्रशासन मौन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, अम्बेडकर नगर में सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। हाल ही में हुई चोरी की घटना ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। विद्यालय के वरीय शिक्षिका सह प्रभारी प्रधानाध्यापक नीरा देवी ने इस संबंध में थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी है। नीरा देवी के अनुसार दशहरा की छुट्टी के बाद विद्यालय पुनः खोला गया तो देखा गया कि दो कक्षाओं के ग्रील के ताले तोड़कर अज्ञात चोर चार सीलिंग फैन (पोलर कंपनी) चुरा ले गए। यह घटना विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था में गहरी चूक को दशार्ती है।

**लगातार हो रही चोरी की घटनाए**

विद्यालय में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यहाँ कई बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। मार्च 2024 में रसोईघर और गोदाम में चोरी का प्रयास हुआ। जून 2023 में तीन बेंच-डेस्क चोरी हो गए। सितंबर 2023 में कार्यालय का ताला तोड़कर साउंड सिस्टम और पीतल की घंटी चुरा ली गई। इन घटनाओं की सूचना पुलिस को समय-समय पर दी गई, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

**असामाजिक तत्वों का अड्डा बना विद्यालय**

चोरी की घटनाओं के अलावा, विद्यालय में असामाजिक गतिविधियों का भी बोलबाला है। विद्यालय बंद होने के दौरान असामाजिक तत्व विद्यालय अहाते के भीतर प्रवेश कर जाते हैं। परिसर में शराब की बोतलें, ताश की गड्डियाँ और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बिखेर जाते हैं, जिससे न केवल विद्यालय की गरिमा धूमिल हो रही है बल्कि यह विद्यार्थियों के लिए भी खतरनाक माहौल बना रहा है।

**विद्यालय प्रशासन की मांग**

वरिष्ठ शिक्षिका नीरा देवी ने प्रशासन से त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि चोरी की घटनाओं के अलावा विद्यालय में असामाजिक गतिविधियाँ बढ़ रही हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा प्रभावित हो रही है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएँ हो सकती हैं।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल**

हालांकि बार-बार हो रही चोरी और असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि पुलिस और प्रशासन को इन घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि विद्यालय में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके।

अब देखना होगा कि शिक्षा के मंदिर में बार बार हो रही चोरी व असामाजिक तत्वों के प्रवेश जैसे इस गंभीर मामले को पुलिस और प्रशासन कितनी गंभीरता से लेती है और क्या कार्रवाई करती है, या फिर विद्यालय को इसी तरह असुरक्षित हालात में छोड़ दिया जाता है।



### विधानसभा चुनाव को लेकर घाघरा प्रशासन अलर्ट, विभिन्न बूथों का हुआ निरीक्षण

**घाघरा।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार एवं थाना प्रभारी तरुण कुमार ने संयुक्त रूप से घाघरा प्रखंड के लगभग आधा दर्जन बूथ केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सारंगो बुथ संख्या 179, आदर बूथ संख्या 176, एवं शिवसेरेंग बूथ संख्या 219 में पहुंच कर बिजली , स्वस्थ पेयजल, शौचालय, एवं भवन की भौतिक स्थिति का निरीक्षण किया । एवं संबंधित विद्यालय के शिक्षकों को कई दिशा निर्देश दिया गया । साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा के द्वारा बूथ केंद्र संख्या 234 आंगनबाड़ी केंद्र दरदाग का जिला परिषद से हो रहे मरम्मती कार्य को एक सप्ताह के अंदर कार्य पूर्ण कर रंग रोगन कर लेने हेतु संवेदक को दिया गया दिशा निर्देश। मौके पर कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल एंव विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–45 वर्ष ऊँचाई–5 फिट, 5 ईंच, रंग–सॉवला, आधा पका हुआ बाल, पहनावा–नीला–चेकदार फटा हुआ शर्ट पहने हुए।

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव अनगड़ा थाना अन्तर्गत दिनांक–06.10.2024 को ग्राम–जीदू के समीप राढो नदी अन्तर्गत रेलवे पुल के समीपगंगाना लासे बरामद किया गया। जिसके संबंध अनगड़ा थाना यु0डी काण्ड सं0–23/2024, दिनांक–06.10.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सिल्ली,रॉची।–9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा ,रॉची।–9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची।

PR.NO.339277 Police(24-25):D


# इंद्र पूजा पर केमटे ग्राम में विराट धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रायडीह (गुमला)**

गुमला जिले के रायडीह प्रखंड के केमटे ग्राम में देवताओं के राजा देव राज ईन्द्र का पूजा उत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। इस ऐतिहासिक मेले में हजारों श्रद्धालुओं और संगीत प्रेमियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुदर्शन भगत, पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता, ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य चोकेन्द्र सिंह, रायडीह के वर्तमान नगर परिषद सदस्य गजाधर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगेश्वर सिंह, मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, और ईन्द्र पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष कुशमद सिंह, सचिव श्यामसुंदर सिंह, कोषाध्यक्ष गणपत सिंह तथा पंडित दिगम्बर देवघरिया सहित कई अन्य सम्मानित अतिथि उपस्थित थे।



मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय कलाकार महेन्द्र सिंह के नागपुरी भक्ति अराधना से शुरूआत हुई। रातभर चले इस नागपुरी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य कलाकारों में चन्दन दास, कयुम अब्बास, अनिश महली, महादेव विश्वकर्मा, सुहाना देवी, सोनी कुमारी, प्रीति बिरला, सुलोचना देवी (डांसर), प्रिया कुमारी, मान्दर सम्राट, हुलास महतो, नाल सम्राट, कमल किशोर और झुमी झारखंड म्यूजिकल ग्रुप के साजिन्दा कलाकार शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान दर्शक झूम उठे और सभी ने मिलकर इस खास अवसर का आनंद लिया।

मुख्य अतिथि सुदर्शन भगत ने अपने संबोधन में कहा, देव राज ईन्द्र की कृपा हम सभी के ऊपर सदा बनी रहे, और अच्छी बारिश के माध्यम से हमारी खेती-बाड़ी में वृद्धि हो। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे इस उत्सव की पारंपरिक धरोहर को आगे बढ़ाते रहें और एकजुट होकर अपनी संस्कृति को संजोएं।

### विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने की बैठक, दिए कई निर्देश

**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को जिला डी एस ओ सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम सरदानी ने 31 गांडेय विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारी के साथ बैठक की उक्त बैठक में गांडेय विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस ने भाग लिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गांडेय विधान सभा को 37सेक्टर में बांटा गया है प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस को जिम्मेवारी सौंपी गई है । सेक्टर ऑफिसर को अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र पर जाके सारी सुविधा को देखते हुए दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया साथ ही कहा कि मतदान केंद्र का नजरिए नक्शा बना लेना है जिससे मतदान के पूर्व संध्या मतदान कर्मियों को केंद्र तक पहुंचने में असुविधा न हो कहा मतदान केंद्र का व्यापक रूप प्रचार प्रसार करे जिससे चुनाव के दिन मतदाताओ को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो।


## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग।
(प्रेक्षक कोषांग)

### प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14–हजारीबाग अन्तर्गत 20–बरकट्ठा, 21–बरही एवं 25–हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निम्नवत् व्यय प्रेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ विवरणी अनुसार सम्पर्क पदाधिकारी को सम्बद्ध किया गया है।

| Sl. | Name of Expenditure Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lision Officer | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | SriGhodke Rohit Ramesh, IRS Observer code-R-36388 **Mob.No.- 9504981181** | 20-Barkatha. (Legislative Assembly) | New Circuit House, Hazaribag **(Koel)** | Mr Satyendra Soren Mining Inspector, Hazaribag. Mob. No.**-9031659256** | 10:00 AM To 11:00 AM |
| 02 | Sri. Yogesh Kumar, IRS Observer code-R-35312 **Mob.No.-8092559737** | 21-Barhi. (Legislative Assembly) | New Circuit House, Hazaribag **(Konar)** | Mr. Tipu Sultan, Project Manager,Helth, (PMU) DMFT, Hazaribag. Mob. No.**-8860587182** | 09:00 AM To 11:00 AM |
| 03 | Sri. A. Manimaran IRS(C&CE) Observer code-R-18547 **Expenditure Observer Mob.No.-8987833278** | 25-Hazaribag. (Legislative Assembly) | New Circuit House, Hazaribag **(Sakri)** | Mr. Sajjad Ansari, Project Manager, (PMU) DMFT, Hazaribag. Mob. No.**-8789639390** | 06:00PM To 07:00 PM |

एतद् द्वारा सभी राजनैतिक दल एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षकों से अपनी शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण हेतु व्यय प्रेक्षक के साथ संबद्ध सम्पर्क पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर उपरोक्त दिए गए समयानुसार मिलकर अथवा अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

निदेशानुसार
नोडल पदाधिकारी, प्रेक्षक कोषांग
सह–प्रभारी पदाधिकारी, नजारत शाखा,
हजारीबाग।

PR 339285 (Hazaribag) 24-25 (D)

आध्यात्मिक जीवन में व्यक्ति ठीक एक छोटे बच्चे की तरह हो जाता है- न कोई घृणा, न लगाव, सदैव ऊर्जा तथा आनंद से भरपूर।
- श्री श्री परमहंस योगानंद, "परमहंस योगानंद के वचनामृत"

## संपादकीय

### कश्मीर की सरकार प्रयोग नहीं प्रेरणा

महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी का कश्मीर घाटी के निवासियों को अनुच्छेद 370 का हटाना इस प्रकार दिखाना जैसे केंद्र सरकार ने इस राज्य को गुलाम बना लिया हो। लेकिन लगता है राज्य के निवासी अनुच्छेद 370 की सच्चाई को पहचान गए हैं, जिसका प्रमाण उन्होंने लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेकर प्रदर्शित कर दिया है। पर इसके नाम पर राजनीति बंद नहीं हुई इसलिए अनुच्छेद 370 की सच्चाई देश के सामने लाना आवश्यक है। आजादी के समय संयुक्त भारत में कुल 544 रियासतें थीं। जम्मू-कश्मीर और हैदराबाद को छोड़कर बाकी रियासतों के शासकों ने अपनी रियासतों का विलय भारत या पाकिस्तान में कर लिया था। पाकिस्तानी सेना ने 24 अक्तूबर, 1947 को कश्मीर पर हमला कर दिया, जिसका मुकाबला महाराजा हरि सिंह की सेना नहीं कर सकी और पाकिस्तानी सेना 28 अक्तूबर तक बारामूला में पहुंच चुकी थी, जो श्रीनगर से केवल 60 किलोमीटर दूर है, तब महाराजा हरि सिंह ने राज्य की सुरक्षा के लिए 28 अक्तूबर की रात में बिना किसी शर्त के भारत में विलय के लिए अपनी सहमति दे दी। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पीछे खदेड़ना शुरू कर दिया, लेकिन उसी समय पंडित नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र में इस विवाद को रखा। संयुक्त राष्ट्र ने युद्ध विराम की घोषणा कर दी, जिस कारण पाक अधिकृत कश्मीर पाकिस्तान के कब्जे में रह गया। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के पहले से ही शेख अब्दुल्ला कश्मीर की राजनीति में सक्रिय थे। उन्होंने प्रधानमंत्री पंडित नेहरू पर राज्य के लिए विशेष अधिकारों के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया, जबकि ऐसी शर्त राज्य के विलय के समय महाराजा हरि सिंह ने नहीं रखी थी। 1949 में भारत का संविधान तैयार किया जा रहा था और शेख अब्दुल्ला के दबाव में पंडित नेहरू ने बिना केंद्रीय मंत्रिमंडल की सहमति के जम्मू-कश्मीर को सुरक्षा, विदेश, वित्त और संचार नीति के अलावा अन्य सभी क्षेत्रों में पूर्ण स्वतंत्रता और अधिकार देने का प्रावधान करने के लिए संविधान में अनुच्छेद 370 शामिल करने की अनुमति प्रदान कर दी। इसके अनुसार, जम्मू-कश्मीर राज्य में भारतीय संविधान लागू नहीं होगा। भारत में अंग्रेजी समय से लागू भारतीय अपराध संहिता (आईपीसी) और सीआरपीसी के स्थान पर रणवीर सिंह पुरा ऐक्ट लागू किया गया, जो जम्मू कश्मीर राज्य में 1932 में वहां के राजा रणवीर सिंह ने लागू किया था। शेख अब्दुल्ला के ही दबाव में पंडित नेहरू ने भारत के राष्ट्रपति के आदेश पर अनुच्छेद 35ए का भी विशेष प्रावधान इस राज्य के लिए कर दिया था। बाहरी निवेश न होने के कारण राज्य में चारों तरफ बेरोजगारी फैल गई। पाकिस्तान ने राज्य की इस स्थिति का फायदा उठाया और राज्य में ड्रग्स की तस्करी व आतंकवाद को बढ़ावा देना शुरू कर दिया। अनुच्छेद 370 पाकिस्तान की मदद कर रहा था। राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए को सितंबर 2019 में हटवा दिया गया। अब दोबारा कश्मीर घाटी पृथ्वी का स्वर्ग बन गई है। पर्यटक आ रहे हैं, रोजगार बढ़ रहे हैं और लोग शांति महसूस कर रहे हैं।

> भारत में अंग्रेजी समय से लागू भारतीय अपराध संहिता (आईपीसी) और सीआरपीसी के स्थान पर रणवीर सिंह पुरा ऐक्ट लागू किया गया, जो जम्मू कश्मीर राज्य में 1932 में वहां के राजा रणवीर सिंह ने लागू किया था।

# कांग्रेस का मुस्लिम प्रेम हकीकत कम, चुनावी ज्यादा लगता है





योगेंद्र योगी

ऐसा नहीं है कि कांग्रेस का वोट बैंक की खातिर मुस्लिम प्रेम नया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी राजीव गांधी की ही सरकार थी जिसने शाहबानो केस में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाबजूद उस पर कानून नहीं बनाया। इस पर मौजूदा भाजपा की केंद्र सरकार ने कानून बनाया। तीन तलाक के मुद्दे पर भी कांग्रेस का यही आलम रहा। केंद्र और ज्यादातर राज्यों से चुनाव हार कर सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस ने इतिहास से सबक नहीं लेने की ठान ली है। यही वजह है कि कांग्रेस का अभी तक अल्पसंख्यक मोह खत्म नहीं हुआ है। अल्पसंख्यकों के गैरकानूनी कामों में भी कांग्रेस उनका बचाव करती नजर आती रही है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस ही अकेली नहीं है, बल्कि दूसरे राजनीतिक दल भी वोट बैंक की राजनीतिक के कारण मुस्लिमों के अपराधों को माफ करने के पक्ष में रहे हैं। बेशक अपराध आतंकवाद से जुड़े हुए ही क्यों ना हो। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने दंगा करने, थाने पर हमला करने, आगजनी और तोडफोड़ जैसे गंभीर आरोपों में शामिल मुस्लिम समुदाय के आरोपियों के खिलाफ मामला वापस लेकर कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रेम को उजागर किया है। लगातार हारने के बाद भी कांग्रेस को डूबती नैया का सहारा मुसलमान वोट बैंक ही नजर आता है। यह बात दीगर है कि इस वोट बैंक के दावेदार कई राजनीतिक दल हैं। कांग्रेस की इन्हीं हरकतों की वजह से भाजपा देश में हिन्दू-मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण करने में कामयाब रही है। कर्नाटक सरकार ने कैबिनेट मीटिंग के बाद 43 केसों को रद्द करने का फैसला लिया। इसमें एक मामला हुबली पुलिस स्टेशन में तोडफोड़ से जुड़ा हुआ है। 16 अप्रैल, 2022 को हुबली में सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट लिखने वाले युवक को पुलिस गिरफ्तार कर स्टेशन लेकर आई, कुछ देर में वहां मुस्लिम समाज की भीड़ जमा हो गई और आरोपी को भीड़ को सौंपने की मांग को लेकर हंगामा हुआ, जिसके बाद हिंसा हुई थी। पुलिस स्टेशन और वाहनों को नुकसान पहुंचाया था, साथ ही आसपास की दुकानों में तोडफोड़ की गई। इस हिंसा में 4 पुलिसकर्मी घायल भी हुए थे। एआइएमआइएम के नेता आरिफ और 138 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास, दंगा और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए थे। मुस्लिम वोट बैंक के लिए कांग्रेस ने पहली बार ऐसा नहीं किया। जब भी देश के संविधान और कानून को समानता से लागू करने की बात होती है, कांग्रेस हमेशा से मुसलमानों का दूसरे चश्में से देखती रही है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने का कांग्रेस ने जमकर विरोध किया। यह जानते हुए भी कि विशेष राज्य और कानून की आड़ में इस केंद्रशासित प्रदेश में आतंकी वारदातें कर रहे है। इन पाक परस्त आतंकियों को बचाने के लिए भाड़े के पत्थरबाज सुरक्षा कवच का काम कर रहे हैं। इस विशेष प्रावधान के हटने के बाद पत्थरबाजी की घटनाएं बंद हो गई। साथ ही सुरक्षा बल और पुलिस काफी हद तक आतंकियों की नकेल कसने में कामयाब रहे। यह मुद्दा देश की एकता-अखंडता से जुड़ा होने के बावजूद कांग्रेस ने इसे हटाने पर कायम नेशनल कांफ्रेंस के साथ महज मुस्लिम वोट बैंक की खातिर चुनावी गठबंधन किया। इसी तरह अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्यां शरणार्थियों के मुद्दे पर कांग्रेस ने सहानुभूति का रुख रखा। भारत में कुल 40 हजार रोहिंग्या शरणार्थी रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर के पास संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त का रिफ्यूजी कार्ड तक नहीं है। अक्टूबर 2018 में भारत सरकार ने सात रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमार वापस भेजा था। इन्हें साल 2012 में गैरकानूनी तरीके से सीमा पार करके भारत आने के आरोप में फॉरनर्स एक्ट कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने अपनी सीधी राय कभी नहीं बनाई। कांग्रेस ना अल्पसंख्यकों को नाराज करना चाहती है और ना ही बहुसंख्यक समाज के सामने विलेन बनना चाहती है। इसलिए इस मुद्दे पर वह सरकार को कटघरे में खड़ा कर पीछा छुड़ाने का प्रयास किया। कांग्रेस का कहना था कि आखिर यह कैसे हो सकता है कि, एक तरफ आप मानवीयता के आधार पर रोहिंग्या मुस्लिमों को मदद भेजें और दूसरी तरफ उनको देशविरोधी गतिविधियों में शामिल बताएं, सरकार किसी एक नीति पर आगे नहीं बढ़ रही है। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस का वोट बैंक की खातिर मुस्लिम प्रेम नया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी राजीव गांधी की ही सरकार थी जिसने शाहबानो केस में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाबजूद उस पर कानून नहीं बनाया। इस पर मौजूदा भाजपा की केंद्र सरकार ने कानून बनाया। तीन तलाक के मुद्दे पर भी कांग्रेस का यही आलम रहा। कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में रहते हुए इस मुद्दे पर कानून नहीं बनाया। शाहबानो ने अदालत से न्याय की मांग की थी कि तीन तलाक के बाद तलाकशुदा महिला की देखरेख की जिम्मेदारी उसके पति की होती है। पांच जजो की संविधान पीठ ने 23 अप्रैल 1985 को मुस्लिम पर्सनल लॉ बॉर्ड के आदेश के खिलाफ जाते हुए शाहबानो के पति को आदेश दिया कि वो अपने बच्चों को गुजारा भत्ता दे। मुस्लिम कट्टरपंथियों के विरोध के आगे राजीव गांधी सरकार ने घुटने टेक दिए थे। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया था। केंद्र की भाजपा सरकार ने सरकार ने तीन तलाक को प्रतिबंधित करते हुए संसद में वर्ष 2019 में नया कानून बना दिया। इस विधेयक में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से संरक्षण देने के साथ ऐसे मामलों में दंड का भी प्रावधान किया गया है। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं के हितों से जुड़े इस कानून का कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने जमकर विरोध किया। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में तीन तलाक को वापस करने का वायदा किया। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

### गठबंधन की मर्यादा में ही शक्ति है



डा. भरत मिश्र प्राची

जब से देश में छोटे - छोटे अनेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल उभर आये तब से राष्ट्रीय राजनीतिक दलों का स्वयं का वजूद कमजोर हो गया। स्वयं के बल पर सत्ता में आना या सत्ता का विरोध करना आसान नहीं रहा। इस तारह के हालात में गठबंधन मजबूरी भी हो गई एवं जरूरत भी। जिस किसी भी राजनीतिक दल ने स्वयं भू में आकर गठबंधन की मयार्दा को तोड़ा , नुकसान में हीं रहा। इतिहास साक्षी है, कि जब से देश में गठबंधन की राजनीति शुरू हुई तब से गठबंधन की मयार्दा मे छिपी शक्ति को नकार कर स्वयं के बल पर जिसने भी चुनावी समर में खड़ा होने की चेष्टा की, उसे सफलता कम ही हाथ लगी। इसका ताजा उदाहरण अभी हाल हीं हरियाणा में दो विधान सभा चुनाव में देखने को मिला जहां हरियाणा में चुनाव से पूर्व कांग्रेस एवं आप में गठबंधन होना था पर सवयं भू के चलते दोनों दलों के बीच गठबंधन न हो पाने के कारण कांग्रेस के पास आती सत्ता छिटक गई। जहां चुनाव पूर्व सत्ता पक्ष भाजपा की वापसी नजर नहीं आ रही थी, कांग्रेस आप में गठबंधन नहीं होने से भाजपा को सत्ता में आने का फिर से मौका मिल गया। कोई माने या नहीं माने कांग्रेस के वोटों में आप ने सेंघ लगा दी जिससे सत्ता के पास आती कांग्रेस सत्ता से दूर हो गई। जम्मू कश्मीर में गठबंधन की मयार्दा का सही ढ़ंग से पालन होने से सत्ता वहां के क्षेत्रीय दल के हाथ लगी। देश में फिर दो विधान सभा चुनाव महाराष्ट्र एवं झारखंड में होने जा रहे है जहां क्षेत्रीय दलों का अपना प्रभुत्व है। वहां कोई भी दल एक दूसरे से कम नहीं। इस अहम भाव को छोडकर जो भी गठबंधन की मयार्दा का पालन ईमानदारी से करेगा, फायदे में रहेगा, जो मयार्दा को अहम में आकर तोड़ेगा, सहयोगी से छल करेगा, घाटे में रहेगा। आज समय बदल चुका हैं। देश की राजनीति गठबंधन पर निर्भर हो गई है जब कि कभी देश में एक ही राष्ट्रीय दल कांग्रेस का वजूद सर्वोपरि रहता। जिससे देश के हर कोने में कांग्रेस सत्ता में होती। फिर एक समय ऐसा आया देश के सभी अधिकांश राजनीतिक दल मिलकर कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़े सफलता भी मिली पर गठबंधन की मयार्दा तोड़ने से

**कांग्रेस को फिर से राजनीतिक लाभ मिला :** मंडल आयोग के उपरान्त देश में कई क्षेत्रीय राजनीतिक दल उभर आये जिनका आज भी अपने अपने राज्य में वजूद कायम है जिसे नकारा नहीं जा जा सकता। आज कांग्रेस की जगह भाजपा सत्ता में है पर उसे भी गठबंधन की जरूरत है। राज्य के विधान सभा चुनाव हो या देश के लोकसभाचुनाव आज उभरे क्षेत्रीय दलों की स्थानीय ताकत को नकारा नहीं जा सकता। देश में केन्द्र की सत्ता के खिलाफ गठबंधन की प्रक्रिया शुरू तो हुई पर पर साफ मन न होने, अपने को किसी से कम न समझने, क्षेत्रीय दलों की ताकत को सहीं ढ़ंग से नहीं जान पाने, या नकारने के चलते राजनीतिक लाभ नहीं मिल सका, जितना मिलना चाहिए। गठबंधन यदि करना है तो इसकी मयार्दा का भी पालन करना होगा। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## अलग बात

### डाकुओं और डॉन में जमीन-आसमान का फर्क



राकेश अचल

मैं एक जमाने में दुर्दांत डकैतों के लिए बदनाम चंबल इलाके से आता हूं। मैंने अपने पत्रकारिता के कार्यकाल में डाकुओं की जितनी कहानियां बनाई और बेचीं उतनी शायद मुंबई के डॉन की कहानियां भी नहीं बिकी होंगीं। चंबल के डाकू दो दशक पहले हमेशा - हमेशा के लिए समाप्त हो गये। लेकिन मुंबई के डॉन आज भी जिंदा हैं। मुंबई के डॉन और चंबल के डाकुओं में बहुत फर्क है। डाकू कभी किसी की हत्या के लिए सुपारी नहीं लेते थे,लेकिन डॉन सुपारी लेते भी हैं और देते भी हैं। डाकू हों या डॉन मीडिया के लिए हमेशा हाट केक की तरह बिकने वाले कथानक रहे है। आजकल मुंबई में ही नहीं पूरे देश में डाकुओं से ज्यादा डॉन की चर्चा हैं। डॉन लारेंस विश्नोई द्वारा हाल ही में दिल्ली और मुंबई में सुपारी देकर कराई गयी हत्याओं के बाद सुर्खियों में हैं। भ्रष्ट नेताओं से ज्यादा खूखार डॉन सुर्खियों में है। विश्नोईयों के बारे में धारणा है कि वे न केवल पर्यावरण प्रेमी होते हैं बल्कि काले हिरणों के सबसे बड़े संरक्षक भी होते हैं ,लेकिन इस विश्नोई समाज से यदि लारेंस डॉन बनकर निकला है तो हैरानी होती है । पता नहीं लारेंस का राजस्थान के विश्नोई समाज से कोई वास्ता है भी या नहीं। मैंने अपने पत्रकारिता के जीवन में देश के इस सदी के सबसे कुख्यात और रॉबिनहुड रहे डकैत देखे है। उनसे मिला हूँ। माधौ सिंह ,मोहर सिंह ,तहसीलदार सिंह, पान सिंह,निर्भय गूजर से लेकर फूलन देवी तक को मै खूब जानता था,लेकिन कोई इतना नृशंस नहीं था, जितना कि आजकल के डॉन हैं। डाकुओं ने हत्याएं कीं,अपहरण किये, गांव के गांव जलाये लेकिन उनकी करतूतों के पीछे की कहानियां कुछ और हुआ करतीं थीं। उनके मन में हिंसा के साथ दया-माया भी थी। वे रॉबिन हुड की तरह गरीबों की मदद भी करते थे और आततायियों को सबक भी सिखाते थे। डाकुओं ने कभी प्रदेश में बैठकर अपने गिरोह नहीं चलाये लेकिन मोदीकाल के डाकू अमेरिका में बैठकर अपने गिरोह चला रहे है। बीहड़ों के बजाय वातानुकूलित जेलों में रहकर गिरोह चला रहे है। बात नए -नए डॉन लारेंस विश्नोई की हो रही थी । लारेंस विश्नोई हाल ही में एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सुर्खियों में है। उसके निशाने पर एक लोकप्रिय अभिनेता सलमान खान के अलावा अनेक खान हैं। ये महज संयोग है या कोई नियोजित अभियान की लारेंस और सत्तारूढ़ दल के लक्ष्य एक जैसे ही है। कभी -कभी लगता है कि लारेंस ने या तो संघ और भाजपा का एजेंडा चुरा लिया है या वो इन संगठनों और दलों का अंधभक्त बन गया है। दोनों के निशाने पर अल्पसंख्यक ज्यादा हैं, दुसरे लोग भी हैं लेकिन अल्पसंख्यक सबसे ऊपर है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## बोधि वृक्ष



प्रत्येक कार्य मानसिक और शारीरिक रूप से किया जाता है, और किसी कार्य और उससे जुड़ी विचार-रचना की पुनरावृत्ति मस्तिष्क में सूक्ष्म विद्युतीय मार्ग बना देती है, जो फोनोग्राफ रिकॉर्ड में बने खांचों से मिलते-जुलते होते हैं।


### अच्छी आदतों को बनाना एवं बुरी आदतों को नष्ट करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

इसके प्रभाव के परिणामस्वरूप, आप सम्भावतः उस कार्य को दोहराते है। एक कार्य को बार-बार करने से मस्तिष्क में उसकी रूप-रेखा बन जाती है। प्रत्येक कार्य मानसिक और शारीरिक रूप से किया जाता है, और किसी कार्य और उससे जुड़ी विचार-रचना की पुनरावृत्ति मस्तिष्क में सूक्ष्म विद्युतीय मार्ग बना देती है, जो फोनोग्राफ रिकॉर्ड में बने खाँचों से मिलते-जुलते होते हैं। कुछ समय पश्चात, जब कभी आप अपनी एकाग्रता की सूई को विद्युतीय मार्ग के उन 'खाँचों' पर रखते हैं, तो यह मस्तिष्क में छपी मूल रूपरेखा का 'रिकॉर्ड' फिर से बजा देती है। प्रत्येक बार जब कार्य को दोहराया जाता है, विद्युतीय मार्ग के ये खाँचे तब तक गहरे होते रहते हैं जब तक कि हल्की सी ही एकाग्रता उस कार्य रूपी रिकॉर्ड को बार-बार स्वतः ही न बजाने लगे। ये प्रारूप प्रायः आपकी इच्छा के विरुद्ध आपको एक निश्चित प्रकार से व्यवहार करने के लिए बाध्य करते हैं। आपका जीवन उन खाँचों वाले मार्गों का अनुसरण करता है जो आपने स्वयं अपने मस्तिष्क में बनाएँ हैं। उस अर्थ में आप स्वतन्त्र व्यक्ति नहीं हैं; आप न्यूनाधिक अपने द्वारा बनाई गयी आदतों के शिकार हैं। आप किस स्तर तक एक कठपुतली हैं, यह इस पर निर्भर करता है कि ये प्रारूप कितने स्थिर हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज का दोहा

बेहतरीन आकाश पर, बहतरीन से रंग।
बहतरीन ढंग से भरे, फिर भी क्यों बदरंग।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

### रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजार की ताकतों पर नियंत्रण जरूरी



डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा



बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण है कि किसानों को कौन-सी फसल लेना लाभकारी रहेगा, इस पर सोच-विचार का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनकी बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। यह सरकार की सकारात्मक पहल है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छह फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है, जिससे किसानों के लिए ये फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की मानें तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ मानव श्रम को भी शामिल किया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में अन्य प्रमुख फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।

**केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखत :** राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वही है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में है कि किसान को अपनी तात्कालिक व आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राशि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलिये लाभ उठा लेते हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान भव्य ड्रोन शो कराएगी योगी सरकार

**एजेंसी। अयोध्या**



रामनगरी अयोध्या में भक्ति, अध्यात्म, आधुनिकता और संकल्प की शक्ति को सार्थक करने में जुटी योगी सरकार दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन शो का आयोजन करेगी। सीएम योगी के विजन अनुसार, अयोध्या के आकाश में रंग-बिरंगी रोशनी युक्त 500 ड्रोन के जरिए भव्य एरियल ड्रोन शो का आयोजन होगा। इसके जरिए, दीपोत्सव के दौरान मुख्य कार्यक्रम में 15 मिनट तक एरियल ड्रोन शो आयोजन होगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 'मेड इन इंडिया' ड्रोन का इस्तेमाल होगा। एरियल ड्रोन शो के जरिए प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की वीर मुद्रा का लोग दर्शन कर सकेंगे और इस कार्यक्रम में लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर व म्यूजिकल नैरेशन के जरिए समां बांधा जाएगा। रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार, वाल्मीकि, तुलसीदास और राम मंदिर को भी अयोध्या के आकाश में ड्रोन के जरिए दशार्या जाएगा, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठेंगे। वहीं, दीपोत्सव, यूपी सरकार व पर्यटन विभाग के लोगो भी कार्यक्रम में अयोध्या के आकाश पर साकार हो उठेंगे। प्रभु रामलला के विग्रह के भव्य मंदिर में विराजित होने के बाद पहली बार आयोजित होने जा रहे दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, 8वें दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन शो का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा। 30 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम से पूर्व 29 अक्टूबर को ड्रोन शो की रिहर्सल भी की जाएगी, जिससे ड्रोन के समन्वय और फॉर्मेशन के सही क्रम को परखा जाएगा। राम की पैड़ी पर इस ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत, 15 फॉर्मेशंस को आकाश में साकार करने की योजना है। इन कार्यों को पूरा करने के लिए एनिमेशन के साथ डीटेल्ड स्टोरीबोर्ड का निर्माण किया जाएगा, जिसे उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। आकाश में बनने वाले फॉर्मेशंस को सपोर्ट करने के लिए कॉन्सेप्ट, पटकथा, बैकग्राउंड म्यूजिक, वॉयसओवर, नैरेशन और लेजर लाइट्स समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा, जिन पर कार्य शुरू हो गया है। राम की पैड़ी पर लेजर लाइट एंड साउंड शो के जरिए प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को प्रदर्शित किया जाएगा। यूं तो प्रतिदिन राम की पैड़ी पर लेजर व साउंड शो का आयोजन होता है, मगर प्रत्येक वर्ष दीपोत्सव के मुख्य आयोजन में यह कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र में होता है। ड्रोन शो के साथ ही साउंड व लेजर शो का भी आयोजन किया जाएगा और इसे आर्टिस्टिकली डिजाइंड ग्रीन फायरक्रैकर्स की आतिशबाजी का साथ मिलेगा, जो आयोजन स्थल समेत समूचे अयोध्या के आकाश की आभा में चार चांद लगा देते हैं।

# शरद पूर्णिमा उत्सव मना रहे लोगों पर हमला, आठ घायल

**एजेंसी। जयपुर**

जयपुर के करणी विहार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव मना रहे लोगों पर असामाजिक तत्वों ने धारदार हथियारों और लाठियों से हमला कर दिया। हमले में आठ लोग घायल हो गए। घायलों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ स्वयंसेवक भी हैं। घायलों को उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो हमलावरों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार जयपुर के करणी विहार थाना क्षेत्र में स्थित निम्बार्क नगर के शिव मंदिर में गुरुवार रात शरद पूर्णिमा उत्सव चल रहा था। कार्यक्रम के बाद प्रसाद में खीर बांटने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान पड़ोस में ही रहने वाले नसीब सिंह चौधरी और बेटे भीष्म चौधरी ने आपत्ति जताई। इस पर कहासुनी हो गई, जब लोगों ने समझाने का प्रयास किया तो नसीब चौधरी और भीष्म ने फोन कर अपने परिवार और अन्य लोगों को बुला लिया। थोड़ी देर में बड़ी संख्या में लोग धारदार हथियार लेकर वहां पहुंचे और निहत्थे लोगों पर हमला कर दिया। हमले की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। आक्रोशित लोगों ने दिल्ली-अजमेर हाइवे पर जाम लगा दिया।

# हिंदुओं के खिलाफ मानवाधिकार उल्लंघन पर वैश्विक चुप्पी चिंताजनक

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर बोले उपराष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को पड़ोसी देशों में हिंदुओं के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन पर वैश्विक चुप्पी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस से अपनी अंतरात्मा की आवाज पर चलने का पाप करने के कारण कठोर दमन के तहत भारत भागकर आए राज्यविहीन शरणार्थियों का मानवाधिकारों के नाम पर विरोध किया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने मानवाधिकारों के सभ्यतागत संरक्षक के रूप में भारत की असाधारण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने हमारे पड़ोस में हिंदुओं की दुर्दशा के सबसे निराशाजनक पहलू और तथाकथित नैतिक उपदेशकों, मानवाधिकारों के संरक्षकों की बहरी चुप्पी की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा, वे पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। वे ऐसी चीज के भाड़े के सैनिक हैं जो मानवाधिकारों के बिल्कुल विपरीत है। लड़कों, लड़कियों और महिलाओं के साथ किस तरह की बर्बरता, यातना, दर्दनाक अनुभव होता है, इसे देखें। हमारे धार्मिक स्थलों को अपवित्र होते हुए देखें।




### मानवीय संकटों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत

उन्होंने वैश्विक आक्रोश की कमी की ओर इशारा करते हुए कुछ क्षेत्रों में हिंदुओं द्वारा सामना किए जा रहे मानवीय संकटों पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के उल्लंघनों के प्रति बहुत अधिक सहनशील होना उचित नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक के बाद एक प्रकरणों में सबूत जमा हो रहे हैं कि डीप स्टेट उभरती शक्तियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई में शामिल है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का इस्तेमाल विदेश नीति के एक उपकरण के रूप में दूसरों पर शक्ति और प्रभाव डालने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। नाम लेना और शर्मिंदा करना कूटनीति का एक घटिया रूप है।

## पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में पांच और आरोपित गिरफ्तार

**मुंबई।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को रायगढ़ जिले से 5 और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में कुल 9 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में तीन वांछित आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर मुंबई पुलिस टीम ने पड़ोसी रायगढ़ जिले के पनवेल और कर्जत में अलग-अलग जगहों पर शुक्रवार सुबह छापे मारे गए। इसके बाद इन 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के भी संपर्क में थे। गिरफ्तार आरोपितों में नितिन सप्रे, रामफुल चंद कनौजिया, संभाजी किशोर पारधी, प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे और चेतन पारधी हैं।

# उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उमर अब्दुल्ला कैबिनेट के मंत्रियों को विभाग बांटे

**एजेंसी। जम्मू**



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली कैबिनेट में शामिल नए मंत्रियों को विभागों का आवंटन कर दिया है। मुख्यमंत्री की सलाह पर विभागों के आवंटन का आदेश उपराज्यपाल ने जारी किया है। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी को महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी के पास सार्वजनिक निर्माण (आरएण्डबी), उद्योग एवं वाणिज्य, खनन, श्रम एवं रोजगार, और कौशल विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और सामाजिक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सकीना मसूद (इटो) को दी गई है। जावेद अहमद राणा जल शक्ति, वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, और जनजातीय मामलों का विभाग संभालेंगे। जाविद अहमद डार के पास कृषि उत्पादन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, सहकारिता, और चुनाव संबंधी कार्यों का प्रभार संभालेंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, परिवहन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, युवा सेवाएं एवं खेल, और एआरआई एवं प्रशिक्षण विभाग का कार्यभार सतीश शर्मा को सौंपा गया है। अन्य विभाग मुख्य मंत्री के पास रहेंगे।

# आयकर विभाग ने महाराष्ट्र चुनाव में वित्तीय कदाचार रोकने के लिए नियंत्रण कक्ष किया स्थापित

**एजेंसी। मुंबई/नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने महाराष्ट्र विधानसभा के आम चुनावों के दौरान धनबल के दुरुपयोग को रोकने के लिए 24 गुणा 7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। विभाग ने लोगों से कालेधन के खिलाफ राज्य में होने वाले चुनाव में वित्तीय कदाचार की रिपोर्ट करने को भी कहा है। आयकर विभाग ने एक्स पोस्ट पर एक बयान में कहा है कि आयकर विभाग, महाराष्ट्र में आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान धनबल के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने और चुनाव की शुद्धता बनाए रखने के उद्देश्य से आयकर विभाग, मुंबई ने 24 गुणा 7 नियंत्रण कक्ष से युक्त एक चुनाव व्यय निगरानी तंत्र स्थापित किया है। काले धन के खिलाफ आयकर विभाग ने अपनी मुहिम में अपील करते हुए कहा कि हम धनबल के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यय निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है।

## आरजी कर वित्तीय अनियमितता मामले में नया मोड़, सीबीआई की जांच के घेरे में छह डॉक्टर

**कोलकाता।** कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के छह और डॉक्टर स्वास्थ्य सुविधा में कथित करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के दायरे में हैं। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी की जांच के दायरे में आए इन छह डॉक्टरों में आर.जी. कार के पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष और उसी अस्पताल से जुड़े उनके विश्वासपात्र हाउस स्टाफ आशीष पांडे के अलावा अन्य लोग भी शामिल हैं, जिन्हें वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सीबीआई अधिकारियों ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# एक लापरवाही से गई दादा, दादी व पोता सहित चार की जान

**एजेंसी। फरीदाबाद**



जिले के डबुआ थाने के अंतर्गत भांखरी गांव में गुरुवार रात करीब ढाई बजे एक कमरे में रखा सिलेंडर गैस लीक होने से आग लगने के बाद फट गया। गैस सिलेंडर धमाका इतनी तेज था कि कमरे की छत गिर गई और छत का एक हिस्सा उड़कर पड़ोसी के मकान पर जाकर गिरा। इस हादसे में दादा, दादी और पोत सहित चार लोगों की मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ है। मकान के मलबे में दबकर दो पशुओं की भी मौत हुई है। भांखरी गांव में रहने वाले सुरजीत (55) गांव में ही हार्डवेयर के सामान की दुकान चलाते थे। बेटा धर्मवीर भी इनके संग दुकान संभालता था। दुकान के ऊपर एक कमरा बना था। इसमें सुरजीत पत्नी बबीता (53) के साथ रहते थे। दुकान के पीछे बने मकान में बेटा धर्मबीर पत्नी अपनी चार बच्चों के संग रहता है। सुरजीत के साथ कमरे में रोज उनका पोता नकुल (15) और पोती रीतिका (9) सोती थी। एक पोता भविष्य और पोती प्रीतिका अपने माता-पिता के साथ सोते थे। सुरजीत ने अपने कमरे में दो सिलेंडर और चूल्हा रखा था। इस पर कभी कभार खाना भी बना लेते थे। बताया गया कि शुक्रवार को पोता नकुल का जन्मदिन दिन था। गुरुवार की रात दुकान के ऊपर के कमरे में सुरजीत, उनकी पत्नी बबीता और पोता नकुल सोया था। किन्हीं कारण से रितिका इस रात को दादा-दादी के पास नहीं सोई थी। आशंका है कि रात को सिलेंडर से गैस लीक हो गई। उस समय लाइट भी नही थी। बताया गया कि जैसे ही करीब ढाई बजे लाइट आई और तभी एक जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर तमाम ग्रामीण सुरजीत के कमरे पर पहुंचे तो कमरे की छत दुकान की गिरी पड़ी थी। कमरे के मलबे में दबकर तीन लोगों की मौत हो गई। मौके पर तीन हाईड्रा मंगा कर छत के मलबे में दबे दंपति व उसके पोते के शव को बाहर निकाला गया।

## फिल्म नीति की मंजूरी से बिहार के टूरिज्म को होगा फायदा : मनोज तिवारी

**पटना।** दिल्ली से भाजपा सांसद व भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार मनोज तिवारी शुक्रवार को पटना में थे। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत के दौरान बिहार में फिल्म नीति को मिली मंजूरी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। होटल ताज में आयोजित फिल्म कॉन्क्लेव में शामलि मनोज तिवारी ने कहा, बिहार सरकार ने फिल्म प्रोत्साहन नीति शुरू की है। इससे एक फिल्म को 2 से 5 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी। मैं समझता हूं यह बहुत बड़ा कदम है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को बधाई देता हूं। मेरा विश्वास है इससे न सिर्फ सिनेमा, बल्कि बिहार के इमेज को भी बहुत बड़ा लाभ होगा। इससे टूरिज्म को भी बहुत फायदा होगा।

## परिवार के साथ कामाख्या मंदिर पहुंचीं तमन्ना भाटिया, किया दर्शन-पूजन



**गुवाहाटी।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने शुक्रवार को असम स्थित कामाख्या मंदिर में दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। अभिनेत्री अभी एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के घेरे में हैं। माता-पिता के साथ कामाख्या मंदिर पहुंचीं अभिनेत्री तमन्ना भाटिया सफेद कुर्ता-सलवार पहने नजर आईं। गुवाहाटी में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को उनसे लंबी पूछताछ की। भाटिया अपने परिवार के साथ शहर के एक आलीशान होटल में रुकी थीं। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी उन्हें एक बार और पूछताछ के लिए बुला सकती है। कई निवेशकों को एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप में बिटकॉइन और कुछ अन्य को कथित तौर पर ठगा गया। 34 वर्षीय अभिनेत्री का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अनुसार क्षेत्रीय कार्यालय में दर्ज किया गया है।

## हिंदी माह समापन समारोह पर स्टालिन का पत्र अंबेडकर के विचारों के खिलाफ: भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के हिंदी माह समापन समारोह के विरोध में प्रधानमंत्री को लिखे पत्र को लेकर उनकी कड़ी निंदा की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारी उल्लेखनीय भाषाई विविधता को हमारी सभ्यता की ताकत मानते हैं, वहीं डीएमके के पास भाषा को एक पक्षपातपूर्ण राजनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग करने का एक लंबा इतिहास है। प्रधानमंत्री हमारी महान भाषाई विविधता एवं विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं लेकिन मुख्यमंत्री स्टालिन द्वारा प्रधानमंत्री को लिखा गया पत्र डॉ.अंबेडकर के विचारों के खिलाफ है और यह सहकारी संघवाद की भावना के विरोध को भी उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि स्टालिन ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में चेन्नई दूरदर्शन के स्वर्ण जयंती समारोह के साथ हिंदी माह समापन समारोह मनाए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश में हिंदी से ज्यादा बोली जाने वाली और भी भाषाएं हैं, इसलिए हिंदी का पक्ष नहीं लिया जाना चाहिए। हर राज्यवासी को अपनी मातृभाषा से लगाव है। सभी को देश के साथ ही अपनी राज्य की संस्कृति और भाषा से प्यार है। ऐसे में हिंदी भाषा का इस तरह से लोगों के ऊपर थोपा जाना देश के गैर हिंदी भाषी लोगों के लिए विभाजनकारी प्रक्रिया है।

# मौत का तीसरा बड़ा कारण सांस की बीमारी


## युवाओं में बढ़ रही है सांस संबंधि बीमारी, विश्व के 10.6% लोग इसके मरीज

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** आप चंगे रह सकें , आपका हर अंग ठीक से काम कर सके, इसके लिए आपके सांस के द्वारा फेफड़े में बिना रुकावट शुद्ध ऑक्सीजन जाना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही आपके फेफड़ों का भी स्वस्थ रहना उतना ही जरूरी है। लेकिन अब बढ़ते प्रदूषण व बिगड़ती दिनचर्या, खान-पान के कारण लोगों में फेफड़ों से संबंधित कई तरह की बीमारी होने लगी हैं। इसी तरह की एक बीमारी है क्रॉनिक ऑब्सट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी)। 40 वर्ष से कम उम्र वालों में भी यह बीमारी तेजी से बढ़ने लगी है। यदि इसके आंकड़ों की बात करें तो 2020 के आंकड़ों के अनुसार विश्व में सीओपीडी के लगभग 48 करोड़ मामले थे, जो विश्व की जनसंख्या का लगभग 10.6% है। यह बीमारी हर वर्ष लाखों लोगों की मौत का कारण भी बन रही है। इससे 2019 में 32.3 लाख लोगों की मौत भी हो गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार सीओपीडी विश्व में मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। इसके 70% से ज्यादा मामले गुटखा, खैनी , तम्बाकू जैसी चीजें खाने, सिगरेट, बीड़ी, गांजा, चरस आदि पीने के कारण होते हैं।

### धुएं, धूल व रसायनों के लंबे समय तक संपर्क से बढ़ता है खतरा

यह फेफड़ों को बहुत नुकसान पहुंचाने वाली बीमारी है, जिसमें फेफड़े की नली के अंदर सूजन व जलन होने लगती है। इस बीमारी के कारण फेफड़ों में हवा आने-जाने में रुकावट होने लगती है। इसके बारे में जो अध्ययन हुए हैं, उससे पता चलता है कि धुएं, धूल व रसायनों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण सीओपीडी रोग होने का खतरा बहुत बढ़ जाता है। और यदि समय रहते इस बीमारी का पता नहीं चला, इलाज नहीं हुआ, तो इससे मौत होने तक की संभावना हो जाती है। चिंता की बात यह है कि इस रोग के लक्षण तब दिखते हैं, जब फेफड़ों को बहुत ज्यादा नुकसान हो चुका होता है।



### प्रदूषण से परेशान कई लोग छोटे शहरों का कर रहे रूख

लेकिन जब आप दिल्ली, नोएडा, गुरूग्राम, कानपुर जैसे तमाम प्रदूषित शहरों में रहते हैं तो वहां तो बरसात के मौसम में कुछ सप्ताह को छोड़कर हमेशा कई गुना वायु प्रदूषण रहता है। इसलिए कहा जाने लगा है कि दिल्ली एनसीआर में कोई बच्चा पैदा हो तो वह अपनी उम्र से 5 वर्ष कम उम्र लेकर का पैदा होता है। इसी वजह से जो लोग साधन संपन्न हैं, वे अब किसी ऐसे स्थान पर रहने चले जा रहे हैं, जहां प्रदूषण कम है। दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों के प्रदूषण से परेशान लोग दक्षिण भारत के किसी साफ -सुथरे, छोटे, शांत, कम भीड़ वाले शहर में सिफ्ट हो रहे हैं तो कई लोग हिमाचल, उत्तराखंड जाकर रहने लगे हैं।

### बीमारी के लक्षण

सीओपीडी शुरू होने पर व्यक्ति को सांस लेने में परेशानी होती है, विशेषकर जब वह कुछ काम करता है, दौड़ता है, कुछ वजन उठाता है। इसके साथ ही उसको बलगम के साथ बहुत खांसी आने लगती है, सीने में भारीपन हो जाती है, बार-बार फेफड़ों में संक्रमण होने लगता है, वजन कम होने लगता है। यह बीमारी जब ठंड बढ़ती है या ठंडी हवा चलती है या वायु प्रदूषण होता है, सर्दी या संक्रमण होता है तो तेजी से बढ़ती है। तब इसके लक्षण ज्यादा सामने आने लगते हैं। कई डाक्टर तो इस बीमारी के होने का मुख्य कारण धूम्रपान मानते हैं।

## झारखंड से तस्करी कर ला रहे 55 लाख की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच और थाना मुरादनगर पुलिस ने झारखंड से तस्करी कर लाई जा रही लगभग 55 लाख रुपये कीमत की दो किलोग्राम अफीम सहित दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को झारखंड के चतरा जिले से गाजियाबाद, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में डिमांड के मुताबिक अफीम की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी संजय भूईया चतरा जिला का रहने वाला है और वह पढ़ा-लिखा नहीं है। पहले वह अपने गांव के पास ही एक होटल पर खाना बनाने का काम करता था। ज्यादा पैसे कमाने के लिए वह चतरा के ही रहने वाले अफीम तस्कर प्रकाश के संपर्क में आया, जो अफीम की तस्करी झारखंड से बाहर देश के कई राज्यों में करता था। संजय भुईया ने भी अफीम तस्कर प्रकाश से माल लेकर अफीम की तस्करी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली-एनसीआर में करने लगा। दूसरे आरोपी रामचंद्र भुईया से पूछताछ करने पर पता चला कि वह भी चतरा जिला का रहने वाला है और 10वीं पास है।

# बेंगलुरु टेस्ट : भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 231 रन बनाए, सरफराज 70 पर नॉटआउट

एजेंसी

**बेंगलुरु** । भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। आज के खेल की अंतिम गेंद पर अच्छी बल्लेबाजी कर रहे विराट कोहली आउट हो गए। उन्हें ग्लेन फिलिप्स ने आउट किया। कोहली ने 102 गेंदों का सामना करते हुए 8 चौके और एक छक्के की मदद से 70 रन बनाए। इस तरह शुक्रवार को खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 3 विकेट पर 231 रन बना लिए हैं। सरफराज खान 78 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद हैं। अभी भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है। दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। यशस्वी 52 गेंदों पर 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान रोहित ने टेस्ट करियर का 18वां अर्धशतक जड़ा। रोहित अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन वह अजीब तरीके से आउट हो गए। दरअसल, रोहित ने गेंद को अच्छे से डिफेंड कर लिया था, लेकिन गेंद पीछे की ओर गई और स्टम्प्स में जा लगी। इस तरह रोहित आउट हो गए। रोहित ने 63 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाए। दो विकेट गिरने के बाद विराट कोहली और सरफराज खान ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरे। इस दौरान सरफराज ने अपने टेस्ट करियर का चौथा अर्धशतक लगाया। फिर इसके बाद कोहली ने भी पचासा जड़ दिया। इस दौरान कोहली टेस्ट में नौ हजार रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। कोहली और सरफराज दोनों 100 रन से अधिक साझेदारी कर भारतीय टीम को मुश्किल से निकाल रहे थे, लेकिन तीसरे दिन के खेल की अंतिम गेंद पर कोहली ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हो गए।न्यूज़ीलैंड की ओर से स्पिनर एजाज पटेल को दो और फिलिप्स को एक विकेट मिला है।




## भारत की पहली पारी 46 रन पर सिमटी थी

मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की पहली पारी केवल 46 रनों पर सिमट गई थी। भारत की तरफ से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए, जबकि पांच बल्लेबाजों ने खाता भी नहीं खोला और तीन बल्लेबाज तीन रनों का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। ऋषभ पंत के अलावा यशस्वी जयसवाल (13) ही दहाई का आंकड़ा छू सके, जबकि विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन खाता भी नहीं खोल सके। न्यूज़ीलैंड के लिए मैट हेनरी ने 5 विकेट झटके, जबकि विलियम ओ'रूर्के ने 4 विकेट लिए, वहीं टिम साउथी को 1 विकेट मिला।

## न्यूज़ीलैंड ने पहली पारी में बनाए 402 रन

इससे पहले न्यूज़ीलैंड ने तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 402 रन बनाए और कीवी टीम को पहली पारी के आधार पर 356 रनों की बड़ी बढ़त मिली। पहली पारी में न्यूज़ीलैंड को कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे ने अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। इस साझेदारी को कुलदीप यादव ने लैथम (15) को एलबीडब्ल्यू आउट कर तोड़ा। इसके बाद विल यंग और कॉन्वे ने दूसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़े और टीम को 142 तक ले गए। रविंद्र जडेजा ने विल यंग (33) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 154 के कुल स्कोर पर अश्विन ने कॉन्वे को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। कॉन्वे ने 91 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद न्यूज़ीलैंड ने डेरिल मिचेल (18), टॉम ब्लंडेल (05), ग्लेन फिलिप्स (14) और मैट हेनरी (08) के विकेट जल्दी-जल्दी खो दिये और कीवी टीम का स्कोर 7 विकेट पर 233 रन हो गया। यहां से रचिन रविंद्र और टिम साउथी ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए आठवें विकेट के लिए 137 रन जोड़ दिये। इस दौरान रविंद्र ने जहां अपना शतक पूरा किया, वहीं साउथी ने अर्धशतक लगाया।



# वावरिंका नॉर्डिक ओपन में सबसे उम्रदराज क्वार्टर फाइनलिस्ट बने

एजेंसी

**स्टॉकहोम** । स्टेन वावरिंका स्टॉकहोम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज क्वार्टर फाइनलिस्ट बन गए, उन्होंने नॉर्डिक ओपन में एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ 6-4, 3-6, 7-5 से जीत हासिल की। 39 वर्षीय वावरिंका निर्णायक सेट में दो बार ब्रेक से पिछड़ गए, लेकिन दो घंटे, 12 मिनट में आगे बढ़ने के लिए कुछ साहसिक प्रदर्शन किया। वावरिंका ने कहा, "मैं इस मैच को जीतकर बहुत खुश हूं, आज यह एक कठिन प्रतिद्वंद्वी था, लेकिन स्तर अच्छा था और यहां दो मैच जीतना बहुत अच्छा था। यह एक अद्भुत माहौल है, पूरा घर भरा हुआ है। इतना शोर मचाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, वावरिंका का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव से होगा, जिन्होंने एलेक्जेंडर मुलर पर 6-4, 6-1 से जोरदार जीत दर्ज की। रुब्लेव ने पूरे मुकाबले में पलक नहीं झपकाई, जिसके दौरान उन्होंने 17 विनर्स लगाए और अपने सामने आए सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। इससे पहले, मिओमिर केकमनोविच ने निकोलस जैरी के साथ एक रोमांचक मुकाबले में अपना धैर्य बनाए रखा, जो अंत तक चला। सर्बियाई ने कड़े मुकाबले में 6-4, 4-6, 7-6(2) से जीत दर्ज की।

## एक खराब रात हमारी टीम को परिभाषित नहीं करती : एलिसा

**दुबई** । ऑस्ट्रेलिया की चोटिल कप्तान एलिसा हीली ने जोर देकर कहा है कि एक खराब रात उनकी टीम को परिभाषित नहीं करेगी, क्योंकि दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से आठ विकेट से हार के बाद लगातार चौथी बार महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं। एलिसा ने पत्रकारों से कहा, "मुझे लगता है कि हमने जो माहौल बनाने में कामयाबी हासिल की है, और हमारी टीम के अंदर जो विश्वास है, कि कोई भी मैदान पर जाकर मैच जीत सकता है, मुझे लगता है कि यह इस विश्व कप में दिखा। मुझे लगता है कि एक खराब रात जरूरी नहीं कि हमारी टीम को परिभाषित करे। उन्होंने कहा, "हां, हम ट्रॉफी जीतना चाहेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है। मुझे लगता है कि इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हुई हैं, और जिस तरह से लडकियां बढ़ रही हैं, सीख रही हैं और बेहतर बनना चाहती हैं, वह इतनी कम उम्र में टीम की परिपक्वता को दर्शाता है।

# एक दिवसीय मलखंब प्रतियोगिता संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**रांची** । जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक- बालिका मलखंब प्रतियोगिता गुरुवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन रांची जिला मलखंब संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड मलखंब अकादमी के निदेशक डॉ. अजय झा ने पुरस्कार वितरण किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संघ के सहायक प्रशिक्षक संजय कुमार ने किया। पूरे प्रतियोगिता को सफल संचालन एवं निर्णायक के रूप में राष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल कुमार, इस्तियाक अंसारी, सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी, कौशल कुमार ने अहम भूमिका निभाई।




**पोल मलखंब अंडर-14 बालक वर्ग:-**
1. सत्यवीर कुमार दास
2. प्रिन्स कुमार
3. विवेक गोराई

**अंडर-18 वर्ष बालक वर्ग:-**
1. रोहण कुमार
2. सन्नी कुमार
3. आदित्य कच्छप

**अंडर-14 बालिका वर्ग:-**
1. लवली कुमारी
2. हंसिका कुमारी
3. अन्नू कुमारी

**अंडर-18 बालिका वर्ग:-**
1. अमिका कुमारी
2. निधि कुमारी
3. गुड़िया कुमारी

**रोप मलखंब अंडर-14 बालिका वर्ग:-**
1. हंसिका कुमारी
2. अन्नू कुमारी
3. सोनाली कुमारी

**रोप मलखंब अंडर-18 बालक वर्ग:-**
1. रोहण कुमार
2. अजय कुमार
3. प्रियांशु कुमार

**हैंगिंग मलखंब अंडर-14 बालक वर्ग:-**
1. रणवीर कुमार दास
2. पियूष राज
3. रितेश लिण्डा

**हैंगिंग मलखंब अंडर-18 बालक वर्ग:-**
1. सन्नी कुमार
2. आर्यन महतो
3. रोहण कुमार

# पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को हराया, सीरीज 1-1 बराबर पर

एजेंसी



**मुल्तान**। पाकिस्तान ने मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर 152 रनों की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह जीत पाकिस्तान के स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिली, जिन्होंने दोबारा इस्तेमाल की गई पिच का पूरा फायदा उठाया और चौथे दिन लंच से पहले इंग्लैंड को 144 रनों पर आउट कर दिया। इस नतीजे के बाद अगले हफ्ते रावलपिंडी में रोमांचक सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा, जिसमें सीरीज 1-1 से बराबर होगी। 297 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ढेर कर दिया, जिन्होंने चौथे दिन सुबह गिरे आठ में से सात विकेट चटकाए, दूसरी पारी में 8-46 और मैच में कुल मिलाकर 11-147 के आंकड़े हासिल किए। मैच में नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।नोमान ने ऑफ स्पिनर साजिद खान के साथ मिलकर, जिन्होंने दोनों पारियों में नौ विकेट लिए, इंग्लैंड की स्पिन के सामने कमजोरियों को उजागर किया। दोनों ने मिलकर 20 विकेट आपस में बांटने का दुर्लभ कारनामा किया, ऐसा टेस्ट इतिहास में केवल सात बार हुआ है।

# हरियाणा ओपन में राहिल गंगजी ने पहले दौर में बढ़त के लिए 63 का सुपर कार्ड खेला

एजेंसी



**पंचकूला** । इस साल की शुरुआत में दो अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने वाले बेंगलुरु के राहिल गंगजी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पंचकूला गोल्फ क्लब (पीजीसी) में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये के हरियाणा ओपन में नौ अंडर 63 का शानदार स्कोर बनाया और पहले दौर में बढ़त हासिल की। अहमदाबाद के वरुण पारीख ने आठ अंडर 64 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और दूसरे स्थान पर रहे। चंडीगढ़ के गत विजेता जयराज सिंह संधू सात अंडर 65 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, उनके साथ किशोर अंशुल कब्थियाल, एन थंगराजा, ध्रुव श्योरण और क्षितिज नवीद कौल भी संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। चंडीगढ़ के हरेंद्र गुप्ता शीर्ष-10 में शामिल अन्य ट्राइसिटी गोल्फर रहे, जिन्होंने 67 का स्कोर बनाया और नौवें स्थान पर रहे। अनुभवी राहिल गंगजी, जो इस सीजन में पीजीटीआई रैंकिंग में पांच शीर्ष-10 के साथ चौथे स्थान पर हैं, ने पहले दिन एक ईगल और आठ बर्डी के साथ अपना दबदबा कायम किया, लेकिन एक बोगी की कीमत चुकाई। गंगजी ने कहा, "मैं अब तक के साल से बहुत खुश हूं।

# 12वीं की परीक्षा के कारण न्यूज़ीलैंड के खिलाफ वनडे नहीं खेलेंगी ऋचा, हरमनप्रीत रहेंगी कप्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली** । न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ आगामी वनडे सीरीज़ में ऋचा घोष 12वीं की परीक्षा के कारण नहीं खेलेंगी। 21 वर्षीय घोष 2020 से भारत की अंतर्राष्ट्रीय टीमों का हिस्सा हैं जब वह 16 साल की थीं। इस सीरीज के लिए हरमनप्रीत कौर को कप्तान के रूप में बरकरार रखा गया है। 16 सदस्यीय दल 24, 27 और 29 अक्तूबर को अहमदाबाद में तीन मैचों की वनडे सीरीज़ खेलेगा जिसकी कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी, जिनकी कप्तानी T20 विश्व कप के ग्रुप चरण से भारत के बाहर होने के बाद ख़तरे में थी। यह टूर्नामेंट में भारत का पहला मैच था जब न्यूज़ीलैंड ने बड़ी जीत हासिल करके उनको मुश्किलों में डाल दिया था। वनडे टीम में तेज़ गेंदबाज़ी ऑलराउंडर वनडे डेब्यू कर रही हैं, जिसमें सयाली सतघरे और साइमा ठाकोर शामिल हैं, इसके अलावा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा और मध्य क्रम की बल्लेबाज़ तेजल हसबनिस शामिल हैं।

**भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शेफ़ाली वर्मा, दयालन हेमलता, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रॉड्रिक्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), सयाली सतघरे, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, तेजल हसनबिस, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# नेपाल, बिहार, पंजाब और दिल्ली में बढ़ी यूपी के केले की मांग

एजेंसी

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में उत्पादित केले की उच्च गुणवत्ता के कारण इसकी मांग देश के विभिन्न हिस्सों और मित्र राष्ट्र नेपाल तक में तेजी से बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में यह फसल यूपी के किसानों की किस्मत बदलने वाली साबित हो सकती है, खासकर उन जिलों में जहां केले की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। इसका सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में शामिल कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, अमेठी और बाराबंकी जैसे अनेक जिलों के उन किसानों को मिलेगा जो पिछले करीब डेढ़ दशक से केले की खेती कर रहे हैं। इनके केले की गुणवत्ता भी अच्छी है। दरअसल केंद्र के खाद्य उत्पाद निर्यात प्रसंस्कृत प्राधिकरण (एपीडा) केला, आम, आलू, अनार और अंगूर सहित फलों और सब्जियों के करीब डेढ़ दर्जन उत्पादों का समुद्री रास्ते से निर्यात बढ़ाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट तैयार कर रही है। योगी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल के दौरान यूपी की कनेक्टिविटी एक्सप्रेस-वे, एयरवेज और रेल सेवाओं के जरिये वैश्विक स्तर की हो गई है। इसे लगातार और बेहतर बनाया जा रहा है। ऐसे में लैंड लॉक्ड होना यूपी की प्रगति के लिए कोई खास मायने नहीं रखता। लिहाजा केंद्र की पहल का सर्वाधिक लाभ भी यूपी के किसानों को होगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि योगी सरकार पहले से ही केले की खेती को प्रोत्साहन दे रही है। केले को करीब छह साल पहले ही कुशीनगर का ओडीओपी (एक जिला,एक उत्पाद) घोषित करना इसका सबूत है।

## वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 30 फीसद है



यही नहीं सरकार प्रति हेक्टेयर केले की खेती पर करीब 38 हजार रुपए का अनुदान दे रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबंधित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (रहमान खेड़ा लखनऊ) के निदेशक टी. दामोदरन की अगुआई में वैज्ञानिकों की टीम लगातार केला उत्पादक क्षेत्रों में विजिट कर फसल में रोगों, कीटों के प्रकोप की निगरानी करती है। जिलों के कृषि विज्ञान केंद्र भी किसानों को लगातार फसल की संरक्षा और सुरक्षा के बारे में बताते रहते हैं। एपीडा के आंकड़ों के मुताबिक भारत विश्व का सबसे बड़ा केला उत्पादक है। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान से मिले आंकड़ों के मुताबिक भारत में लगभग 3.5 करोड़ मीट्रिक टन के उत्पादन के साथ लगभग 9,61,000 हेक्टेयर भूमि में इसकी खेती की जाती है। एपीडा के अनुसार वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 30 फीसद है। पर, करीब 16 अरब के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ एक फीसद है। एपीडा ने अगले दो से तीन वर्षों में केले का निर्यात बढ़ाकर एक अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसके मद्देनजर पहली बार मुंबई केले पर केंद्रित क्रेता विक्रेता सम्मेलन भी प्रस्तावित है। स्वाभाविक है कि इस सबका लाभ उत्तर के किसानों को सर्वाधिक मिलेगा।

**16 अरब के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ एक फीसद है।**

# भारत के 21 राज्यों की औसत जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 में 11.2% रहने का अनुमान : एनएसई स्टडी

एजेंसी

**मुंबई** । भारत के 21 बड़े राज्यों की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 में 11.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, इस दौरान इन राज्यों के पूंजीगत खर्च में कमी देखने को मिल सकती है और यह 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.5 लाख करोड़ रुपये रह सकता है। यह जानकारी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) की ओर से जारी किए गए डेटा से मिली। यह 21 राज्य साथ मिलकर देश की 95 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं। वित्त वर्ष 25 में इन राज्यों की जीडीपी 326 लाख करोड़ रहने की उम्मीद है। पूंजीगत खर्च अनुपात में 6.2 प्रतिशत के साथ पंजाब सबसे निचले स्थान पर है। गुजरात 36.2 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। एनएसई की 'स्टेट ऑफ स्टेट्स' रिपोर्ट में कहा गया कि इन राज्यों की औसत जीडीपी वृद्धि दर 11.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# भारत रिकॉर्ड समय में 5जी नेटवर्क स्थापित करने बाद 6जी में भी तेजी से आगे बढ़ रहा : एक्सपर्ट्स

एजेंसी

**मुंबई** । रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक 5जी नेटवर्क स्थापित करने के बाद भारत अब 6जी टेक्नोलॉजी में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को एक्सपर्ट्स की ओर से यह बयान दिया गया। संचार मंत्रालय के उप महानिदेशक सुमनेश जोशी ने कहा कि आज, हर किसी के पास एक बैंक खाता है जो वित्तीय ऋण या सूक्ष्म ऋण, सूक्ष्म बीमा, म्यूचुअल फंड और यहां तक कि शेयर-संबंधित उत्पादों जैसी नवीन सेवाओं के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाता है। एसोचैम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जोशी ने कहा कि हमें अपनी ओर से बनाए गए इकोसिस्टम का फायदा उठाना है। आज हम सिर्फ 5 रुपये, 10 रुपये, 15 रुपये का भी लेन-देन कर पाते हैं। अब हम स्मार्टफोन के बिना, बिना क्यूआर कोड के भुगतान करने के बारे में सोच सकते हैं। आधार-आधारित भुगतान अगला तार्किक कदम है और आज सभी प्रणालियों को जोड़ना समय की मांग है। अपने संबोधन में आगे कहा कि भारत की ओर से दुनिया में सबसे तेज 5जी नेटवर्क स्थापित किया गया है और 6जी में भी आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है।




# सोना 80 हजार रुपये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली** । अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, त्योहारी सीजन की मजबूत मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 550 रुपये की तेजी के साथ 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।




इससे पहले गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 550 रुपये उछलकर 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी 1,000 रुपये उछलकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। गुरुवार को चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। वायदा कारोबार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलीवरी के लिए सोने के अनुबंध 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहे थे। दिन के कारोबार के दौरान, सोने के वायदा ने 77,667 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन में ग्राहकों की खरीदारी बढ़ने से घरेलू बाजार में कीमती धातुओं की मांग मजबूत होकर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। मध्य पूर्व में जारी तनाव और आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के कारण अनिश्चितता के बीच निवेशक पीली धातु को सुरक्षित निवेश के तौर पर देख रहे हैं।

# नामांकन प्रक्रिया शुरू, पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया

**▶▶ पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए 23 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री**

**▶▶ नामांकन प्रक्रिया के चालू होने पर कचहरी परिसर में बढ़ी रौनक**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की सभी विधानसभा सीटों के लिए शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई, लेकिन पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया। पहले दिन पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 23 नामांकन पत्रों राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों ने खरीदा। हालांकि, कई उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे, जिससे कचहरी परिसर में रौनक बढ़ गई। पलामू जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया के लिए निर्वाची पदाधिकारियों के कार्यालय के अंदर और निकास द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनके साथ पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पहले दिन नामांकन पत्र खरीदने वालों में डालटनगंज विधानसभा से पांच लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा, जिनमें लक्ष्मी नारायण तिवारी, कृष्णा नंद त्रिपाठी, महेश साव, सुनील प्रजापति, और ओम प्रकाश गुप्ता शामिल हैं। पांकी विधानसभा के लिए बच्चन सिंह, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह, नागेंद्र कुमार, सुमित कुमार यादव, पूर्व मंत्री मधु सिंह के बेटे लाल सूरज, और विनोद कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा। विश्रामपुर विधानसभा के लिए आठ लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। इनमें नरेश सिंह, राजीव रंजन पांडेय, अंजू सिंह, रौशन सिंह, अनिल मिस्त्री, सिराजुद्दीन खान, खातून, और गोपाल राम शामिल हैं। हुसैनाबाद एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी कृष्णकांत कनवड़िया ने बताया कि नामांकन के पहले दिन किसी अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। पहले चार अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा हैं। उनमें मनोज मेहता निर्दलीय ग्राम सजवन,वीरेन्द्र कुमार बसपा, ग्राम वीरधवर,संजय कुमार सिंह यादव राजद ग्राम पुरनदर विगहा व नरेश पासवान गम्हरिया निर्दलीय का नाम शामिल है। नामांकन की प्रक्रिया को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। नामांकन स्थल पर बड़ी संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। जानकारी के अनुसार सभी विधानसभा के लिए नामांकन प्रक्रिया का स्थान निर्धारित किया गया है। पांकी के उम्मीदवार जिला आपूर्ति कार्यालय में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगे। विश्रामपुर के उम्मीदवार अपर समाहर्ता कार्यालय में नामांकन करेंगे। डालटनगंज के प्रत्याशी सदर अनुमंडल कार्यालय में सदर अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल करेंगे। छतरपुर के लिए छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया चलेगी। हुसैनाबाद के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया जाएगा।

## नामांकन के दौरान समाहरणालय परिसर में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग की गई



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसके लिए स्थानीय प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। शुक्रवार को नामांकन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया, लेकिन नामांकन पत्र खरीदने के लिए चहल-पहल बनी रही। समाहरणालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है। नामांकन के दौरान परिसर में अनाधिकृत वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों को केवल तीन गाड़ियों के प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा, नाम निर्देशन कक्ष में उम्मीदवार के साथ केवल पांच व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी, और 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहता है, तो वह 30 अक्टूबर तक ऐसा कर सकता है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का अभियान तेज

**- नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने दी जानकारी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सामग्री कोषांग के नोडल प्रभारी और नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन ने शुक्रवार को निगम कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की तैयारी और संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पलामू में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेजी से चल रही हैं और अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन ने एक्शन प्लान तैयार किया है।

**स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष पहल :** प्रशासन द्वारा सभी आयु वर्ग के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। रविवार को सतबरवा प्रखंड के मलय डैम में वोटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अन्य क्षेत्रों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए विशेष प्रयास :** जिला प्रशासन ने 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं और आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं को क्षेत्र भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही युवाओं को व्यक्तिगत रूप से मोटिवेट करने के लिए पोस्टकार्ड भी भेजे जाएंगे।

### कम मतदान वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान

जावेद हुसैन ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित कर उन क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दीपावली और छठ पूजा के दौरान बाहर से आने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में मोटिवेशन सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे। प्रशासन का उद्देश्य है कि 13 नवंबर को पलामू के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अधिकतम मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस का नामांकन संपन्न, मतदान के लिए तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय रेल में यूनियन को मान्यता हेतु आगामी 4, 5 एवं 6 दिसंबर को होने वाले मतदान के लिए आज ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस का नामांकन हाजीपुर मुख्यालय में संपन्न हुआ। यह जानकारी एसोसिएशन के संजय पासवान ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक नामांकन में भाग लिया और जीत का संकल्प लिया। पूर्व केंद्रीय पदाधिकारी संतोष तिवारी ने आज ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस का दामन थाम लिया, अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ यूनियन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा, 'आज के नामांकन को सफल बनाने के लिए आपका उत्साह, सक्रिय भागीदारी और समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। साथी संगठन के पास कोई वैधानिक शक्ति नहीं है, संगठन की शक्ति उतनी ही है जितनी आप उसे प्रदान करते हैं।'

नेताओं ने कहा, 'वर्तमान परिवेश में हमारी समस्याओं के समाधान के लिए ईसीआरएमसी के अतिरिक्त हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं और आह्वान करता हूं कि आप आगे बढ़कर संगठन का सहयोग करें।'

उन्होंने कहा, 'हजार बर्फ गिरे, लाख आँधियाँ उठें, वो फूल खिल के रहेंगे जो खिलने वाले हैं।'

इस नामांकन के शुभ अवसर पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के केंद्रीय संयुक्त महासचिव बालमुकुंद पांडे, डालटनगंज शाखा के सचिव संजय पासवान, और बरवाडीह शाखा के सचिव अजय कुमार यादव के नेतृत्व में डालटनगंज,गढ़वा, और बरवाडीह के मेंस कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस महापर्व में शामिल होने के लिए हजारों रेल कर्मियों ने छुट्टी लेकर अपनी भागीदारी दर्ज कराई, जिनमें शंकर चंद्रवंशी, रवि कुमार, बैकुंठ यादव, धर्मेंद्र कुमार, मनीकांत तिवारी, सुशील कुमार पासवान, दिलीप पासवान, अभय कुमार, जय प्रकाश, लालबाबू रजक, भी.पी. सिंह, मनीष कुमार शामिल थे। सभी ने इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### तीन उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल में 81 विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शुक्रवार को तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे, जिनमें पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही और राहुल कुमार शामिल हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर पिपरी खुर्द ग्राम के समीप शुक्रवार को दो मोटरसाइकल के टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों दोनों घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना में घायल होने वालो में विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पिपरी कला ग्राम निवासी कन्हाई चंद्रवंशी के 19 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार चंद्रवंशी तथा सारो गांव निवासी महेंद्र बियार का पुत्र रामसुग बियार का नाम शामिल है। घायल रामसुग बियार का स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल रंजीत अपने घर से विशुनपुरा जा रहा था वहीं रामसुग बियार विशुनपुरा से अपना घर लौट रहा था। पिपरी खुर्द ग्राम के समीप दोनों मोटरसाइकल आमने सामने टक्कर हो गया जिसमें दोनों घायल हो गया।

# भाजपा पंचायत अध्यक्ष अपने समर्थकों के साथ झामुमो में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनिया।** प्रखंड के हेताडकला पंचायत के भाजपा पंचायत अध्यक्ष शानदेव सिंह ने अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। उन्हें मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पार्टी का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने शानदेव सिंह व उनके साथ आए सभी कार्यकताओं को मुंह मीठा कर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि 5 वर्षों में किए गए विकास कार्यों को देखकर लगातार भाजपा पार्टी सहित अन्य दलों को छोड़ हजारों की संख्या में लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थम रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बढ़ते जनाधार को देखते हुए विपक्षी पार्टियां चारों खाने चित हो गई है। उनके पास चुनाव लड़ने के लिए अब कोई भी मुद्दा नहीं है। यही कारण है कि अपने विधानसभा क्षेत्र में हर तरफ सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था की है। हमारे द्वारा की गई विकास समाज के अंतिम लोगों तक पहुंची है, जिससे प्रभावित होकर आज भाजपा के पंचायत अध्यक्ष शानदेव सिंह अपने समर्थकों के साथ भाजपा को छोड़ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। मौके पर अरविंद यादव, मोहम्मद फारूक, नासिर मंसूरी, रामनाथ तुरी दादून सिंह, संजय सिंह, भोला यादव राजेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अबुआ और पीएम आवास योजना की धीमी प्रगति से जनता में असंतोष, भ्रष्टाचार के आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** खरौंधी प्रखंड में अबुआ आवास योजना केवल एक दिखावा बनकर रह गई है। जहां कई लाभुक अब भी दूसरी किस्त की राशि के इंतजार में हैं, वहीं कुछ को पहली किस्त भी नहीं मिल पाई है। जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित 1842 लक्ष्यों के मुकाबले अब तक केवल 150 लाभुकों को ही पहली किस्त की राशि मिल सकी है। इसी तरह, प्रधानमंत्री आवास योजना में भी हालात गंभीर हैं। 668 लाभुकों को आवास मिलना था, लेकिन अब तक केवल 15 लाभुकों को पहली किस्त की राशि दी गई है। इस कारण जनता में गहरा असंतोष व्याप्त है, और सरकार की नीतियों और स्थानीय प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। स्थिति कई पंचायतों में और भी खराब है, जिनमें चंदनी, कूपा, अरंगी, राजी, करीवाडीह और सिसरी शामिल हैं, जहां किसी भी लाभुक को आवास की पहली किस्त की राशि अब तक नहीं मिली है। इन पंचायतों के मुखियाओं ने आरोप लगाए हैं कि जियो टैगिंग के दौरान कर्मचारियों द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है, कूपा पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार राम ने बताया कि बीडीओ और कॉर्डिनेटर के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही थी। इन देरी और भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण लाभुकों में भारी निराशा और आक्रोश है। चुनाव से पहले आवास की पहली किस्त न मिलने से जनता में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि फिलहाल आचार संहिता लागू है, लेकिन चुनाव के बाद आवास योजना की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और इसमें तेजी लाई जाएगी।

## शोभायात्रा

### राजा पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में सात दिवसीय रुद्र चंडी महायज्ञ की हुई शुरूआत

# रुद्र चंडी महायज्ञ से आसुरी शक्तियों का नाश होता है: सत्येंद्रानंद महाराज



**☐ गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर परिसर में सर्वजन कल्याण के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय रुद्र चंडी महायज्ञ की शुरूआत गुरुवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। गाजे-बाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया और फिर यज्ञ स्थल पर कलश स्थापना के साथ संपन्न हुई। महायज्ञ की तैयारियां लंबे समय से चल रही थीं,

### शोभायात्रा का भक्तिमय वातावरण

शोभायात्रा में शामिल भक्त भक्ति गीतों पर झूमते हुए राजा पहाड़ी शिव मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मोड़ तक पहुंचे, जहां से यात्रा यज्ञ स्थल पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वामी सत्येंद्रानंद जी महाराज ने महायज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि रुद्र चंडी महायज्ञ लोक कल्याण के लिए आयोजित किया जा रहा है। इससे आसुरी शक्तियों का नाश होता है और समाज के हर वर्ग को इसमें भागीदारी करनी चाहिए। शोभायात्रा और महायज्ञ में पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, कमेटी के संरक्षक डॉ. संतोष कुमार, अध्यक्ष सौरभ पांडेय, उपाध्यक्ष गोपाल पाठक, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, सचिव नंदलाल प्रसाद, उपसचिव शिवम कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आचार संहिता उल्लंघन मामलाः भानू समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**धुरकी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर के विधायक भानू प्रताप शाही तथा अन्य पांच के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के लेकर धुरकी थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। डंडई के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह उड़न दस्ता दंडाधिकारी देवलाल करमाली के आवेदन पर हुआ प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक भानू प्रताप शाही अपने सहयोगियों तथा पार्टी कार्यकताओं के साथ अंबा कोरिया पंचायत में आशीर्वाद यात्रा तथा नुक्कड़ सभा में हिस्सा लिए थे। ऐसा आरोप है प्राथमिकी में विधायक के साथ अंबा कोरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरी लाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, राम प्रवेश गुप्ता सहित डेढ़ से 200 लोग अज्ञात के नाम शामिल है। प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता 223 189 2,171 बीएनएस 127 एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

### राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के झारखंड युवा प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी व जिला अध्यक्ष आफताब आलम बने



**मेराल।** गढ़वा राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के केंद्रीय युवा अध्यक्ष सह राष्ट्रीय संस्थापक आफताब तालिब ने गुरुवार को चिट्ठी जारी कर झारखंड के युवा प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष आफताब आलम को बनाए जाने पर गढ़वा जिला वासियों ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में हिदायतुल्लाह अंसारी, मुबारक अंसारी, तैयब अंसारी, शोएब अंसारी, अल्ताफ अंसारी, दस्तगीर अंसारी, सद्दाम हुसैन, शमीम अंसारी, महफूज अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मतलूब अंसारी, जमील अंसारी आदि सहित कई लोगों ने बधाई दिया है। मालूम हो कि इसके पहले फिरोज अंसारी राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के गढ़वा जिला के अध्यक्ष पद पर कार्यरत थे, जबकि आफताब आलम सचिव थे। संगठन के संस्थापक आफताब तालिब ने गढ़वा जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी के मेहनत और लगन को देखते हुए झारखंड का युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला सचिव आफताब आलम को गढ़वा जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों पर विश्वास जताते हुए कहा है कि फिरोज अंसारी पूर्व की तरह आगे भी पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार करके बिरादरी को एकजुटता और जागरूक करने का काम करेंगे। साथ ही आफताब आलम गढ़वा जिला अध्यक्ष पद संभालते हुए जिले में संगठन के लिए बेहतर कार्य करेंगे।

### 6 क्विंटल जावा महुआ नष्ट किया



**धुरकी।** थाना क्षेत्र के शिवरी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर धुरकी पुलिस ने छापेमारी कर 6 क्विंटल जावा महुआ को जब्त कर नष्ट कर अवैध शराब के उपकरण सहित भट्ठी को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शिवरी गांव में अवैध शराब बना कर अवैध तरीके से बिक्री किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन पर छापेमारी के बाद गांव में छापेमारी करने गई पुलिस टीम को देख कर शराब के धंधे में शामिल भोला भुइयां पिता बनवारी भुइयां भागने में सफल रहा। पुलिस ने 30 लीटर शराब भी बरामद करने के साथ शराब बनाने का उपकरण के साथ 200 लीटर का ड्रम डेकची सहित अन्य सामान शामिल जब्त कर लिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में शराब के अवैध धंधे में संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी टीम में एसआई संजय कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार तथा पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### पुलिस ने शराब भट्ठी ध्वस्त किया संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

केतार। विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर केतार थाना की पुलिस ने परती-कुशवानी गांव में छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने शराब भट्ठी से लगभग 200 किलो ग्राम जावा महुआ और शराब बनाने वाले उपकरण को बरामद कर नष्ट कर दिया। वहीं लगभग 35 लीटर अवैध देशी महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस की आने की भनक लगते ही शराब भट्ठी संचालक और सहयोगी भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया की गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब भट्ठी संचालक परती कुशवानी गांव निवासी शिवरतन चौधरी पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## पेज एक का शेष

### पहले दिन 3 प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे...

इसमें सर्वाधिक 26.51 लाख की जब्ती पलामू जिले से हुई है जबकि रांची और चतरा जिलों से 15 लाख रुपये से अधिक के अवैध सामान और नकदी की जब्ती हुई है। दस लाख रुपये से अधिक की जब्ती वाले जिलों में सरायकेला खारसावां और हजारीबाग शामिल हैं। डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि सवा करोड़ की जब्ती में सर्वाधिक 64.12 लाख की जब्ती झारखंड पुलिस ने की है। इसके बाद 28.28 लाख वाणिज्य कर विभाग और 24.03 लाख की जब्ती आबकारी विभाग ने की है।

### उम्मीदवारों को क्या करना है...

सुविधा ऐप के जरिए भी इच्छुक उम्मीदवार इस बार नामांकन पत्र ऑनलाइन भर सकेंगे।

नामांकन फार्म भरते समय उम्मीदवार को अपनी तीन लेटेस्ट पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी, चुनाव के लिए खुलवाये गये नये बैंक अकाउंट की कॉपी और एक एफिडेविट देना होगा, जिसे फॉर्म 26 कहा जाता है। इस शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपनी चल-अचल संपत्ति, ऋण, देनदारी, आपराधिक रिकॉर्ड का पूरा विवरण देना है।

### सारंडा में आईईडी ब्लास्ट में...

जानकारी के अनुसार मृतक सुनील सुरीन अपने साथियों के साथ बीते गुरुवार की शाम सारंडा के समता और बालिबा के बीच रास्ते में जंगल में सियाली पत्ता तोड़ने और मवेशी चराने गया था। इसी दौरान वह नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गया। वहीं शुक्रवार को भी टोंटो थाना क्षेत्र में एक आईआईडी बरामद किया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# अब रोमन न्याय की देवी नहीं, आंख पर बिना पट्टी व बिना तलवार वाली देवी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश के आदेश पर सर्वोच्च न्यायालय में लगी न्याय की देवी की मूर्ति को बदल दिया गया। एक नई मूर्ति स्थापित कर दी गई। पहले की व अब नई मूर्ति में अंतर यह है कि पहले की मूर्ति में आंखों पर काली पट्टी बंधी थी, अब जो मूर्ति स्थापित की गई है, उसकी आंखों में काली पट्टी नहीं बंधी है। साथ ही उनके हाथ में तलवार की जगह भारतीय संविधान की पुस्तक पकड़ाई गई है। सुप्रीम कोर्ट में स्थापित इस नई मूर्ति को दिल्ली में नौकरी कर रहे ,मथुरा जिले के नंदगांव के रहने वाले प्रो विनोद गोस्वामी व उनकी टीम ने तराशा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर उन्होंने व उनकी टीम ने यह मूर्ति तराशी है। मूर्ति में न्याय की देवी को साड़ी पहनाई गई है। उनकी आंखों से काली पट्टी भी हटा दी गई है।साथ ही उनके हाथ में तलवार की जगह भारतीय संविधान की पुस्तक पकड़ाई गई है। विनोद गोस्वामी और उनकी टीम ने इसे अप्रैल 2023 में तैयार कर लिया था। लेकिन अब क्यों लगाई गई , इसके बारे में कुछ नहीं बताया। यह मूर्ति फाइबर ग्लास युक्त है। इसका वजन लगभग 100 किग्रा है। देखने में यह सफेद संगमरमर से बनी मूर्ति लगती है।

प्रो. विनोद गोस्वामी फिलहाल नई दिल्ली के कॉलेज ऑफ आर्ट में कार्यरत हैं। इनके कार्यों का संग्रह दिल्ली मेट्रो, हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड, हिंदुस्तान शिव पार्क लिमिटेड, गोवर्धन बस स्टैंड आदि स्थलों में देखा जा सकता है। बीते 30 वर्ष में इनको कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं। विनोद का कहना है कि इस ऐतिहासिक प्रतिमा को बनाने के लिए लगभग छह माह में कई रेखांकन किए गए। इसके बाद जो मूर्ति स्थापित की गई है, इसे फाइनल किया गया। इस मूर्ति को बनाने की प्रेरणा उन्हें शनिदेव की मां 'छाया' से मिली थी। क्योंकि, शनिदेव न्याय के देवता हैं। उनकी मां छाया उनकी गुरु रही हैं। बताया कि इस ऐतिहासिक कार्य को करना वह अपना सौभाग्य मानते हैं। विनोद ने इसके लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश का बहुत आभार जताया। इस मूर्ति की खबर व तस्वीर देखने के बाद बहुत से लोग कहने लगे हैं कि अब न्याय की देवी की आँख से काली पट्टी उतर गई है और वह देख रही हैं। देखिए अब न्याय की देवी ईडी, चुनाव आयोग , सीबीआई आदि के दुरुपयोग के मामले में चल रहे या लंबित तमाम मामलों पर खुली आँखों से क्या फैसला करती हैं?

## शनिदेव की मां 'छाया' से प्रेरणा ले बनाई गई है यह मूर्ति

### न्याय की देवी का इतिहास

न्याय की देवी अलग-अलग सभ्यताओं में अलग-अलग रूपों में दिखाई गई है। पहली मूर्ति मिस्र में पाई जाने की बात कही जाती है। यह देवी माट की थी। माट सत्य, व्यवस्था, व संतुलन का प्रतीक थीं। उन्हें एक पंख पकड़े हुए दिखाया जाता था, जिसका उपयोग मृत्यु के बाद आत्मा के न्याय के लिए किया जाता था। ग्रीक व रोमन सभ्यताओं ने बाद में अपनी खुद की न्याय की मूर्ति बनाई। ग्रीक देवी थेमिस कानून व व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करती थीं, जबकि उनकी बेटी डाइक न्याय व नैतिक व्यवस्था का प्रतीक थीं।थेमिस, को तराजू पकड़े हुए दिखाया गया था. इन्हें ही न्याय की देवी का शुरूआती रूप माना जाता है। रोमन पौराणिक कथाओं में, थेमिस को जस्टिटिया के साथ जोड़ा गया था, जो न्याय की देवी थीं। जस्टिटिया की छवि आज की न्याय व्यवस्था को दिखाने के लिए रखी जाती है। पारंपरिक रूप से न्याय की देवी की मूर्ति में तीन चीजें शामिल होते हैं- आँखों पर पट्टी, तराजू, तलवार।



### मतलब क्या हैं?

**आंखों पर पट्टी :** यह पहली बार 16वीं शताब्दी में न्याय की मूर्तियों पर दिखाई दी, जो निष्पक्षता का प्रतीक था। इसका मतलब यह है कि कानून को सभी के साथ समान व्यवहार करना चाहिए, चाहे उनकी संपत्ति, शक्ति, सामाजिक स्थिति, या दूसरे बाहरी प्रभाव कुछ भी हो। यह दिखाता है कि न्याय निष्पक्ष व निष्कपट है।

**तराजू :** तराजू साक्ष्य व तर्कों के तौलने का प्रतीक है। यह दिखाता है कि कानून को किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले सभी पक्षों पर विचार करना चाहिए। यह निष्पक्षता का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें न्याय साक्ष्य के आधार पर दिया जाता है।

**तलवार :** पारंपरिक रूप से तलवार कानून की ताकत और उसके निर्णयों को लागू करने की शक्ति का प्रतीक है। यह अक्सर बिना म्यान के चित्रित की जाती है, जो यह दशार्ती है कि न्याय पारदर्शी, जल्द, और निर्दोष की रक्षा करने या दोषी को दंडित करने में सक्षम है।

## विभिन्न देशों के न्यायालयों में हैं अलग तरह की मूर्तियां


कुछ देशों में न्याय की मूर्ति की आंखों पर पट्टी बंधी है तो कुछ में नहीं। जैसे अमेरिका में न्याय की देवी की मूर्ति पर आमतौर पर पट्टी बंधी होती है। जर्मनी में, फ्रैंकफर्ट के रोमर में स्थित न्याय की देवी की मूर्ति बिना पट्टी के दिखाई जाती है। भारत में न्याय की मूर्ति का विचार ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से आया है। भारत में ब्रिटिश शैली की अदालतें हैं और कानूनी संस्थान भी ऐसे ही हैं। तभी से न्याय की देवी की मूर्ति भी उपयोग की जा रही है। कहा जाता है कि भारत में जो न्याय की देवी की मूर्ति है वो रोमन पौराणिक कथाओं वाली जस्टिटिया हैं। भारत में, यह प्रतिमा अक्सर अदालत, लॉ कॉलेज व दूसरे कानूनी संस्थानों के बाहर देखी जाती है। कहा जाता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ सुप्रीम कोर्ट में लगी न्याय की देवी की मूर्ति बदलने का निर्णय भारत में कानूनी प्रतीकों को आधुनिक बनाने और औपनिवेशिक युग की छाप को हटाने के लिए लिया है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने जोर दिया है कि भारतीय न्यायपालिका को ब्रिटिश विरासत से आगे बढ़कर न्याय का एक नया रुख अपनाना चाहिए। कहा जाता है कि यह मूर्ति कुछ माह पहले ही बन गई थी। लेकिन अब लगाई गई है। देखिए अब आँख खुल जाने के बाद न्याय की देवी - भ्रष्टाचार , अपराध के तमाम चल रहे मामलों में कैसा निर्णय देने की प्रेरणा देती हैं? अब किस तरह के फैसले आते हैं?

### डेयर टू ड्रीम 5.0 लॉन्च

# निजी उद्योग रक्षा क्षेत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व करें : राजनाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निजी उद्योग से रक्षा क्षेत्र में भागीदारी से आगे बढ़कर नेतृत्व करने का आह्वान किया है। उन्होंने भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी का केंद्र तथा दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक बनाने के लिए सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र को और अधिक नवोन्मेषी तथा प्रौद्योगिकी-उन्मुख बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर परिवर्तनकारी विचारों के साथ अगली पीढ़ी के स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए डेयर टू ड्रीम 5.0 लॉन्च किया। वह शुक्रवार को नई दिल्ली के डीआरडीओ भवन में एक वर्कशॉप के दौरान वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, स्टार्टअप्स के युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि निजी क्षेत्र आगे आए, क्योंकि इसमें तेजी से हो रहे बदलावों को आत्मसात करने और नए नवाचार करने की क्षमता है।



# हमास के आतंकवादी नेता सिनवार की मौत : नेतन्याहू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को हमास के आतंकवादी नेता याह्या सिनवार के मारे जाने का दावा किया। उन्होंने सिनवार को 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमास के हमले का मुख्य साजिशकर्ता बताया। नेतन्याहू ने इसे यहूदियों पर सबसे भयानक हमला करार दिया, जो होलोकॉस्ट (यहूदी नरसंहार) के बाद से सबसे अधिक खतरनाक था। इस हमले में आतंकवादियों ने 1200 लोगों की निर्दयता से हत्या की, जिनमें बुजुर्ग, होलोकॉस्ट के जीवित बचे लोग और बच्चे शामिल थे। महिलाओं के साथ बर्बरता की गई, पुरुषों की गर्दन काटी गई और बच्चों को जिंदा जलाने की क्रूरता की गई। इसके अलावा, 251 महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को गाजा के अंधेरे स्थानों में बंधक बना लिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दुष्टता का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार नहीं रहा। उसे इजरायल रक्षाबलों के बहादुर सैनिकों ने रफाह में मार डाला। उन्होंने कहा कि यह गाजा में युद्ध का अंत नहीं है, लेकिन यह अंत का आरंभ जरूर है। नेतन्याहू ने आगे कहा कि यह युद्ध कल समाप्त हो सकता है। लेकिन यह तब संभव होगा जब हमास अपने हथियार डाल दे और हमारे बंधकों को लौटा दे। उन्होंने कहा कि हमास गाजा में 101 बंधकों को पकड़े हुए है, जो 23 देशों के नागरिक हैं, जिनमें इजरायल के नागरिक भी शामिल हैं।



## इजरायल को नहीं था पता 'दुश्मन नंबर वन' को मारा

**नई दिल्ली** ।इजरायल ने हमास लीडर याह्या सिनवार को बुधवार को मार गिराया। उसे पिछले एक साल से सिनवार की तलाश थी। इस ऑपरेशन से जुड़ी जो जानकारियां अब सामने आ रही हैं उसके मुताबिक इजरायली का सैनिकों को यह पता भी नहीं था कि उन्होंने यहूदी राष्ट्र के 'दुश्मन नंबर वन' को मार गिराया। इजरायल ने गुरुवार रात याह्या सिनवार की मौत की आधिकारिक रूप से घोषणा की।

**तीन आतंकियों पर की गई गोलीबारी :** सेना ने बताया कि तीन आतंकवादियों को देखा गया, उन पर गोली चलाई गई और वे घायल हो गए। दो आतंकी एक इमारत में घुस गए और तीसरा, जो सिनवार निकला, दूसरी इमारत में घुस गया। आईडीएफ टैंकों और अन्य बलों ने दोनों इमारतों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सिनवार दूसरी मंजिल पर चला गया। टैंक ने इमारत पर एक और गोला दागा, और एक पैदल सेना की टुकड़ी तलाशी के लिए आगे बढ़ी।

## एजुकेशन/करियर

# मरीन इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना करियर

एक मरीन इंजीनियर एक प्रकार का मैकेनिकल इंजीनियर होता है, जो जहाजों, नावों, पनडुब्बियों और अन्य जलयानों को डिजाइन करता है। वे समुद्री यात्रा और अन्य समुद्री गतिविधियों से संबंधित अन्य संरचनाएं, मशीनें और तकनीकी उपकरण भी बनाते हैं। मरीन इंजीनियर फ्लूइड मैकेनिक्स, हाइड्रोलिक्स और अन्य कॉन्सेप्ट्स की अपनी जटिल समझ के जरिए इच्छित उद्देश्यों के आधार पर टिकाऊ जल जहाजों की डिजाइनिंग और निर्माण का कार्य करते हैं। वे एक जहाज को उसके डेस्टीनेशन तक सफलतापूर्वक गाइड करने और पानी में बाधाओं को दूर करने के लिए विद्युत, स्टीयरिंग, जलवायु नियंत्रण, रडार और इंजन सिस्टम को मिलाते हैं। रीन इंजीनियर यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं कि अन्य समुद्री और नौसैनिक प्रोफेशनल्स अपने कार्यों को सुरक्षित रूप से पूरा कर सकें, चाहे वे बड़े जहाजों या फिर डॉक पर काम करें। वे उन सभी कारकों का आकलन करते हैं जो जलीय पर्यावरण को प्रभावित करते हैं और पानी में और उसके आसपास संचालन के लिए समाधान विकसित करते हैं। मरीन इंजीनियर जो मशीनें बनाते हैं, वे यात्रा, समुद्र संरक्षण, संसाधन जुटाने और यहां तक कि सैन्य खुफिया अभियानों (military intelligence missions) में भी उपयोग में लाए जाते हैं।



### मरीन इंजीनियर के कार्य

- एक नए जहाज के फिजिकल एस्पेक्ट और इंटरनल लेआउट को चित्रित करना।
- ऑपरेशनल गोल्स को प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरणों और सप्लीमेंट मशीनों के प्रकार का निर्धारण करना।
- जहाज के डिजाइन लीगल रेगुलेशन का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एनवायरमेंटल इंपैक्ट असेसमेंट की योजना बनाना।
- समुद्री यात्रा की अवधि के लिए पर्याप्त ऊर्जा या ईंधन के साथ जहाज की आपूर्ति करने की योजना बनाना।
- नियंत्रित वातावरण में वाटर पॉट कंपोनेंट्स की टेस्टिंग करना और एडजस्टमेंट करना।
- समुद्री उपकरणों के निर्माण के लिए उपयुक्त सामग्री और निर्माण तकनीकों का चयन करना।
- एमरजेंसी रिपेयर ट्रबलशूटिंग के लिए इंस्टालेशन इंस्ट्रक्शन और टेक्निकल मैनुअल लिखना।
- एक प्रारंभिक प्रोजेक्ट और किसी भी चल रहे रखरखाव की लागत का अनुमान लगाना।
- जहाज के सभी हिस्सों में स्टेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदारों को सुपरवाइज करना।
- जहाज की गति, उछाल और अन्य प्रमुख मेट्रिक्स पर डेटा एकत्र करना और उसकी एनालिसिस करना।
- निर्माण प्रक्रिया में प्रत्येक चरण को पूरा करने के लिए एक प्रोग्राम तैयार करना और समय सीमा को पूरा करने के लिए संचालन की निगरानी करना।

### मरीन इंजीनियर बनने के लिए आवश्यक कौशल

**रचनात्मकता:** मरीन इंजीनियर स्पेसिफिक ऑपरेटिंग आवश्यकताओं को पूरा करने वाले कार्यात्मक जहाज डिजाइन और उपकरण विकसित करने के लिए रचनात्मकता का उपयोग करते हैं। अतः मरीन इंजीनियर बनने के इच्छुक छात्रों को क्रिएटिव अर्थात् रचनात्मक होने की आवश्यकता होती है।

**प्रॉब्लम सॉल्विंग:** टेस्टिंग और ट्रबलशूटिंग एक मरीन इंजीनियर की नौकरी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके लिए उन्हें उन्नत प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स की आवश्यकता होती है।

गणितीय क्षमताः गणितीय समीकरणों को जल्दी से हल करने और एक डिजाइन के लिए सही अनुपात निर्धारित करने में सक्षम होने से मरीन इंजीनियरों को संरचनात्मक रूप से जहाजों को विकसित करने में मदद मिलती है।

**संगठन:** एक प्रोजेक्ट के दौरान, मरीन इंजीनियरों को पूरी तरह से काम करने वाले जहाज के विकास में शामिल प्रत्येक घटक और पहलू को व्यवस्थित और समन्वयित करना होता है।

**संचार:** मरीन इंजीनियर अन्य इंजीनियरों, डिजाइनरों, निर्माण पेशेवरों और ग्राहकों के साथ मिलकर काम करते हैं। इसके लिए उन्हें उत्कृष्ट कम्युनिकेटर होने की आवश्यकता है।

### भारत के टॉप विश्वविद्यालय

- आंध्र यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशाखापत्तनम
- एनआईटी सुरथकल - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक
- इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, कोलकाता
- सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
- वेल्स विश्वविद्यालय - वेल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज
- श्रीनिवास इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैंगलोर
- मरीन इंजीनियरिंग और रिसर्च इंस्टिट्यूट, कोलकाता
- शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुरी
- इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- पार्क कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- समुंद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ मैरीटाइम स्टडीज, पुणे
- जीकेएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई

### मरीन इंजीनियर बनने के लिए शारीरिक योग्यता

**आयु**
- आवेदन करता की आयु न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए और अधिकतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए।
- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आयु सीमा में 5 साल की छूट प्राप्त है

**पुरुष**
- उम्मीदवार की लम्बाई 150 सेमी होनी चाहिए।
- आंखों में किसी प्रकार का रोग नहीं होना चाहिए और न ही कलर ब्लाइंडनेस होना चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों की दृष्टि 6/6 और 6/9 होनी चाहिए।

**महिला**
- उम्मीदवार की लम्बाई 150 सेमी होनी चाहिए।
- आंखों में किसी प्रकार का रोग नहीं होना चाहिए और न ही कलर ब्लाइंडनेस होना चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों की दृष्टि 6/6 और 6/9 होनी चाहिए।